प्रकाशन का सफलतम 17 वां वर्ष

सुविचार

जो दान बिना सत्कार के
कुपात्र को दिया जाता है
वह तमस दान कहलाता है!!

श्रीमद् भगवद् गीता

www.purvanchalsurya.com

पूर्वांचल सूर्य

आवाज आज की, नज़र कल पर

रांची ➤दिल्ली➤देवघर से प्रकाशित

RNI No.- JHAHIN/2007/24306

वर्ष - 17 | अंक 213 | दैनिक | रांची | शनिवार 16 मार्च 2024 | पृष्ठ - 12 | मूल्य : ₹ 4.00

झारखण्ड सरकार
GOVERNMENT OF JHARKHAND

कोल्हान विश्वविद्यालय, चाईबासा अंतर्गत
पश्चिमी सिंहभूम जिला के हाटगम्हरिया एवं बंदगांव में
डिग्री महाविद्यालय
तथा अन्य योजनाओं का
शिलान्यास, उद्घाटन एवं परिसंपत्ति वितरण समारोह

दिनांक : 16 मार्च 2024
समय : पूर्वाह्न 10:00 बजे
स्थान : टाटा कॉलेज ग्राउंड, चाईबासा

मुख्य अतिथि

श्री चम्पाई सोरेन
माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड

विशिष्ट अतिथि

श्री अर्जुन मुंडा
माननीय मंत्री, जनजातीय कार्य एवं कृषि
और किसान कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार

श्री आलमगीर आलम
माननीय मंत्री, संसदीय कार्य, ग्रामीण विकास,
ग्रामीण कार्य, एवं पंचायती राज विभाग, झारखण्ड

श्री सत्यानंद भोक्ता
माननीय मंत्री, श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण
एवं कौशल विकास तथा उद्योग विभाग, झारखण्ड

श्री दीपक बिरुवा
माननीय मंत्री, अनुसूचित जाति,
अनुसूचित जनजाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण
और परिवहन विभाग, झारखण्ड

श्रीमती गीता कोड़ा
माननीय सांसद, सिंहभूम लोकसभा

गरिमामयी उपस्थिति

श्रीमती जोबा माझी
माननीय विधायक, मनोहरपुर

श्री निरल पुरती
माननीय विधायक, मझगांव

श्री दशरथ गागराई
माननीय विधायक, खरसावां

श्री सुखराम उरांव
माननीय विधायक, चक्रधरपुर

श्री सोनाराम सिंकु
माननीय विधायक, जगन्नाथपुर

सुश्री लक्ष्मी सुरेन
माननीय जिला परिषद अध्यक्षा चाईबासा



सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, झारखण्ड सरकार

PR - 322939 (IPRD) 2023-24

सलूजा गोल्ड स्कूल में आईआईटी आईएसएम के शिक्षक द्वारा कैरियर काउंसलिंग

पूसू प्रतिनिधि गिरिडीह। गिरिडीह के सलूजा गोल्ड इंटरनेशनल स्कूल में शुक्रवार को कैरियर कांउसलिंग में अलग-अलग स्कूलों के कई छात्रों ने भाग लिया। कैरियर कांउसलिंग में शामिल छात्रों के बीच धनबाद आईएसएम-आईआईटी के गणित शिक्षक संजीव आनंद साहु ने सफलता के कई टिप्स दिए। कांउसलिंग में छात्रों के साथ उनके अभिभावक भी शामिल हुए। इस दौरान गणित शिक्षक संजीव आनंद साहु ने बताया कि चुनौतियों से सामना कर ही सफलता हासिल किया जा सकता है।

गणित शिक्षक संजीव आंनद ने छात्रों और अभिभावकों के बीच कहा कि बगैर मेहनत के उस मुकाम को हासिल नहीं किया सकता, जिसके लिए छात्रों को कठिन अध्ययन से गुजरना पड़ रहा है। इधर कैरियर कांउसलिंग की शुरुआत स्कूल के निदेशक जोरावर सिंह सलूजा, रमणप्रीत सलूजा, प्राचार्य नीता दास, उप प्राचार्य सुरज लाला समेत अन्य शिक्षकों ने दीप जलाकर किया। इस दौरान कांउसलिंग में छात्रों के बीच कई शिक्षकों ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

सीएमपीडीआई में मनाया गया विश्व महिला दिवस

वरीय संवाददाता रांची। सीएमपीडीआई (मुख्यालय), रांची में विविधता, सशक्तिकरण और आर्थिक असमानताओं के महत्व को उजागर करने के लिए इस वर्ष की थीम ''महिलाओं में निवेश-प्रगति में तेजी जाएं'' और अभियान थीम ''इंस्पायर इंक्जूजन'' के साथ विश्व महिला दिवस मनाया गया। कस्तूरी महिला सभा की अध्यक्षा रूपाली गुप्ता ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया। मौके पर उन्होंने अपने सम्बोधन में कहा कि यदि मजबूत अर्थव्यवस्था और एक स्वस्थ प्लानेट बनाना चाहते हैं तो लैंगिक समानता और महिला सशक्तिकरण को पहले से अधिक महत्ता प्रदान करना होगा। इस अवसर पर सीएमपीडीआई के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक मनोज कुमार, निदेशक (तकनीकी/पीएंडडी) अजय कुमार, निदेशक (तकनीकी/ईएस) सतीश झा, निदेशक (तकनीकी/आरडीएंडटी) अच्युत घटक, महिला सभा की सदस्य सुषमा भारती, महाप्रबंधक व विभागाध्यक्षगण, अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे।

मुख्य अतिथि डा. साक्षी सिंह प्रख्यात स्त्री रोग विशेषज्ञ ने महिलाओं में आम स्वास्थ्य समस्याओं और महिला के कल्याण के महत्व पर प्रकाश डाला तथा डा रमन बल्लभ-कारपोरेट ट्रेनर ने वित्तीय लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए वित्तीय प्लानिंग और प्रबंधन तथा संसाधनों के प्रभावी उपयोग के बारे में बताया। तत्पश्चात् आंतरिक महिला समूहों द्वारा एक सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया गया।

इस समारोह में सीएमपीडीआई (मुख्यालय), रांची तथा इसके क्षेत्रीय संस्थान-3, रांची के लगभग 170 महिलाओं ने भाग लिया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में डा. शिल्पी स्वरूप-मुख्य चिकित्सा अधिकारी/विप्स समन्वयक, महाप्रबंधक (सीपी) आभा प्रसाद एवं विभागाध्यक्ष (आईएडी) स्वप्नाली बसु की भूमिका अहम रही।उक्त जानकारी धीरज कुमार, मुख्य प्रबंधक (टीएस/माइनिंग) ने दी।

नारी के सम्मान बिना सामाजिक उत्थान संभव नहीं : सुबोधकांत सहाय

● रांची जिला महिला कांग्रेस कमेटी का नारी न्याय सम्मान समारोह आयोजित

वरीय संवाददाता रांची। नारी को समुचित सम्मान दिए बिना सामाजिक उत्थान और राष्ट्र के नवनिर्माण की बातें बेमानी है। उक्त बातें पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय ने रांची जिला महिला कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य पर अनगड़ा प्रखंड अंतर्गत गेतलसूद में आयोजित नारी न्याय सम्मान समारोह में बतौर मुख्य अतिथि कही। उन्होंने कहा कि नारी शक्ति सामाजिक विकास में काफी सहायक है। महिलाएं आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रही हैं। महिला सशक्तिकरण से आर्थिक विकास को बल मिल रहा है। श्री सहाय ने कहा कि महिलाएं आज हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का परचम लहरा रही हैं। समाज में व्याप्त कुरीतियों को दूर करने के लिए व्यापक तौर पर जागरूकता अभियान में महिलाएं शामिल हो रही हैं। इससे सामाजिक न्याय को बल मिल रहा है। उन्होंने कहा कि महिलाओं को स्वावलंबन की ओर अग्रसर होना वर्तमान समय की मांग है। इस दिशा में सरकारी और गैर सरकारी स्तर पर किए जा रहे सामूहिक प्रयास सराहनीय हैं। श्री सहाय ने महिलाओं से आगामी चुनाव में भाजपा को हराने और आईएनडीआईए गठबंधन के प्रत्याशियों को विजयी बनाने की अपील की। इस अवसर पर खिजरी के विधायक राजेश कच्छप, पूर्व जिप अध्यक्ष सुंदरी तिर्की, प्रमुख दीपा उरांव, सरस्वती देवी, मेरी तिर्की, प्रखंड अध्यक्ष अनु बेक व सरिता देवी, अनीता देवी, शांति देवी, मीनू सिंह, शाहनाज, राजेंद्र मुंडा, रीता चौधरी, एतवा उरांव, सचिन नायक, शिवदास गोस्वामी, सविता, ममता, वीणा मुंडा, रेशमी देवी सहित काफी संख्या में महिलाएं उपस्थित थीं।

खलारी के एसीसी सीमेंट फैक्ट्री के सेवानिवृत्त कामगार मिले सुबोधकांत सहाय से

● लीज भूमि पर बने आवासों का स्वामित्व सेवानिवृतकर्मियों को आवंटित करने की लगाई गुहार

वरीय संवाददाता रांची। खलारी स्थित एसीसी सीमेंट फैक्ट्री के सेवानिवृत्तकर्मियोंने लीज भूमि पर बने आवासों का स्वामित्व उसमें रहने वाले सेवानिवृत कामगारों या उनके परिजनों को दिए जाने की मांग करते हुए पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय को गुहार लगाई है। इस संबंध में खलारी सीमेंट फैक्ट्री के सेवानिवृतकर्मियों ने श्री सहाय को एक ज्ञापन देकर मामले में हस्तक्षेप कर उनकी समस्याओं के समाधान की दिशा में यथोचित कदम उठाने का अनुरोध किया है। सेवानिवृतकर्मियों ने कहा है कि एसीसी वर्तमान में अदानी ग्रुप का हिस्सा बन चुका है। इसलिए एसीसी द्वारा द्वितीय और तृतीय लीज नवीकरण के विचाराधीन और लंबित आवेदन को राज्य सरकार द्वारा अस्वीकार किया जाना चाहिए और लीज भूमि पर बने आवासों में रह रहे सेवानिवृत्त कामगारों और अन्य लोगों के नाम स्वामित्व दिलाने के लिए पहल करनी चाहिए।

इस अवसर पर भवतारन कर्मकार, मंगलमय मंडल, मखन राम, एसपी चौरसिया, वीरेंद्र कुमार श्रीवास्तव, एसएन सिंह, इंदिरा देवी, मुन्नी देवी सहित काफी संख्या में खलारी एसीसी सीमेंट के सेवानिवृत्तकर्मी व उनके परिजन मौजूद थे।

रंग रंगीलो श्री श्याम फागण अमृत महोत्सव 17से 21मार्च तक

18 मार्च को निकाली जाएगी भव्य शोभा यात्रा

● श्री श्याम मित्र मंडल का 52वां स्थापना दिवस समारोह कल से

विशेष संवाददाता

रांची। मेरा श्याम रंगीला पलका उघाड़ो फागण आ गयो.... की भजन माला से संपूर्ण भारतवर्ष के खाटू नरेश के श्याम भक्तगण खाटू धाम सहित रांची में भगवा मस्ती में लीन है। श्री श्याम मित्र मंडल का 52 वां स्थापना दिवस रंग रंगीलो श्री श्याम फागण अमृत महोत्सव 2024 पांच दिवसीय महोत्सव 17 से 21 मार्च 2024 तक हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में आयोजित किया जाएगा।

श्री श्याम मित्र मंडल के पहले महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया ने बताया कि बड़े स्तर पर कार्यक्रम की तैयारियां की जा रही है। प्रतिदिन मंदिर स्थित मंडल के कार्यालय में बैठकें हो रही है। महोत्सव के संयोजक गौरव अग्रवाल मोनू, उप संयोजक पंकज गाड़ोदिया एवं आदित्य लोहिया सभी कार्यकर्ताओं के साथ कार्य वितरण कर रहे हैं।

पंच दिवसीय महोत्सव के प्रथम दिवस 17 मार्च रविवार को प्रातः 7-30 बजे से श्री गणेश पूजन, हवन, यज्ञ, ध्वजा स्थापना का धार्मिक अनुष्ठान होगा। तारा देवी कटारुका, राजेश कटारुका एवं प्रकाश कटारुका अनुष्ठान के यजमानश्री रहेंगे।

मंदिर के प्रथम आचार्य रत्नाकर शर्मा प्रथम देव श्री गणेश पूजन अनुष्ठान संपन्न कराएंगे। इस दिन मंदिर में विराजमान सभी देवी देवताओं को नवीन बागा (पोशाक) पहनाकर अनुपम दिव्य श्रृंगार किया जाएगा। पूर्वाह्न 11 बजे से श्री श्याम अखंड ज्योति पाठ नृत्य नाटिका संग का विशेष कार्यक्रम होगा। पाठ करवाने के लिए चुरु (राजस्थान) से मेहुल शर्मा अपने टीम के साथ रांची आ रहे हैं। पाठ के साथ नृत्य नाटिका का मंचन करने के लिए कोलकाता से मंदिरा सिंह डांस ग्रुप भी रांची आ रहा है। श्री श्याम भक्तों में इस पाठ का काफी महत्व

माना जाता है। इस कार्यक्रम की यजमानश्री पुष्पा देवी पोद्दार, स्नेह एवं स्नेहा पोद्दार खाटू नरेश की दिव्य पावन अखंड ज्योति प्रज्ज्वलित करेंगे। इस अवसर पर खाटू नरेश को छप्पन भोग, संपूर्ण सवामनी, महाभोग आदि का प्रसाद भक्तजनों द्वारा चढ़ाया जाएगा।

सोमवार 18 मार्च को विशाल शोभा यात्रा- सोमवार 18 मार्च को मारवाड़ी भवन से भव्य शोभा यात्रा दोपहर एक बजे प्रारंभ होगी जो रातू रोड, महावीर चौक, गांधी चौक, शहीद चौक, कोतवाली रोड, जे जे रोड, कार्ट सराय रोड होते हुए हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर पहुंचेगी। शोभा यात्रा में 1008 भक्तों द्वारा पवित्र पूजित श्याम बाबा के निशान लेकर भजन कीर्तन करते चलेंगे। शोभायात्रा में खाटू नरेश का दिव्य रथ रहेगा, जहां से खाटू नरेश भक्तों को आशीष प्रदान करेंगे। पचासों

स्थानों पर मुख्य रथ की आरती उतारी जाएगी। 10000 पैकेट बुंदिया के प्रसाद मार्ग में वितरित किए जाएंगे। तीन ट्रकों पर संगीत भजन मंडली भजनों से भक्तों को झुमाएगी।

कार्यक्रम के संयोजक गौरव अग्रवाल मोनू ने बताया कि इस वर्ष शोभायात्रा की शोभा बढ़ाने के लिए राजस्थानी ढफ पार्टी के 51 लोग फतेहपुर राजस्थान से रांची आ रहे हैं। ये संपूर्ण शोभा यात्रा में ढफ के साथ भजनों का गायन करके राजस्थानी कला एवं संस्कृति की प्रस्तुति देंगे।

मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी ने सभी निशान कार्डधारियों से निवेदन किया है कि वे सोमवार को दोपहर 12 बजे तक हरमू रोड के मारवाड़ी भवन में पहुंच जाएं।

श्री श्याम मंदिर के सहयोगी अजय कविता जैन के सुपुत्र अभिषेक जैन के जन्मोत्सव पर हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में विशेष प्रसाद एवं केक का प्रसाद भोग अर्पित किया जाएगा।

खाटू धाम से लौटे 108 श्याम भक्तगण - खाटू धाम गए 108 श्याम भक्तों का दल देर रात गए रांची पहुंचा। यात्रा संयोजक एवं मंडल अध्यक्ष सुरेश सरावगी ने बताया कि खाटू मंदिर में श्याम प्रभु को निशान अर्पित कर सभी ने आशीर्वाद लिया। भक्तों का दल सालासर बालाजी एवं राणी सती मंदिर में भी दर्शन वंदन करने गया। खाटू स्थित मंडल के अतिथिशाला में श्री श्याम दरबार सजाया गया। सुमधुर भजन संध्या आयोजित की गई।

दो दिवसीय 'उत्कर्षा' का आयोजन 16 एवं 17 मार्च को

महिला सशक्तीकरण को बढ़ावा देना मुख्य उद्देश्य : मनीषा बियानी

विशेष संवाददाता

रांची। सेंट्रल इंडिया रीजनल कॉउंसिल के अंतर्गत इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आइसीएआई) की रांची शाखा द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में दो दिवसीय समारोह ÷उत्कर्षा÷ का आयोजन 16 एवं 17 मार्च को किया जाएगा।

यह समारोह कोल इंडिया लिमिटेड के दरभंगा हाउस स्थित कॉन्फ्रेंस हॉल में आयोजित होगा।

इस संबंध में गुरुवार को प्रेस वार्ता में कार्यक्रम की जानकारी देते हुए रांची से रीजनल कॉउंसिल मेंबर एवं इस समारोह की चेयरपर्सन सीए मनीषा बियानी ने बताया कि नारी के सम्मान के लिए इस प्रोग्राम का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें न केवल चार्टर्ड एकाउंटेंट्स बल्कि सभी क्षेत्र की महिलाएं सम्मिलित हो सकती हैं। इसके लिए पंजीयन करना आवश्यक है । रांची शाखा की अध्यक्ष एवं कार्यक्रम की संयोजक सी ए श्रद्धा बागला ने बताया कि इस दो दिवसीय आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड हाई कोर्ट की न्यायाधीश अनुभा रावत उपस्थित होंगी। पवन कुमार मिश्रा , डायरेक्टर फाइनेंस , सेंट्रल कोल् फ़ील्ड्स लिमिटेड विशिष्ट अतिथि होंगे। अन्य अतिथियों में अधिवक्ता दर्शना पोद्दार , पर्वतारोही प्रेमलता अग्रवाल , प्रोफेसर शांति श्री धूलिपुड़ी पंडित, कुलपति जेएनयू इति बियानी, मेंबर ऑफ़ असाया, सीए प्रीति सावला, अध्यक्षा वीमेन मेंबर एक्सीलेंस कमिटी, सीए किमिषा सोनी , उपाध्यक्ष वीमेन मेंबर एक्सीलेंस कमिटी,प्रसूति विशेषज्ञ डा.रश्मि सिंह, लाइफ कोच श्रीजा झावर एवं गीतांजलि ग्रुप की डायरेक्टर शालिनी गुप्ता वक्ता के रूप में उपस्थित होंगी। इसके अतिरिक्त 16 मार्च को शाम में फन फिएस्टा का आयोजन किया जायेगा। जिसमे सभी लोग अनेक प्रकार के स्टाल्स, खेल , भोजन इत्यादि का आनंद ले सकेंगे। समाज के विभिन्न क्षेत्रो में अग्रणी वक्ताओं से लोगो को प्रेरणा मिलेगी।

प्रेस वार्ता में रांची शाखा की महिला सदस्यों के साथ शाखा के सचिव सीए हरेंद्र भारती, कोषाध्यक्ष सीए अभिषेक केडिया, कार्यकारिणी सदस्य और पूर्व अध्यक्ष सीए प्रभात कुमार, निवर्तमान अध्यक्ष सीए पंकज मक्कड़, कार्यक्रम की सह-संयोजक सीए कंचन माहेश्वरी एवं सीए रुचिका पोद्दार, सीए हर्षित गोयल उपस्थित थे।

ओटीसी एंटेसिड ब्रांड ईनो ने भारत में ईनो च्यूई बाइट्स किया लॉन्च

वरीय संवाददाता रांची। हेलीऑन (तत्कालीन ग्लैक्सोस्मिथक्लाइन कंज्यूमर हेल्थकेयर) के अग्रणी डाइजेस्टिव ब्रांड, ईनो ने अपनी तरह का पहला चबाने वाला एंटेसिड, 'ईनो च्यूई बाइट्स' पेश किया है, जो दो स्वादिष्ट फ्लेवर, टैंगी लेमन और ज़ेस्टी ऑरेंज में उपलब्ध है।ईनो पाँच दशक से ज्यादा समय से लाखों लोगों का एक भरोसेमंद साथी है, जो एसिडिटी से तुरंत राहत देता है। नए ईनो च्यूई बाइट्स ग्राहकों की मुख्य ज़रूरत को पूरा करते हैं, और सुविधा एवं आसानी से उपलब्ध हैं। अब चाहे एयरपोर्ट हो, स्टेशन हो, रेस्टोरेंट हो या मॉल, किसी भी जगह एसिडिटी महसूस होने पर बस ये नए स्वादिष्ट चबाने वाले बाइट्स चबाएं और ईनो के भरोसे के साथ तेज़ी से एसिडिटी दूर भगाएं।ईनो च्यूई बाइट्स प्राकृतिक तत्वों से बने हैं। इनमें 1000 मिलीग्राम खटिका चूर्ण की शक्ति है, जो 1 मिनट के अंदर एसिडिटी से राहत देती है। ईनो च्यूई बाइट्स पेट के लिए हल्के हैं, और इनका सेवन वयस्क एवं 12 साल से बड़े बच्चे कर सकते हैं। यह तीन आकार के पैक - सिंगल पिलो पाउच, 10 बाइट्स के पैक और 30 बाइट्स के पैक में उपलब्ध है।

ऑनर एक्स9बी ने की 90 फीसदी तक एश्योर्ड बायबैक की घोषणा

रांची। ऑनर ने नए लॉन्च किए गए ऑनर एक्स9बी के साथ ऑनर प्रोटेक्ट प्लान शुरू किया है, जो ऑनसाईटगो द्वारा पॉवर्ड है। यह नया प्लान ग्राहकों को ज्यादा भरोसा और मन का सुकून प्रदान करेगा। 2,999 रुपये का यह प्लान ऑनर एक्स9बी के साथ निशुल्क दिया जा रहा है और इसका उद्देश्य ब्रांड में ग्राहकों का दीर्घकालिक विश्वास स्थापित करना है। इससे अपने उत्पादों की विश्वसनीयता बढ़ाने की कंपनी की प्रतिबद्धता प्रदर्शित होती है।इस प्लान के अंतर्गत स्मार्टफोन खरीदने के छः महीने के अंदर स्क्रीन क्षतिग्रस्त होने पर उसे एक बार निशुल्क रिप्लेस किया जाएगा। इस स्थिति में ग्राहकों से क्लेम प्रोसेसिंग के लिए 749 रुपये का मामूली शुल्क लिया जाएगा। इसके अलावा, यदि ग्राहकों को एक्स9बी खरीदने के बाद यह स्मार्टफोन पसंद नहीं आता है, तो ब्रांड इनवॉईस वैल्यू (जीएसटी को छोड़कर) के 90प्रतिशत तक का 30-डे एश्योर्ड बाय बैक विकल्प प्रदान कर रहा है। हालांकि वापस ली जाने वाली डिवाईस की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए विशेष कटौतियां या एक्सक्लुज़न लागू हो सकते हैं। क्षतिग्रस्त या टूटी बॉडी या स्क्रीन वाले फोन वापस स्वीकार नहीं किए जाएंगे। फोन वापस लिए जाने पर लागू अतिरिक्त कटौतियों में ओरिज़नल एक्सेसरीज़ न होने पर 1500 रुपये की कटौती, बड़े स्क्रैच या डेंट के लिए 20 प्रतिशत, छोटे स्क्रैच या डेंट के लिए 15प्रतिशत, और ओरिज़नल बॉक्स न होने पर 1000 रुपये की कटौती शामिल है।

पंचायत सचिवालय स्वयंसेवक संघ का होली मिलन समारोह आयोजित

जनहित के कार्यों को गति देने में पंचायत सचिवालय सहायकों की भूमिका महत्वपूर्ण: सुबोधकांत सहाय

वरीय संवाददाता

रांची। जनहित के कार्यों को गति देने में पंचायत सचिवालय स्वयंसेवकों/सहायकों की महत्वपूर्ण भूमिका है। जनता की समस्याओं के समाधान के प्रति पंचायत सचिवालय सहायक हमेशा तत्पर रहते हैं। उक्त बातें पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय ने शुक्रवार को कांके प्रखंड अंतर्गत अरसंडे पंचायत भवन में राज्यस्तरीय पंचायत सचिवालय स्वयंसेवक संघ द्वारा आयोजित होली मिलन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि कही। उन्होंने कहा कि पंचायत सचिवालय सहायक की लंबित मांगों के प्रति झारखंड सरकार ने संवेदनशीलता दिखाते हुए सकारात्मक पहल की। इसके लिए झारखंड सरकार के मंत्रीगण बधाई के पात्र हैं। पंचायत सचिवालय स्वयंसेवकों के लिए मानदेय निर्धारित किया जाना राज्य सरकार का स्वागतयोग्य कदम है। इससे जनहित के कार्यों में तेजी आएगी।

श्री सहाय ने जनहित में महागठबंधन सरकार द्वारा बनाई गई कल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर उतरने में पंचायत सचिवालय स्वयंसेवकों को सक्रियता से जुटे रहने की अपील की।

इस अवसर पर राज्य सरकार के प्रति आभार जताते हुए पंचायत सचिवालय स्वयंसेवकों ने होली मिलन समारोह का आयोजन किया। एक दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर खुशियों का इजहार किया।

गौरतलब है कि मांगें नहीं माने जाने पर विगत वर्ष पंचायत सचिवालय स्वयंसेवक संघ ने पर्व-त्यौहार मनाने से परहेज रखा था।

मौके पर राज्यस्तरीय पंचायत सचिवालय स्वयंसेवक संघ के प्रदेश अध्यक्ष चंद्रदीप कुमार, जिला अध्यक्ष गौतम कुमार कुशवाहा, प्रखंड अध्यक्ष प्रभात भूषण, संजर खान, नीरज यादव, लक्ष्मण उरांव, विनोद, संदीप कुमार, अजय कुमार, अनिता कुमारी, सुनीता देवी, वनिता, राम सागर, लीला, संजय, आसिफ, अनीता सहित काफी संख्या में संघ के सदस्यगण मौजूद थे।

दो-दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय डेटा एनालिटिक्स और प्रबंधन कांफ्रेंस के पहले दिन 23 पेपर प्रस्तुत

वरीय संवाददाता

रांची। जेवियर समाज सेवा संस्थान (एक्सआईएसएस) रांची में दो-दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय डेटा एनालिटिक्स और प्रबंधन कांफ्रेंस की शुरुआत शुक्रवार को हुई। कार्यक्रम का आयोजन एक्सआईएसएस के फादर माइकल वान डेन बोगार्ट एसजे मेमोरियल ऑडिटोरियम में किया गया। सम्मेलन के पहले दिन कार्यक्रम में डेटा एनालिटिक्स और प्रबंधन क्षेत्र से देश के विभिन्न सेक्टर से इंडस्ट्री एक्सपर्ट्स, शिक्षाविद, रिसर्चर और छात्र शामिल हुए।

कांफ्रेंस के संरक्षक, संस्थान के निदेशक डॉ जोसफ मारियानुस कुजूर एसजे ने उपस्थित सभी को संबोधित करते हुए इंडस्ट्री के परिदृश्य में डेटा एनालिटिक्स के महत्व के बारे में बात की और कहा कि उद्योग क्षेत्रों ने इसकी महत्वपूर्ण मांग को उजागर किया है और यह विषय संस्थान के मिशन और विज़न के साथ कैसे संरेखित होता है, इसपर आज विस्तार से चर्चा हुई है। डेटा एनालिटिक्स के क्षेत्र की इन्हीं महत्वपूर्ण जरूरतों को देखते हुए, संस्थान जल्द ही वर्किंग प्रोफेशनल्स और छात्रों के हित में एक नया कोर्स शामिल करने जा रहा है।÷

कांफ्रेंस अध्यक्ष और डीन एकेडमिक्स, डॉ अमर एरोन तिग्गा ने समकालीन डिजिटल परिदृश्य में डेटा एनालिटिक्स और प्रबंधन की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिय। उन्होंने बताया कि एक्सआईएसएस में इस कांफ्रेंस के आयोजन का लक्ष्य छात्रों, उद्योग विशेषज्ञों और शिक्षा जगत को डेटा एनालिटिक्स के क्षेत्र में ज्ञान और विशेषज्ञता का आदान-प्रदान करने के लिए एक समान मंच पर लाना है।

कांफ्रेंस के सह-अध्यक्ष और मार्केटिंग प्रोग्राम के प्रमुख डॉ बी पी महापात्रा ने डेटा एनालिटिक्स के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने विभिन्न प्रबंधन डोमेन में डेटा एनालिटिक्स के एकीकरण और सार्वजनिक नीति बनाने में इसकी प्रासंगिकता पर जोर दिया।

डेटा से समझें ग्राहक का व्यवहार÷ प्रोफेसर मेयके आइलर्ट, अमेरिकी कंसलटेंट

सम्मेलन की पहली मुख्य वक्ता अमेरिका से मार्केट रिसर्च और एनालिटिक्स कंसलटेंट, प्रोफेसर मेयके आइलर्ट ने डेटा एनालिटिक्स की प्रासंगिक भूमिका को समझने और ग्राहक व्यवहार को समझकर वास्तविक समय में सेवाएं प्रदान करने के महत्व को प्रमुखता दी और कैसे एनालिटिक्स ग्राहक संतुष्टि को बढ़ाने के लिए मौलिक पहलू है। हालांकि, उन्होंने डेटा एनालिटिक्स क्षेत्र में कई चुनौतियों पर भी अपने विचार रखें और इस क्षेत्र में मौजूदा अवसरों के बारे में जानकारी साझा की।

2023 तक 924.39 अरब डॉलर का हो जायेगा बिग डेटा मार्केट ÷ चंदन सिंह, निदेशक, केपीएमजी इंडिया

केपीएमजी इंडिया के निदेशक, चंदन सिंह कार्यक्रम में ऑनलाइन उपस्थित रहे। कांफ्रेंस में उन्होंने वैश्विक बाजारों में डेटा एनालिटिक्स के भविष्य पर प्रकाश डाला, और बताया की बिग डेटा मार्केट के 2023 तक 924.39 अरब डॉलर तक पहुंचने की उम्मीद है। 2027 तक भारतीय डेटा एनालिटिक्स और एआई मार्केट में विस्तार होगा, जो निकट भविष्य में नौकरी की मांग में बढ़ोतरी को प्राथमिकता देगा।

केपीएमजी इंडिया के डेटा वैज्ञानिक सुभोदीप बिस्वास ने भी विभिन्न डेटा विश्लेषण तकनीकों पर अपनी विशेषज्ञता और उनके निर्णय लेने में उनके महत्व को सभी के साथ साझा किया।

कांफ्रेंस में 23 पेपर प्रेजेंटेशन हुए - कांफ्रेंस के पहले दिन पर 10 पेपर प्रेजेंट किए गए। पहले सत्र की थीम मार्केटिंग और फाइनेंस एनालिटिक्स थी जिसकी अध्यक्ष आईआईएम रांची की डॉ श्वेता झा और मॉडरेटर एक्सआईएसएस के डॉ फेड्रिक कुजुर रहे।

दूसरा सत्र एचआर और ओबी एनालिटिक्स पर हुई जिसके अध्यक्ष सेल के मैनेजमेंट कंसलटेंट, पूर्व जीएम (एचआरडी), एमआईटी के डॉ हरी हरन थे और जिसे मॉडरेट एक्सआईएसएस की डॉ पूजा ने किया था।

वहीं, कांफ्रेंस के प्रथम दिन का अंतिम सत्र ऑपरेशन और आईटी एनालिटिक्स पर था। जिसकी अध्यक्षता एनआईटी जमशेदपुर की डॉ कनिका प्रसाद ने की और इस सत्र को मॉडरेट एक्सआईएसएस के डॉ.ऋषि दिवेदी ने किया।

इस कांफ्रेंस में उद्योग विशेषज्ञों, शोधकर्ताओं, पेपर प्रस्तुतकर्ताओं, एक्सआईएसएस के फैकल्टी सदस्यों के साथ-साथ मार्केटिंग मैनेजमेंट और फाइनेंशियल मैनेजमेंट के छात्रों ने भाग लिया।

प्रकाशन का सफलतम 17 वां वर्ष

सुविचार

हे अर्जुन ! जो व्यक्ति अपने समान सर्वत्र सम देखता है, चाहे वह दुख हो या सूख हो, वह परम योगी माना जाता है!

श्रीमद् भगवद् गीता

www.purvanchalsurya.com

आवाज आज की, नज़र कल पर

पूर्वांचल सूर्य

रांची ➤दिल्ली ➤देवघर से प्रकाशित

RNI No.- JHAHIN/2007/24306

वर्ष - 17 | अंक 213 | दैनिक | रांची | शनिवार 16 मार्च 2024 | पृष्ठ - 12 | मूल्य : ₹ 4.00

डिग्री महाविद्यालय के शिलान्यास कार्यक्रम में शामिल हुए मुख्यमंत्री

- कुल 131 योजनाओं का किया शिलान्यास- उद्घाटन
- स्मार्ट गांव की परिकल्पना को पूरा करने का संकल्प
- शिक्षा व्यवस्था में सुधार राज्य सरकार की प्रतिबद्धता

हर खेत में पानी पहुंचाना लक्ष्य: चंपाई सोरेन

प्रमुख संवाददाता

चाकुलिया। मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने कहा कि उनकी सरकार राज्य में बिजली, पानी, सड़क, शिक्षा सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं को सुदृढ़ कर रही है। जब राज्य में बुनियादी व्यवस्थाएं मजबूत और सक्रिय होगी तभी स्मार्ट गांव बनाने की परिकल्पना पूरी होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि आने वाले दिनों में झारखंड देश के अग्रणी राज्यों में शुमार हो, इस उद्देश्य के साथ उनकी सरकार योजनाओं को धरातल पर उतारने का कार्य कर रही है। राज्य में ÷आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार÷ अभियान चलाकर घर-घर तक योजनाओं को पहुंचाया गया है। झारखंड देश में पहला ऐसा राज्य है जहां सर्वजन पेंशन योजना लागू की गई है। अब राज्य में सभी वर्ग समुदाय की महिलाओं को 50 वर्ष का उम्र पूरा होने के साथ ही पेंशन योजना से जोड़ा जा रहा है। उक्त बातें मुख्यमंत्री श्री चम्पाई सोरेन ने आज पूर्वी सिंहभूम जिले के चाकुलिया में डिग्री महाविद्यालय के शिलान्यास कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही।

आप सभी डिग्री महाविद्यालय के शिलान्यास समारोह का हैं गवाह : मुख्यमंत्री ने कहा कि आज यहां आप सभी लोग कोल्हान विश्वविद्यालय चाईबासा अंतर्गत पूर्वी सिंहभूम जिले के चाकुलिया में स्थापित होने वाले डिग्री महाविद्यालय के शिलान्यास कार्यक्रम का गवाह बन रहे हैं। मुझे पूरा विश्वास है कि इस डिग्री महाविद्यालय के बन जाने से यहां के युवा वर्ग को उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए जमशेदपुर या किसी अन्य शहर में जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड धनी प्रदेश के रूप में जाना जाता है परंतु यहां के आदिवासी तथा मूलवासियों को व्यवस्थाओं से दूर रखा गया था। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार राज्य के भीतर सभी जरूरतमंद तक रोटी, कपड़ा और मकान उपलब्ध करा रही है। यहां के आदिवासी-मूलवासी सहित सभी वर्ग समुदाय का उत्थान राज्य सरकार की प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री ने उपस्थित सभी लोगों से राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के प्रति जागरूक रहने की अपील की। मुख्यमंत्री ने कहा कि आप सभी लोग अपने हक और अधिकार को पहचानें। यह आपकी सरकार है। आपके हर दुःख- सुख में राज्य सरकार सदैव आपके साथ खड़ी रहेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य की जनता को रोटी, कपड़ा और मकान उपलब्ध कराने की दिशा में उनकी सरकार निरंतर कार्य कर रही है। यहां की सामाजिक, आर्थिक और शैक्षणिक व्यवस्था को हर हाल में सुदृढ़ किया जाएगा।

मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने कहा कि उनकी सरकार राज्य के सरकारी विद्यालयों में अध्यनरत विद्यार्थियों की मदद के लिए कई महत्वपूर्ण योजनाएं संचालित कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री हेमन्त जी के नेतृत्व में राज्य के भीतर 80 उत्कृष्ट विद्यालयों का शुभारंभ किया जा चुका है। आने वाले कुछ महीनों में और 325 मॉडल विद्यालय निजी विद्यालयों के तर्ज पर अपग्रेड किए जाएंगे । मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार की सोच है कि अब गरीब, किसान, मजदूर वर्ग के बच्चे भी निजी विद्यालयों के अनुरूप राज्य सरकार द्वारा संचालित मॉडल स्कूलों में क्वालिटी एजुकेशन प्राप्त कर सकें। मुख्यमंत्री ने कहा कि जब गांव- घर में ही बेहतर शिक्षा के लिए स्कूलों को मॉडल स्कूल के तौर पर विस्तारित किया जाएगा तभी बच्चे उज्जवल भविष्य की ओर अग्रसर होंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार स्कूलों में अध्यनरत 8 लाख से ज्यादा छात्राओं को सावित्रीबाई फुले समृद्धि योजना से जोड़ने का कार्य किया गया है। इस योजना के तहत अध्यनरत बच्चियों को आर्थिक रूप से मदद दी जा रही है।

विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा हेतु मिल रही है मदद : मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने कहा कि राज्य में गरीब, किसान, मजदूर के बच्चे जैसे ही मैट्रिक की परीक्षा पास करते हैं , उनके परिजन उन्हें पढ़ाई छोड़कर मजदूरी अथवा प्राइवेट संस्थानों में काम करने के लिए कहते हैं। इस स्थिति को बदलने के लिए राज्य सरकार कृत संकल्पित है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार उच्च शिक्षा हेतु यहां के विद्यार्थियों को गुरुजी क्रेडिट कार्ड योजना से आच्छादित कर रही है। इस योजना के तहत बिना कोई गारंटी के 15 लाख रुपए तक का एजुकेशन ऋण विद्यार्थियों को उपलब्ध कराया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अब राज्य के आदिवासी-मूलवासी सहित सभी वर्ग समुदाय के बच्चे भी उच्च शिक्षा प्राप्त कर डॉक्टर, इंजीनियर, वकील, सरकारी अफसर बन सकें, इस निमित्त उनकी सरकार प्रतिबद्धता के साथ योजनाओं का लाभ विद्यार्थियों तक पहुंचा रही है।

हर खेत में पानी पहुंचाना लक्ष्य

मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड के किसान भाई-बंधु वर्ष में तीन उपज कर सके इस निमित्त हर खेत में पाइपलाईन के जरिए पानी पहुंचाने का कार्य उनकी सरकार कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि छोटे-बड़े सभी किसान आत्मनिर्भर बन सकें, इसके लिए जरूरी है कि उनके खेतों तक साल के 12 महीने पानी पहुंचाई जाए। मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने कहा कि झारखंड की कला- संस्कृति और परंपरा को संरक्षित करने का कार्य उनकी सरकार कर रही है। सभी वर्ग- समुदायों के धार्मिक स्थलों को संरक्षित करने के साथ-साथ इन स्थलों का जीर्णोद्धार भी किया जा रहा है। इस अवसर पर विधायक समीर मोहंती, मुख्यमंत्री के सचिव अरवा राजकमल, पूर्वी सिंहभूम जिला के उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक सहित अन्य गणमान्य एवं बड़ी संख्या में लाभुक उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री ने बाहा पर्व पर सरना पूजा स्थल में पारंपरिक विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि की कामना की

मुख्यमंत्री ने कहा-राज्य के सभी धार्मिक स्थलों का हो रहा सौंदर्यीकरण

विशेष संवाददाता ,सरायकेला-खरसावां। मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन शुक्रवार को सरायकेला-खरसावां जिला के गम्हरिया प्रखंड स्थित अपने पैतृक गाँव जिलिंगगोड़ा पहुंचे। मुख्यमंत्री ने प्रकृति उपासना का महापर्व %बाहा पर्व% के अवसर पर सरायकेला-खरसावां जिला के जिलिंगगोड़ा स्थित सरना पूजा स्थल जाहेरथान में पारंपरिक विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर राज्यवासियों की सुख, समृद्धि, उन्नति और कल्याण की कामना की। मुख्यमंत्री ने सरायकेला-खरसावां जिला अंतर्गत कुल्लुडीह जाहेरथान का विधिवत उद्घाटन भी किया। मौके पर मुख्यमंत्री ने उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा कि राज्य के सभी पूजा स्थलों का संरक्षण, जीर्णोद्धार एवं विकास का कार्य उनकी सरकार कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस क्षेत्र में मौजूद अनेकों सरना स्थल, जाहेरथान के सौंदर्यीकरण का कार्य प्रगति पर है। आज कुल्लुडीह जाहेरथान बनकर तैयार है। जनजातीय संस्कृति से जुड़े रीति-रिवाजों को अक्षुण्ण रखा जा सके एवं इन स्थलों को जनजातीय संस्कृति के रूप में विकसित किया जा सके इस निमित्त उनकी सरकार निरंतर कार्य कर रही है।

लोकसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान आज

- चुनाव आयोग दोपहर 3 बजे जारी करेगा शेड्यूल
- 7 फेज में हो सकती है वोटिंग,सख्त रहेगी सुरक्षा

नई दिल्ली (एजेंसी)। आम चुनाव 2024 और राज्य विधानसभाओं के कार्यक्रम की घोषणा करने के लिए चुनाव आयोग शनिवार 16 मार्च को प्रेस कॉन्फ्रेंस करेगा। यह नई दिल्ली के विज्ञान भवन में दोपहर 3 बजे से होगी। इसे चुनाव आयोग के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर लाइव स्ट्रीम किया जाएगा। कयास लगाए जा रहे हैं कि 543 सीटों के लिए 2024 के लोकसभा चुनाव 7 या 8 फेज में हो सकते हैं। इसके साथ ही ओडिशा, सिक्किम, अरुणाचल प्रदेश और आंध्र प्रदेश में विधानसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान भी होगा। इसके साथ ही पूरे देश में आचार संहिता भी लागू हो जाएगी। एक दिन पहले ही दो चुनाव आयुक्तों ज्ञानेश कुमार और सुखबीर संधू की नियुक्ति गई है। दोनों ने शुक्रवार 15 मार्च को पदभार संभाला है। इसके बाद सीईसी राजीव कुमार समेत तीनों अधिकारियों ने चुनाव कार्यक्रम को लेकर बैठक की थी। चुनाव आयोग ने 5 फरवरी को सभी राजनीतिक दलों को सलाह दी है कि चुनाव प्रचार अभियानों में बच्चों का इस्तेमाल किसी भी रूप में न करें। पार्टियों को भेजी गई एडवाइजरी में चुनाव पैनल ने पार्टियों और उम्मीदवारों से चुनावी प्रक्रिया के दौरान बच्चों से पोस्टर और पर्चे बांटने को मना किया है।

85+ उम्र के बुजुर्ग ही घर से वोट दे सकेंगे

चुनाव आयोग की सिफारिश के बाद शुक्रवार (1 मार्च) सरकार ने बुजुर्ग मतदाताओं के लिए पोस्टल बैलट से वोटिंग करने वाले चुनावी नियम में बदलाव किया है। अब केवल 85 साल से ज्यादा उम्र के बुजुर्ग मतदाता ही पोस्टल बैलट से वोटिंग कर सकेंगे। अभी तक 80 साल से ज्यादा उम्र के लोग इस सुविधा के पात्र थे। कानून मंत्रालय ने गजट नोटिफिकेशन में बताया कि 85 की उम्र पार चुके वोटर्स को यह सुविधा देने के लिए चुनाव संचालन नियम 1961 में संशोधन किया गया है।

हो जाइए तैयार ! अबकी बार खूब पड़ेगी गर्मी

- जमकर तपाएगा मौसम, अल नीनो की वजह से भारत में बढ़ेगी गर्मी

नई दिल्ली (एजेंसी)। भारत में मौसम विभाग ने इस साल अधिक गर्मी पड़ने की चेतावनी जारी की है। इस बीच एक राहत भरी खबर आई है। इसके मुताबिक भारतीय मौसम पर इस बार अल नीनो का असर नहीं होगा। प्रशांत महासागर में सक्रिय अल नीनो के अगले कुछ महीनों में खत्म होने की संभावना है। ऐसे में इस साल भारतीय मॉनसून के शुरुआती दौर पर इसका बहुत कम असर होगा। अल नीनो को लेकर रिपोर्ट जारी करने वाली एक अमेरिकी संस्था ने यह

जानकारी दी है। इसमें बताया गया है कि अप्रैल और जून के बीच अल नीनो की स्थिति बने रहने की उम्मीद है। इसके बाद ला नीना उभरने की संभावना है। अल नीनो और ला नीना दो फेजेज हैं जो पूर्वी प्रशांत महासागर की समुद्री सतह के तापमान में होने वाले बदलाव को दर्शाते हैं। यह मौसमी घटना दक्षिणी अमेरिकी तट पर होती है, जिसमें समुद्र का पानी अप्रत्याशित रूप से ठंडा या गर्म हो जाता है। इसका असर पूरी दुनिया के तापमान पर पड़ता है। अल नीनो फेज के चलते भारत में मॉनसून के दौरान बारिश में कमी आने की आशंका रहती है। वहीं ला नीना इसके विपरीत असर डालता है। गौरतलब है कि भारत में मई तक तापमान औसत से अधिक रहने का अनुमान है। भारतीय मौसम विभाग ने हाल ही में इसको लेकर अनुमान जताया था। इसमें बताया गया है कि मार्च से लेकर मई तक देश के अधिकांश हिस्सो में मैक्सिमम के साथ-साथ मिनिमम तापमान भी सामान्य से अधिक रह सकता है।

भारत जोड़ो न्याय यात्रा

मेहनत करने में महिलाएं कभी पीछे नहीं हटतीं, उनके लिए गृहलक्ष्मी न्याय गारंटी

महाराष्ट्र के पालघर में बोले राहुल गांधी, केंद्र की नीतियों पर खड़े किए सवाल

मुंबई (एजेंसी)। कांग्रेस भी भारत जोड़ो न्याय यात्रा का शुक्रवार को 62वां दिन था। शुक्रवार को यात्रा महाराष्ट्र के पालघर पहुंची। यहां राहुल गांधी ने कहा, घर हो या दफ्तर, मेहनत करने में महिलाएं कभी पीछे नहीं हटतीं और उनकी इसी मेहनत को कांग्रेस की गृहलक्ष्मी न्याय गारंटी का सलाम है। भावी पीढ़ी के पालन पोषण के लिए पूरा देश नारी शक्ति का कृतज्ञ है। साल की 1 लाख रुपये की राशि न केवल उन्हें मजबूत करेगी, बल्कि एक झटके में गरीबी का खात्मा भी करेगी। राहुल गांधी ने अपने संबोधन में कहा कि आपसे (जनता) से चौबीसों घंटे चोरी हो रही है और आप लोग केवल सिर हिला रहे हैं। देश की 88 फीसदी आबादी को देश में भागीदारी नहीं है। देश की हाईकोर्ट में 650 जज हैं। सालों साल केस चलता रहता है। राहुल गांधी ने अग्निवीर योजना पर भी सवाल उठाए। वहीं, वाडा में प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान जयराम रमेश ने कहा कि महाराष्ट्र का चरण नंदूरबार से शुरू हुआ था और 16 मार्च को मुंबई में खत्म होने वाला है। ध्रुवीकरण की राजनीति के खिलाफ 5 साल, 5 न्याय और 25 गारंटी हमारा जवाब रहेगा। राहुल गांधी की न्याय यात्रा गुरुवार 14 मार्च को महाराष्ट्र के नासिक में थी। राहुल ने यहां के प्रसिद्ध त्र्यंबकेश्वर मंदिर में पूजा-अर्चना की। हिंदू धर्म की मान्यताओं के मुताबिक, भगवान शिव के 12 ज्योतिर्लिंगों में से एक ज्योतिर्लिंग यहां पर स्थित है।

बंगाल में ममता बनर्जी को झटके पर झटका

- दो साल पहले टीएमसी में गए सांसद करेंगे भाजपा में घर वापसी

कोलकाता (एजेंसी)। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री और तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) की अध्यक्ष ममता बनर्जी को झटके पर झटका लग रहा है। दो साल पहले भाजपा से तृणमूल कांग्रेस में शामिल होने वाले बैरकपुर से सांसद अर्जुन सिंह ने कहा है कि वह शुक्रवार को भाजपा में घर वापसी करेंगे। तृणमूल कांग्रेस के असंतुष्ट नेता बैरकपुर लोकसभा सीट से पार्टी का टिकट नहीं मिलने के नाराज बताए जा रहे हैं। उन्होंने 2029 में बैरकपुर लोकसभा सीट भाजपा कैंडीडेट के रूप में जीती थी फिर बाद में तृणमूल कांग्रेस में शामिल हो गए थे। सिंह ने यह भी दावा किया कि तृणमूल कांग्रेस के एक शीर्ष नेता भी उनके साथ भाजपा में शामिल होंगे। उन्होंने ममता बनर्जी पर यूज एंड थ्रो करने का आरोप लगाया है। माना जा रहा है कि अर्जुन सिंह को दिल्ली में भाजपा में शामिल करवाया जा सकता है। सूत्रों के मुताबिक, भाजपा में लौटने से पहले ही देर रात हुई भाजपा नेताओं की बैठक में अर्जुन सिंह शामिल थे। दो दिन पहले, सिंह ने पार्थ भौमिक के खिलाफ चुनाव लड़ने का संकेत दिया था।

नीतिश कैबिनेट का विस्तार इक्कीस मंत्रियों ने ली शपथ

- बीजेपी से 12, जेडीयू से 9 मंत्री, जेडीयू के रिपीट, बीजेपी से 6 नए मंत्री

पटना (एजेंसी)। बिहार में नीतिश सरकार का कैबिनेट विस्तार हो गया है। राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर 21 मंत्रियों को शपथ दिला दी है। बीजेपी के 12 और जेडीयू कोटे से 9 मंत्री हैं। इनमें से 6 पहली बार मंत्री बने हैं। सीएम नीतिश कुमार भी मौजूद रहे। सबसे पहले बीजेपी की रेणु देवी शपथ लेने आईं। रेणु देवी पिछले एनडीए सरकार में डिप्टी सीएम रही हैं। बीजेपी से विधायक मंगल पांडे, नीरज बबलू, नीतिश मिश्रा, नितिन नवीन, दिलीप जायसवाल, जनक राम, हरि सहनी, कृष्णनंदन पासवान, केदार गुप्ता, सुरेंद्र मेहता, संतोष सिंह ने भी शपथ ली है। जेडीयू से अशोक चौधरी, लेसी सिंह, मदन सहनी, महेश्वर हजारी, शीला मंडल, सुनील कुमार, जयंत राज, जमा खान, रत्नेश सदा ने शपथ ली है। संतोष सिंह, दिलीप जायसवाल, हरि सहनी, सुरेन्द्र मेहता, कृष्णनंदन पासवान, केदार प्रसाद गुप्ता पहली बार मंत्री बने हैं।

महाभारत के भीष्म पितामह मुकेश खन्ना पहुंचे रांची

● योगदा सत्संग आश्रम में कार्यक्रम में होंगे शामिल

वरीय संवाददाता रांची । दिग्गज फ़िल्म अभिनेता मुकेश खन्ना शुक्रवार को रांची पहुचे। उनका रांची आगमन झारखंड में फ़िल्म निर्माण और उसके लिए संभावित लोकेशन की तलाश के तहत हुआ है।

रांची पहुंचने पर एयरपोर्ट पर उनका भव्य स्वागत किया गया। झारखंड के जाने माने उद्योगपति सह अभिनेता अखिलेश पांडे उनके साथ ही मुंबई से रांची पहुंचे। उनके स्वागत में उदय साहू, मधु अग्रवाल, मनोज साहू, शिवेंद्र दुबे, मिथलेश साहू, शैलेन्द्र कुमार मौजूद थे। श्री खन्ना का स्वागत परम्पारिक तरिके से फूलमाला से किया गया। अपने रांची प्रवास के क्रम में वे शनिवार को योगदा सत्संग आश्रम का भ्रमण करेंगे और बाद में रांची के विभिन्न लोकेशन का दौरा करेंगे।

झारखंड संयुक्त असैनिक सेवा प्रारंभिक प्रतियोगिता परीक्षा 2023 को लेकर सभी केंद्राधीक्षकों के साथ की गई ब्रिफिंग

प्रतिनिधि,हज़ारीबाग। झारखंड संयुक्त असैनिक सेवा प्रारंभिक प्रतियोगिता परीक्षा 2023 के केंद्राधीक्षकों के साथ बैठक आयोजित की गई। 15 मार्च को नगर भवन में हुई आयोजित बैठक में जिला अंतर्गत आगामी झारखंड संयुक्त और सैनिक सेवा प्रारंभिक प्रतियोगिता परीक्षा 2023 के आलोक में आयोजित होने वाले झारखंड लोक सेवा आयोग परीक्षा में संलग्न सूची के अनुसार सभी केंद्रो के केंद्राधीक्षकों के साथ परीक्षा कदाचार मुक्त एवं सुगमता पूर्वक संचालन हेतु तैयारी के निमित्त ब्रीफिंग की गई। इस दौरान उन्हें आवश्यक सामग्रियों का भी वितरण किया गया। ब्रीफिंग के दौरान सभी केंद्राधीक्षकों को केंद्र में आयोजित होने वाले परीक्षा के समयावधि का विशेष ध्यान रखना को कहा गया,साथ परीक्षा केंद्र में किसी भी प्रकार के अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण यथा घड़ी,मोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक वॉच, कैलकुलेटर या किसी भी अन्य इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स का प्रवेश न हो यह सुनिश्चित करने को कहा गया।इस दौरान जिला शिक्षा अधिक्षक, जिला शिक्षा पदाधिकारी व सदर एसडीओ शैलेश कुमार मौजूद थे।

सुबोधकांत सहाय ने सामाजिक कार्यकर्ता हर्षवंत सिंह की माता के निधन पर जताया शोक

● परिजनों से मिलकर किया शोक संवेदना व्यक्त

वरीय संवाददाता रांची। पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय ने शहर के सर्वेश्वरी नगर, इटकी रोड (हेहल) निवासी सामाजिक कार्यकर्ता हर्षवंत सिंह की माता के निधन पर शोक व्यक्त किया।

श्री सहाय ने शुक्रवार को हर्षवंत सिंह के घर पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त किया। -विदित हो कि श्री सिंह की माता का निधन एक पखवारे पूर्व हो गया था। विगत दिन उनका श्राद्धकर्म संपन्न हुआ।

श्री सिंह पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय के काफी नजदीकी रहे हैं।- श्री सहाय ने दिवंगत की आत्मा की शांति और परिजनों को दुख सहने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से कामना की। इस अवसर पर सुनील सिंह, रणजीत सिंह, राजीव कुमार सिंह, सोनू वर्मा सहित हर्षवंत के अन्य परिजन मौजूद थे।

निजी स्कूलों में आरटीई के तहत एडमिशन के लिए अब छात्र खुद कर सकेंगे ऑनलाइन आवेदन

प्रतिनिधि, पाकुड़। जिलें के मान्यता प्राप्त निजी स्कूलों में शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 अंतर्गत निर्धन एवं अभिवंचित वर्गों के बच्चों के निःशुल्क नामांकन के लिए जिला शिक्षा विभाग की ओर से ऋक्षश्व नामक पोर्टल का उपायुक्त मृत्युंजय कुमार बरणवाल ने शुक्रवार को शुभारंभ किया। उपायुक्त ने कहा कि इस पोर्टल के जरिये आर्थिक रूप से कमज़ोर बच्चों का पारदर्शी तरीके से निजी स्कूलों में एडमिशन लेना आसान हो जायेगा साथ ही बच्चे खुद भी अपने स्तर से पोर्टल में रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं। उन्होंने कहा कि इस पोर्टल के अस्तित्व में आ जाने से स्कूलों से संपर्क करने के बजाय, अब अभिभावक ऑनलाइन सीटों की उपलब्धता की जांच कर आवेदन कर सकते हैं। उपायुक्त ने निर्देश दिया कि 18 मार्च को 11बजे पूर्वाह्न जिले के मान्यता प्राप्त निजी विद्यालय के डायरेक्टर एवं प्राचार्य की बैठक आहूत करें एवं पोर्टल के संबंध में सभी को विस्तृत जानकारी दें।

बालूमाथ में पोषण पखवाड़ा के तहत प्रदर्शनी सह जागरूकता कार्यक्रम का किया गया आयोजन

प्रतिनिधि,बालूमाथ। प्रखंड सह अंचल कार्यालय के सभागार कक्ष में महिला बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग के द्वारा पोषण पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रखंड प्रमुख ममता देवी उपप्रमुख कामेश्वर राम,पर्वेक्षिका विमला कुमारी,प्रखंड प्रधान लेखाकार राजीव रंजन के द्वारा उद्घाटन किया गया। आयोजित कार्यक्रम के दौरान आंगनबाड़ी सेविकाओं के तेजस्विनी परियोजना से जुड़ी महिला और युवतियों के द्वारा प्रदर्शनी का आयोजन किया गया।तेजस्वनी परियोजना की युवतियों के द्वारा रंगोली के माध्यम से जागरूक करने को लेकर संदेश दिया। मौजूद सेविकाओं को संबोधित करते हुए उपप्रमुख कामेश्वर राम ने कहा गर्भवती महिलाओं को खान-पान में विशेष ध्यान देना चाहिए जिससे जच्चा बच्चा दोनों स्वस्थ और सही रहते हैं,उस समय महिलाओं को फल फरूट का विशेष रूप से सेवन करना चाहिए।इस मौके पर प्रखंड कृषि पदाधिकारी मनीष पांडेय,शानू अंसारी,अनीता देवी,लक्ष्मी कुमारी,प्रियंका देवी,संगीता कुमारी सहित बालूमाथ, हेरहंज, बारियातु प्रखण्ड के आंगनबाड़ी सेविका और सहायिका उपस्थित रहे।

शिक्षिका शैल बाला के निधन पर विभिन्न संस्थाओं ने दी श्रद्धांजलि

प्रतिनिधि,रांची। राजकीय कृत हिंदी बालक मध्य विद्यालय, पहाड़ी टोली,रांची वन की शिक्षिका शैलबाला जो छात्र क्लब ग्रुप एवं विश्वकर्मा युवा सुरक्षा मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव किशोर शर्मा की धर्मपत्नी थीं।

उनका निधन तीन मार्च को हृदय गति रुक जाने से उनके आवास न्यू मधुकम मे हो गया।

वे अपने पीछे एक पुत्र विवेक कुमार शर्मा एवं तीन पुत्री नितिशा (जानवी)कुमारी,प्रिया कुमारी एवं दामिनी कुमारी सहित भरा पूरा परिवार छोड़ गई।

स्व.शैल बाला के पुत्र विवेक कुमार शर्मा ने बताया आज मधुकम स्थित आवास (न्यू मधुकम,रोड नंबर 05, देवी मंडप के निकट) मे निधन पर श्रृद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें निम्नलिखित समाजसेवियों एवं गणमान्य लोगों ने श्रद्धासुमन अर्पित की।

रांची रिग (बोरिंग गाड़ी ऑनर) एसोसिएशन के सुनील तिवारी, महेश चंद्रा,गगन शर्मा,विनोद वर्मा,वार्ड पार्षद 28 के पार्षद प्रतिनिधि सह भाजपा नेता राहुल चौधरी,झारखंड प्रदेश विश्वकर्मा समाज के संतन शर्मा,संजय कुमार विश्वकर्मा,संतोष कुमार,कृष्णा शर्मा, विश्वकर्मा मंदिर मेन रोड के अध्यक्ष शंकर विश्वकर्मा,श्री विश्वकर्मा वेलफेयर सोसाइटी के सचिव विक्रांत विश्वकर्मा,

कपिल फाउंडेशन के अध्यक्ष वीनू शर्मा,उपाध्यक्ष सोनू शर्मा,गोविंद शर्मा,संजय शर्मा,रेखा शर्मा, कृष्णा राणा, विश्वकर्मा युवा सुरक्षा मंच के सचिव सुभाष कुमार शर्मा, संरक्षक छत्रपाल राम उस्ताद, बीटू शर्मा,जानकी नंदन राणा,मुकुंद मिस्त्री,मालती देवी,आरती देवी,भारती देवी,प्रभा देवी,बैजु शर्मा,राजेंद्र शर्मा,पिंकी देवी,मालो देवी,शकुंतला देवी,शोभा देवी,सौरभ शर्मा, अरविंद कुमार राणा, विश्वकर्मा जीवन कल्याण समिति के अध्यक्ष पिंटू शर्मा,

काली मंदिर खडगड़ा के गुड्डु चौधरी,अजय चौधरी, आस्था जीवन के सचिव विनोद कुमार साहू, क्राउंड लायंस के अध्यक्ष शुभम चौधरी,सचिव मनप्रीत सिंह छाबड़ा, संत जोनसन स्कूल के प्रबंध निदेशक बजरंग शर्मा, छात्र क्लब ग्रुप के ऋषिकेश लाल,भारती जी,सुमित कुमार, अमित कुमार,प्रदीप भारती,लक्ष्मण गोप,रमेश पंडित छात्र क्लब साधना मंच के अध्यक्ष सुबोध कुमार शर्मा, मानव कल्याण मंच के मनमोहन पांडेय,दयमंती देवी, चिकित्सक मंच के डॉ.आर.के. हाजरा,डॉ.बी.के.सिंह, दीपक कुमार साहू,अशोक कुमार राणा,राजकिशोर राणा, डीएवी शिक्षा ग्रुप के निर्देशक शिवनन्दन पाठक, वात्सल्य किड्स प्ले स्कूल के उपनिदेशक प्रवास गौरव, प्राचार्य आलोक कुमार,

राजकीय कृत हिंदी बालक मध्य विद्यालय पहाड़ी टोला रांची,एक के प्राचार्य घनश्याम ओझा, शिक्षक अनुपमा कुमार सिंह,रेखा जायसवाल,कुमारी वंदना,भूपेश प्रसाद श्रीवास्तव ने श्रद्धा सुमन अर्पित कर आत्मा की शान्ति के लिए ईश्वर से प्रार्थना किए।

मौके पर रांची के सांसद संजय सेठ,विधायक रांची सी.पी.सिंह, विधायक हटिया नवीन जायसवाल एवं झारखंड प्रदेश विश्वकर्मा समाज के प्रदेश अध्यक्ष विकास राणा ने भी टेलीफोनिक शोक संवेदना प्रकटकर आत्मा की शान्ति के लिए प्रार्थना की।

झारखंड महिला उत्थान ने लारा में मनाया अंतराष्ट्रीय महिला दिवस

प्रतिनिधि,चूरचू । झारखंड महिला उत्थान के तत्वाधान में गर्ल्स फर्स्ट फंड के सहयोग से चुरचू प्रखण्ड के ग्राम लारा खेल मैदान में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिलाओं के साथ फुटबॉल प्रतियोगिता किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन विधिवत प्रखण्ड विकास पदाधिकारी ललित राम, चुरचू प्रखण्ड प्रमुख निरंजन प्रसाद नायक तथा पूर्व उप प्रमुख चोलेश्वर महतों, प्रीति बेसरा पंचायत समिति सुषमा मुर्मू एवं झारखंड महिला उत्थान सचिव नीलम बेसरा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित करके किया गया। महिला दिवस के अवसर पर फुटबॉल प्रतियोगिता में चुरचू, अंगो,जरवा पंचायत से 4 टीम की महिलाएं भाग लिए। साथ ही फुटबॉल टीम के अलावे अन्य

उपस्थित महिलाओं को कुर्सी रेस, और 100 मीटर का दौड़ करवाया गया ।झारखंड महिला उत्थान संस्था सचिव नीलम बेसरा ने कहा कि लगातार महिलाओं एवं लड़कियों के साथ विभिन्न कार्यक्रम करते आ रही है उनकी नेतृत्व क्षमता बढ़ाकर उनको मंच देना ताकि अपने हक अधिकार की बात सबके बीच बोल सके समाज में जेंडर भेदभाव के कारण महिला को पीछे रखा जाता है । प्रखंड विकास पदाधिकारी ललित राम ने कहा झारखंड महिला उत्थान की अच्छी पहल है महिलाओं को आगे लाने का महिलाओं को हर चीजों के लिए अपने सास ससुर या पति से परमीशन लेना पड़ता है। पर आज संस्था के प्रयास से महिलाओं ने फुटबॉल प्रतियोगिता में भाग लिए हैं ये काफी सराहनीय है।चुरचू प्रमुख निरंजन प्रसाद नायक ने महिलाओं का मनोबल को बढ़ाते हुए कहे कि यदि महिलाओं को मौका दिया जाय तब वे आगे बढ़ सकती हैं। पूर्व उप प्रमुख चोलेश्वर महतो ने कहे कि जेंडर समानता समाज में हो क्योंकि जेंडर भेदभाव के कारण ही जेंडर आधारित हिंसा हो रही है। फुटबॉल प्रतियोगिता में प्रथम स्थान अंगो पंचायत और द्वितीय स्थान चुरचू पंचायत की महिलाएं जीत हासिल किया इसके साथ ही प्रथम एवम द्वितीय स्थान प्राप्त महिलाओं को चुरचू प्रमुख एवम पूर्व उप प्रमुख के तथा कोनार विलेज स्टेंशन ग्राम डुमर से फादर अरूण कुजूर के हाथों से पारितोषिक वितरण किया गया।इस कार्यक्रम में संस्था कार्यकर्ता उषा देवी, चिन्ता तिग्गा, अनिल बेसरा, कविता कुमारी, सुनीता देवी, बिंदेश्वर महतो उपस्थित थे।

आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर बीडीओ व सीओ ने मजिस्ट्रेट के साथ की बैठक

प्रतिनिधि, बरही। शुक्रवार को सेक्टर मजिस्ट्रेट की बैठक बीडीओ सी.आर. इंदवार व सीओ रामनारायण खलखो की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक आगामी लोकसभा आम चुनाव 2024 के तैयारियो के निमित्त आयोजित किया गया। बैठक में उपस्थित मजिस्ट्रेट को रूट चार्ट, क्रिटिकल बूथ, इंटरमीडिएट स्ट्रांग रूम, बूथ वेरिफिकेशन एवं प्रपत्र वीएम-1, वीएम-2, वीएम-3 के सम्बंधित में जानकारी देते हुए निरीक्षण कर ब्लॉक को रिपोर्ट उपलब्ध कराने हेतु निदेश दिया गया।

बसंत मेले के दूसरे दिन मना गणगौर सिंधारा का उत्सव

वरीय संवाददाता रांची। बसंत मेले के दूसरे दिन गणगौर सिंधारा का उत्सव मनाया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष नीरा बथवाल , राष्ट्रीय सचिव रूपा अग्रवाल की उपस्थिति में शाखा अध्यक्ष नैना मोर के साथ गणगौर के गीत और कामना की मां गणगौर घर में पधारे। वरिष्ठ सदस्यों ने बहू बेटियों एवं छोटी मेंबरों का लाड़-चाव किया । होली और गणगौर के गीतों पर सभी ने जमकर ठुमके लगाए । एक से बढ़कर एक मजेदार गेम में सभी बहनों ने जमकर मस्ती की। कार्यक्रम को सफल बनाने में गीता डालमिया, मंजू केडिया, बिना मोदी, मधु सराफ, रीता केड़िया, बबीता नारसरिया, सरिता अग्रवाल, अनु पोद्दार, रीना सुरेखा, मंजू गाड़ोदिया, जया विजावत, छाया अग्रवाल, साक्षी केजरीवाल, सीमा पोद्दार एवं मंच के अन्य सदस्यों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

तोरपा रूरल डेवलपमेंट सोसाइटी ने मनाया महिला दिवस

वरीय संवाददाता

रांची। तोरपा रूरल डेवलपमेंट सोसाइटी फॉर वुमेन ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया। संस्था के परिसर में आयोजित कार्यक्रम की शुरुआत बीज पद-यात्रा से हुई, जो सशक्तिकरण और प्रगति की दिशा में महिलाओं की यात्रा का प्रतिनिधित्व करने वाली एक प्रतीकात्मक पदयात्रा है। विविध पृष्ठभूमि की महिलाओं ने एकता और एकजुटता प्रदर्शित करने के लिए टीआरडीएसडब्ल्यू परिसर में एकत्रित होकर भाग लिया।

उत्सव पारंपरिक दीप प्रज्वलन के साथ जारी रहा, जिसके बाद आकर्षक गतिविधियां और चर्चाएँ हुईं। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण जनजातीय संस्कृति का जीवंत प्रदर्शन था, जिसमें चेंगडे स्कूल के बच्चों ने भारत की समृद्ध

सांस्कृतिक विरासत का जश्न मनाया।

शिक्षा, आजीविका और समाज में महिलाओं की भूमिका जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर पैनल चर्चाएं आयोजित की गईं। इन चर्चाओं का उद्देश्य महिलाओं के लिए अधिक समावेशी और समान दुनिया बनाने की दिशा में जागरूकता बढ़ाना और कार्रवाई को प्रेरित करना था। विभिन्न प्रकार के स्थानीय व्यंजनों का प्रदर्शन किया गया, जो समुदाय की महिलाओं की पाक प्रतिभा को उजागर करता है। पारंपरिक स्नैक्स, करी, अचार, चटनी, रोटियां और मिठाइयां प्रदर्शन पर थीं, जो सभी उपस्थित लोगों के स्वाद को आनंदित कर रही थीं।

स्थानीय संस्कृति और उद्यमशीलता को प्रदर्शित करने वाले स्टॉल भी लगाए गए, जिससे आगंतुकों को स्थानीय प्रतिभाओं को तलाशने और उनका समर्थन करने का मौका मिला। बीज प्रदर्शन से लेकर हस्तनिर्मित हैंडबैग और बांस की वस्तुओं तक, स्टालों ने समुदाय की रचनात्मकता और शिल्प कौशल का प्रदर्शन किया।

टीआरडीएसडब्लू की निदेशक मारियालेना फिगेरेडो ने कहा कि यह कार्यक्रम नारीत्व का उत्सव है और हर जगह महिलाओं की लचीलापन और ताकत के लिए एक श्रद्धांजलि है। यह हमारे द्वारा की गई प्रगति और किए गए कार्यों की याद दिलाता है।÷ लैंगिक समानता हासिल करने में अभी भी आगे है। इस आयोजन के माध्यम से, हमारा उद्देश्य महिलाओं को बड़े सपने देखने और अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए प्रेरित और सशक्त बनाना है।

रोटरी ग्रेटर द्वारा कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन

पहले दिन अंग प्रत्यारोपण के लिए 137 मरीजों का चयन

पूसू प्रतिनिधि

गिरिडीह। रोटरी क्लब ऑफ ग्रेटर के द्वारा जयपुर के भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति के सहयोग से ईश्वर स्मृति भवन में आयोजित तीन दिवसीय कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण शिविर की शुरुआत शुक्रवार को की गई। शिविर का उद्घाटन सदर विधायक सुदिव्य कुमार सोनू, सिविल सर्जन डॉ शिव प्रसाद मिश्रा और रोटरी के तरणजीत सिंह सलूजा उर्फ बंटी,भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति के झारखंड प्रभारी रितेश पटवारी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। शिविर में पहले दिन अंग प्रत्यारोपण के लिए 137 मरीजों का चयन किया गया। इस दौरान

भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति के टेक्नीशियन द्वारा नापी लेकर कृत्रिम अंग उपलब्ध कराया गया।

मौके पर शिविर को संबोधित करते हुए सदर विधायक सुदिव्य कुमार सोनू ने रोटरी ग्रेटर व विकलांग सहायता समिति द्वारा आयोजित शिविर की सराहना की। कहा कि किसी हादसे में अंग का चला जाना,उसके लिए बेहद दुखद होता है और ऐसे में संस्थाओं द्वारा ऐसे प्रभावित लोगो को अंग उपलब्ध कराया जाना एक सराहनीय प्रयास है। शिविर को संबोधित करते हुए सिविल सर्जन व बंटी सलूजा ने भी आयोजकों की सराहना की।

शिविर को सफल बनाने में अध्यक्ष दीपक सोनथालिया, संयोजक विकाश शर्मा, विकाश सिन्हा, अभिषेक छापरिया, सुबोध मोदी, आकाश रौशन,ब्रह्मदेव प्रसाद, राजेंद्र तरवे, डॉक्टर निखिल कुमार, प्रकाश दत्ता,अनिल गुप्ता,अमित कुमार, राकेश कुमार,मनीष गुप्ता, सुदिप्तो समानता, उदयन बनर्जी,दीपक चिरानिया,तरनजीत सिंह सलूजा,माहुरी वैश्य महामंडल के अध्यक्ष गोपाल दास भदानी सहित रोटरी ग्रेटर के सभी सदस्य सराहनीय योगदान दे रहे हैं।

डॉ. युगल झा बने केकेएम कॉलेज के प्रभारी प्राचार्य

प्रतिनिधि, पाकुड़। विश्वविद्यालय के अधिसूचना संख्या 22/2024 के आलोक में केकेएम कॉलेज, पाकुड़ के प्रभारी प्राचार्य के पद पर डा.युगल झा, विभागाध्यक्ष, राजनीति शास्त्र ने प्रभार ग्रहण किया। पदभार ग्रहण कार्यक्रम में निवर्तमान प्रभारी प्राचार्य डॉश्र शिव प्रसाद लोहरा, डॉश्र इंद्रजीत उरांव, डॉश्र धर्मेंद्र सोरेन, डॉश्र गाजी, डॉश्र स्वीटी मरांडी, प्रधान सहायक नीरज कुमार सहित शिक्षकों ने उन्हें माला पहनाकर स्वागत किया एवं बधाई दी। मौके पर गौतम झा,अचि्तो चौबे,सौरभ मिश्र एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

भगत सिंह की प्रतिमा लगाने की मांग को लेकर अनिश्चितकालीन धरने का 20वां दिन

● आखिर क्यूं भगत सिंह की प्रतिमा नहीं लगने देना चाहती है सरकार: उत्तम यादव

वरीय संवाददाता रांची। अनिश्चितकालीन धरने के 20 वें दिन सभा को संबोधित करते हुए अध्यक्ष उत्तम यादव ने कहा कि झारखंड क्रांतिकारियों की भूमि रही है और भगवान बिरसा मुंडा की धरती पर शहीदे आजम भगत सिंह को दो गज जमीन न मिल पाना दुःखद है। सरकार आखिर प्रतिमा क्यूँ नहीं लगने देना चाहती यह सब हमारी समझ से परे है।आज युवाओं का इस तरीके से सड़कों पर उतरना यह दिखाता है कि झारखंड के युवाओं में भगत सिंह के प्रति कितना सम्मान है और वे चाहते हैं कि हर हाल में भगत सिंह की प्रतिमा लगे अगर सरकार प्रशासन नहीं जाएगी तो 23 मार्च भगत सिंह के शहादत दिवस पर एक और शहादत होगा जिसकी पूरी जिम्मेदारी राज्य सरकार एवं जिला प्रशासन होगी। धरना में शैलेश नंद तिवारी, सावन लिंडा, वीरेंद्र गोश्त विजय तिर्की अनुराग तिर्की अंकित ग्रुप अजीत गुप्ता, उमेश साहू, रंजन माथुर, मिथिलेश सिंह, निखिल गुप्ता, संजय तिवारी, धीरज वर्मा शामिल थे।

इंडकल टेक्नोलॉजीज़ ने एसर एयरकंडीशनर्स की 2024 श्रृंखला की घोषणा की

रांची। भारत में एसर होम अप्लायंसेज़ के आधिकारिक लाईसेंसी, इंडकल टेक्नोलॉजीज़ प्राईवेट लिमिटेड ने एसर एयरकंडीशनर्स की 2024 श्रृंखला पेश की है। होम कूलिंग का अनुभव बेहतर बनाने के लिए निर्मित ये एयर कंडीशन 1 टन - 3 और 5 स्टार रेटिंग, 1.5 टन - 3 और 5 स्टार रेटिंग और 2 टन - 3 स्टार रेटिंग में उपलब्ध होंगे। इन एयरकंडीशनर्स में आर्कटिकरैप कूलिंग, एआईसेंस, और कूलस्फेयर एयरफ्लो मैनेजमेंट जैसी अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी हैं। ये नए एयरकंडीशनर ग्राहक-अनुभव को प्राथमिकता देते हुए शुरू में देश में सभी ऑफलाईन

रिटेल चैनलों पर उपलब्ध होंगे।एसर एयरकंडीशनर्स में भारत में पहली बार 7-इन-1 कन्वर्टिबल टेक्नोलॉजी के साथ उद्योग की अग्रणी विशेषता दी गई है। इस टेक्नोलॉजी द्वारा यूज़र्स कूलिंग को अपनी जरूरत के अनुसार अनुकूलित कर सकते हैं। इसके अलावा, इन एसी में आर्कटिक रैप कूलिंग है, जो 55 डिग्री सेल्सियस की गर्मी में भी शक्तिशाली और भरोसेमंद कूलिंग प्रदान करती है। एसर एसी की इंटैलिजेंट एआईसेंस टेक्नोलॉजी की मदद से ये मशीनें एडैप्टिव कूलिंग इंटैलिजेंस के साथ आती हैं, जिसकी मदद से ये यूज़र की पसंद के अनुरूप अनुकूलित हो जाते हैं, और बाहरी तापमान के आधार पर कूलिंग की सैटिंग को भी ऑप्टिमाईज़ कर देते हैं, ताकि बिजली की खपत कम हो, और बिजली का बिल कम आए। ये एसी बहुत कम नॉईज़ के साथ काम करते हैं। एसर एसी में दिए गए कूलस्फेयर एयरफ्लो द्वारा 3डी कूलिंग डाईव की मदद से कमरे में सबसे अच्छा कूलिंग का वातावरण मिलता है, जो पूरा कम्फर्ट प्रदान करता है।

महेशपुर प्रखंड में किसानों का एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का हुआ आयोजन

प्रतिनिधि, पाकुड़। उपायुक्त के निर्देशानुसार शुक्रवार को महेशपुर प्रखंड स्थित सभागार में प्रखंड विकास पदाधिकारी की अध्यक्षता में जेएसएलपीएस तथा कृषि एवं प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात प्राधिकरण भारत सरकार के संयुक्त तत्वाधान में प्रखंड के किसानों का एक दिवसीय क्षमतावर्धन कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की शुरुआत में जेएसएलपीएस के जिला आजिविका प्रबंधक वीरेन्द्र कुमार के द्वारा सभी अतिथियों का स्वागत किया गया। साथ ही कार्यक्रम का उद्देश्यों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी।

जिला कार्यक्रम प्रबंधक जेएसएलपीएस निशीकांत नीरज के द्वारा इस तरह के एक्सपोर्ट निरन्तर जारी रखने पर अपेडा के अधिकारियों तथा एक्सपोर्टर से अनुरोध किया गया। क्षेत्रीय प्रबंधक,अपेडा सीताकांत मंडल ने अपने संबोधन में किसानों को एक्सपोर्ट करने में तकनीकी जानकारी एवं फसल प्रबंधन के बारे में बताया गया। प्रखंड विकास पदाधिकारी सिद्धार्थ शंकर यादव ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम से किसानों का उत्साहवर्धन होता है, जिसके फलस्वरूप किसानों में कृषि कार्यों में रुचि बढ़ती है। उन्होंने कहा कि इसके लिए प्रखंड कार्यालय के तरफ से हरसंभव सहायता किया जाएगा। इस कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक एवं चास हाट से जुड़े लगभग 80 से अधिक किसानों ने भाग लिया। वही इस कार्यक्रम में जेएसएलपीएस महेशपुर के प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक उज्ज्वल रविदास, वाईपी ऋषिकेश जाधव,एफटीसी बिपिन कुमार,महमूद आलम, बुद्धिनाथ मुर्मू तथा अन्य कर्मी, अपेडा से जुड़े एक्सपोर्टर आदि भी उपस्थित रहे।

ईआरएमयू पाकुड़ शाखा द्वारा रेलवे क्वार्टर के विस्तार के लिए रखी एकमुश्त राशि की मांग

प्रतिनिधि,पाकुड़। विगत 13 मार्च से 14 मार्च तक मंडल कार्यालय हावड़ा में ईस्टर्न रेलवे मेंस यूनियन के साथ चल रही पी एन एम बैठक में ईस्टर्न रेलवे मेंस यूनियन पाकुड़ शाखा की ओर से शाखा अध्यक्ष कामरेड अखिलेश कुमार चौबे एवं शाखा सचिव संजय कुमार ओझा ने भाग लिया। इस क्रम में पाकुड़ शाखा द्वारा कर्मचारियों से संबंधित विभिन्न विषयों पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई । शाखा सचिव कामरेड संजय कुमार ओझा ने बताया कि इस बार की प्रमुख मांगों में सबसे आवश्यक मांग पाकुड़ रेलवे कॉलोनी के टाइप 1 क्वार्टर की मरम्मती को लेकर रखा गया । ज्ञात हो कि विगत 14 जनवरी 2024 को मंडल प्रबंधक हावड़ा ने रेलवे कॉलोनी के निरीक्षण के उपरांत निर्देश दिया था कि कनीय अभियंता एवं यूनियन के प्रतिनिधि मिलकर एक सर्वे करेंगे एवं इसकी विस्तृत रिपोर्ट तीन दिन के अंदर मंडल कार्यालय भेजी जाए। इस रिपोर्ट को भेजने के बाद यह जानकारी मिल रही थी कि उक्त

कार्य के लिए समुचित राशि उपलब्ध नहीं है । शाखा सचिव कामरेड संजय कुमार ओझा ने पी एन एम बैठक में मंडल प्रबंधक हावड़ा , संजीव कुमार के समक्ष इस विषय को विस्तार पूर्वक रखा एवं रेलवे प्रशासन को यह समझाने में सफल रहे कि अगर रेलवे क्वार्टर की मरम्मती के लिए एकमुश्त राशि की व्यवस्था नहीं की गई तो सभी रेलवे करमचारी रेलवे क्वार्टर खाली कर प्राइवेट घर में चले जाएंगे। परिणाम स्वरुप रेलवे को प्रतिवर्ष 50 लाख रुपए का नुकसान होगा एवं रेलवे क्वार्टर अन्य जगहों की तरह असामाजिक तत्वों का अड्डा बन जाएगा। इसके बाद मंडल प्रबंधक हावड़ा ने वरिष्ठ मंडल अभियंता समन्वय सुनील कुमार को इस कार्य हेतु अलग से टेंडर करने का निर्देश दिया। इसके अलावा सभी छोटे स्टेशन गुमानी, कोटालपोखर, तिलभीठा, नगरनबी, राजग्राम , वांसलई ब्रिज, मुराराई , चतरा,नलहटी स्टेशन पर कार्यरत कर्मचारियों के लिए ड्यूटी पास की व्यवस्था की गई । कोटल पोखर में 43 गेट में ड्यूटी को 12 घंटा से 8 घंटा करने हेतु जल्द आदेश निकाल दिया जाएगा । राजग्राम ,चतरा एवं नलहटी में पोटर के ड्यूटी का जॉब एनालिसिस 15 दिन के अंदर पूरा कर लिया जाएगा ,इस बात का आश्वासन मंडल कार्मिक पदाधिकारी ने दिया। सिग्नल विभाग में मुरारई, चतरा , नलहटी, सादीनपुर स्टेशनों पर कर्मचारियों की संख्या को बढ़ाने हेतु रखे गए विषय पर वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूर संचार अभियंता ने आश्वासन दिया, कि इन स्टेशनों पर कर्मचारियों की संख्या 3 महीने के भीतर बढ़ाई जाएगी। इंजीनियरिंग विभाग की समस्याओं हेतु वरिष्ठ मंडल अभियंता(समन्वय) के साथ अलग से बैठक रखी जाएगी ताकि उनकी समस्याओं पर विस्तार पूर्वक चर्चा की जा सके । विद्युत विभाग पाकुड़ (सामान्य) में एक लाइनमैन यथाशीघ्र दिया जाएगा एवं सभी पंप के देखरेख हेतु एक अलग टेंडर निकाला जाएगा जिसमें समान एवं मैनपॉवर दोनों एजेंसी द्वारा दिया जाएगा । लोको विभाग के कर्मचारी हेतु क्वार्टर के लिए टेंडर प्रक्रिया एक सप्ताह के भीतर पूरी कर ली जाएगी। साथ-साथ मंडल प्रबंधक हावड़ा के समक्ष पाकुड़ यार्ड में शुद्ध पेयजल हेतु प्रस्ताव रखा गया, जिस पर उन्होंने वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता(सामान्य) को यथाशीघ्र प्लांट लगाने का निर्देश दिया। ईस्टर्न रेलवे मेंस यूनियन द्वारा रेल प्रशासन को धन्यवाद दिया गया, जिन्होंने सभी कर्मचारियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना एवं उसके समाधान हेतु यथासंभव प्रयास करने पर अपनी सहमति जताई।

भाजपा चुनाव प्रबंधन समिति और कोर कमेटी की बैठक में बाबूलाल मरांडी ने दिया जीत का मूल मंत्र

प्रतिनिधि, पाकुड़। भाजपा राजमहल लोकसभा चुनाव प्रबंधन समिति की बैठक शहर के होटल रॉयल रेसिडेंसी में आयोजित किया गया। बैठक में मुख्य रूप से भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, लोकसभा के प्रत्याशी ताला मरांडी,प्रदेश उपाध्यक्ष-सह-राजमहल लोकसभा के प्रभारी राकेश प्रसाद,लोकसभा के संयोजक और राजमहल के विधायक अनंत कुमार ओझा, सेक्टर प्रभारी व प्रदेश मंत्री गणेश मिश्रा,लोकसभा सहसंयोजक दुर्गा मरांडी,साहिबगंज जिला प्रभारी अनुज आर्य,पाकुड़ जिला प्रभारी अमित कुमार सिंह सहित साहिबगंज जिलाध्यक्ष उज्जवल मंडल, पाकुड़ जिलाध्यक्ष अमृत पाण्डेय सहित लोकसभा क्षेत्र के 6 विधानसभा क्षेत्र के प्रमुख कार्यकर्ता मौजूद थे। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी लोकसभा चुनाव की जीत का मूल मंत्र देकर भाजपा कार्यकर्ताओं को लोकसभा चुनाव की तैयारी में जुड़ने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ नियति और नीति भी है, इसलिए जनता भाजपा से सहमत है। अब सभी कार्यकर्ताओं को चुनाव प्रबंधन समिति के माध्यम से सामूहिक रूप से

राजमहल लोकसभा क्षेत्र को गति प्रदान करना है।उन्होंने आगे कहा कि कार्यकर्ता लाभार्थियों से सम्पर्क स्थापित कर भाजपा के पक्ष में समर्थन मांगे।केंद्र सरकार की योजनाओं के बारे में चर्चा करने के साथ हर कार्य क्षेत्र में कार्य करना है। हर काम को आगे बढ़कर करना है और अबकी बार चार सौ पार के लक्ष्य को प्राप्त करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एक बार पुनः प्रधानमंत्री बनाना है तथा जनता के आशीर्वाद से इस बार राजमहल लोकसभा में कमल खिलाना है। राजमहल लोकसभा के प्रभारी-सह-प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश प्रसाद ने चुनाव प्रबंधन समिति के सूची पर प्रकाश डालते हुए कहा कि चुनावी समर में हर कार्यकर्ताओं का योगदान महत्वपूर्ण है।चुनाव प्रबंधन समिति के कार्यकर्ताओं को उन्होंने दायित्व बोध करवाया। प्रसाद ने कहा कि राजमहल के भाजपा प्रत्याशी को अधिक से अधिक मतों से जीता कर केंद्र में एक बार पुनः मोदी जी को प्रधानमंत्री बनाना है,कार्यकर्ता पार्टी के रीढ़ होते हैं।उन्होंने कार्यकर्ताओं को जिम्मेवारी देते हुए तीसरी बार मोदी सरकार बनाने का आह्वान किया।

राजमहल के विधायक और लोकसभा के संयोजक अनंत कुमार ओझा ने कहा अब समय कम है, बूथ प्रबंधन को मजबूत रखना हमारी जिम्मेदारी है।इसमें विधानसभा संयोजकों की महत्वपूर्ण दायित्व है।बूथ मजबूत होगा तो मतदान प्रतिशत बढ़ेगा।आगे उन्होंने कहा कि मेरा बूथ सबसे मजबूत होगा तभी धरातल पर उतरेगा।चुनाव प्रबंधन समिति को विधानसभा बार जाकर अपने कार्यों को करें यही हमारी नैतिक जिम्मेदारी है। बैठक में अनुग्राहित प्रसाद साह हिसाबी राय, विवेकानंद तिवारी, सम्पा साहा, दानियल किस्कू, मिस्त्री सोरेन, सुफल मरांडी, गणेश तिवारी, सुरेंद्र भगत, बजरंगी यादव मिश्फिका हसन, बलराम दुबे, लोकसभा के विस्तारक मनोज कुमार सिंह, विधानसभा के विस्तार जयप्रकाश यादव, शिवचरण मालतो सहित लोकसभा क्षेत्र के प्रमुख कार्यकर्ता घर मौजूद थे।

साहिबगंज की बेटी सीमा सिंह को बिहार में मिला 'गार्गी अचीवर्स' अवार्ड

प्रतिनिधि,साहिबगंज। साहिबगंज शहर की बेटी सीमा सिंह को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में बिहार में सामाजिक क्षेत्र के लिए उत्कृष्ट कार्य के लिए ÷गार्गी अचीवर्स÷ अवार्ड से सम्मानित किया गया है। उनकी इस उपलब्धि से परिजनों, रिश्तेदारों व मित्रों में हर्ष व्याप्त है। बता दें कि यह अवार्ड होप फ़ॉर कैंसर पेशेंट्स' संस्था में महत्वपूर्व योगदान के लिए दिया गया है। सीमा सिंह होप फ़ॉर कैंसर पेशंट्स' संस्था की मैनेजिंग ट्रस्टी हैं और लगातार देश भर में कैंसर रोगियों की सेवा में लगी रहती हैं। सीमा सिंह ने कैंसर सर्वाइवर के रूप में कोरोना काल में भी बेखौफ होकर मरीजों की सेवा की थी। झारखंड के साहिबगंज में दुर्गम पहाड़ी इलाकों में आदिम जनजाति व आदिवासी गांवों में जरूरतमंद लोगों के बीच राशन सहित अन्य सामाग्री का भी वितरण किया था। सीमा सिंह को दिल्ली के वर्ल्ड एसोसिएशन ऑफ वुमेन वॉरियर का कम्युनिटी हेल्थ वॉरियर अवार्ड, कर्नाटक के इमर्ज एफएलएलएन वूमेन अचीवर अवार्ड, सोशल एंटरप्रेन्योर ऑफ दी ईयर अवार्ड, कर्नाटक के फेडरेशन ऑफ कर्नाटका चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के समाजिक महिला उद्यमी अवार्ड सहित देश भर में कई अवार्ड से नवाजा जा चुका है।

OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER,
MINOR IRRIGATION DIVISION, KODERMA
e-Procurement Tender Notice

Tender Reference No: - WRD/MID/KODERMA/F2-34/2023-24
Letter no-281Date: - 15.03.2024

Details of Works:-

Group No.	Scheme Name	Estimated Cost (In Lakh)	Time of Completion
1.	Renovation of Badka Aahar at Block-Jainagar, Dist-Koderma	27.519	11 Months
2.	Renovation of Kajara Aahar at Block-Koderma, Dist-Koderma	52.547	11 Months

1.	Date of Publication of e-Tender on Website	20.03.2024 at 3:00 P.M
2.	Last date/Time for Submission of e-Tender bids Online	04.04.2024 up to 5:00 P.M
3.	Last Date for Online Submission of Tender Fee and EMD	04.04.2024 up to 5:00 P.M
4.	Date of opening of e-Tender	06.04.2024 at 3:00 P.M
5.	Name & address of office inviting tender	Executive Engineer, Minor Irrigation Division, Koderma
6.	Contact no. of e-Procurement officer	9939193214
7.	E-mail of e-Procurement office	eemidkod-cemr-jhr@nic.in

Note: - 1) Only e-Tender will be accepted.
2) Published Estimated Cost May be Increased or Decreased.
3) Mode of Submission of Online Tender/Tender Fee/EMD Through
http://jharkhandtenders.gov.in

Executive Engineer,
Minor Irrigation Division, Koderma.

PR 322773 Minor Irrigation(23-24)D

जैक द्वारा आयोजित आठवीं बोर्ड की परीक्षा शनिवार से, तैयारी पूरी

प्रतिनिधि,मेहरमा (गोड्डा)। झारखंड अधिविध परिषद रांची द्वारा आयोजित आठवीं बोर्ड की परीक्षा शनिवार को आयोजित की जाएगी। परीक्षा को लेकर सभी आवश्यक तैयारी शिक्षा विभाग द्वारा पूरी ली गई है। परीक्षा दो पाली में आयोजित की जाएगी। इस परीक्षा हेतु परीक्षार्थियों को परीक्षा में प्रवेश के लिए प्रवेश पत्र ऑनलाइन उपलब्ध करा दिया गया है। यह परीक्षा ओ एम आर सीट पर ली जाएगी। जिस पर संबंधित छात्र का डाटा पहले से ही अंकित होगा। जिन छात्रों को पहले से डाटा अंकित ओ एम आर सीट उपलब्ध नहीं होगा उनकी परीक्षा परिषद द्वारा उपलब्ध कराए गए खाली ओ एम आर शीट पर ली जाएगी। ऐसे छात्रों को अपना डाटा सावधानी पूर्वक भरना होगा ताकि उस छात्र का ओ एम आर शीट कंप्यूटर से मूल्यांकित हो सके। परीक्षा उपरांत व्यवहार में ले गए एवं जो ओ एम आर शीट व्यवहार में नहीं लाया जा सका एवं छात्र-छात्राओं का उपस्थिति पत्रक को अलग-अलग पैकिंग कर निर्धारित वज्रगृह में संधारित किया जाना है। परीक्षा को लेकर विक्षण एवं कार्यालय कार्य के लिए पर्याप्त संख्या में शिक्षकों को प्रतिनियुक्त किया गया है। प्रतिनियुक्त शिक्षकों द्वारा शुक्रवार को ही संबंधित परीक्षा केंद्र पर योगदान कर लेने की खबर मिल रही है. आठवीं बोर्ड की परीक्षा के लिए प्रखंड में कई परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं जिनमें उच्च विद्यालय मड़पा, उत्क्रमित मध्य विद्यालय बिरनिया, उच्च विद्यालय घोरीकिता, मध्य विद्यालय घोरीकिता, उत्क्रमित मध्य विद्यालय धनकुडिया बड़ी, उत्क्रमित उच्च विद्यालय भुस्का, उत्क्रमित उच्च विद्यालय मेहरमा कन्या, एवं उत्क्रमित उच्च विद्यालय फिरोजपुर का नाम शामिल है।

गोड्डा सांसद डॉ निशिकांत दुबे के पहल पर महागामा नगर पंचायत क्षेत्र में लगाई जा रही है स्ट्रीट लाइट

प्रतिनिधि, गोड्डा। गोड्डा लोकसभा के महागामा क्षेत्र में देश में प्रख्यात सांसद डॉ.निशिकांत दुबे के द्वारा महागामा के लोग जो कि इतने लंबे अरसे से अंधेरे में अपने जीवन यापन कर रहे थे आम जनमानस को कल्याण के हेतु पूरे शहर में स्ट्रीट लाइट लगाकर क्षेत्र को उजाला में करने का कार्य हमारे सांसद के द्वारा विगत दो दिनों से किया जा रहा है। गोड्डा लोकसभा की जनता जानती है कि हमारे सांसद अपने कल्याणकारी योजनाओं एवं विकास कार्यों के लिए पूरे देश भर में जाने जाते हैं उन्हीं की एक पल जो हम आज उसका सुख प्राप्त कर रहे हैं रेलवे एम्स एयरपोर्ट आदि व्यवस्थाओं के बाद अब महागामा के लोगों को स्ट्रीट लाइट की भी सुविधा प्रदान की जा रही है। यह आज भविष्य की संदेश है की पुनः गोड्डा लोकसभा से निशिकांत दुबे को भाजपा की सांसद प्रत्याशी के रूप में तय किया गया है। इन सभी कार्यों के द्वारा सांसद का संदेश दिया है कि एक बार पुनः अगर गोड्डा लोकसभा से निशिकांत दुबे को सांसद के रूप में जनता चुनती है तो वह भविष्य में इससे भी बेहतर जनकल्याण एवं लोगों के विकास के लिए हर पल तत्पर रहेंगे एवं दिन दुनिरात चौगुनी विकास कार्य होती रहेगी।

देवघर में लगा बागेश्वर धाम के दरबार में गोड्डा से शामिल होने पहुचें श्रद्धालू

प्रतिनिधि,गोड्डा। आज देवघर कॉलेज के मैदान में गोड्डा सांसद निशिकांत दुबे के द्वारा आयोजित बागेश्वर धाम संत समागन कार्यक्रम मे गोड्डा से हजारों श्रद्धालु पहुचें द्य

भाजपा के गोड्डा लोकसभा क्षेत्र के मीडिया प्रभारी ने बताया की बागेश्वर धाम के धीरेन्द्र शास्त्री ने बाबा बैद्यनाथ की महिमा का वर्णन विस्तार पूर्वक बताया और भगवान शिव के आभूषणों का विस्तार पूर्वक वर्णन किया द्यगोड्डा जिला अध्यक्ष संजीव मिश्रा, दिशा के सदस्य संतोष सिंह,महामंत्री मुरारी चौबे, पूर्व जिलाध्यक्ष राजेश झा, पवन झा,महिला जिला अध्यक्ष डोली गुप्ता,लक्ष्मी चक्रवर्ती, बबलू सिंह आदि लोग शामिल हुए ।

झारखंड संयुक्त असैनिक सेवा प्रारंभिक प्रतियोगिता परीक्षा के सफल संचालन को लेकर डीसी ने की बैठक

प्रतिनिधि, पाकुड़। उपायुक्त मृत्युंजय कुमार बरणवाल की अध्यक्षता में शुक्रवार को समाहरणालय स्थित सभागार में झारखंड संयुक्त असैनिक सेवा प्रारंभिक प्रतियोगिता परीक्षा के आयोजन को लेकर बैठक की गई। बैठक में उपायुक्त ने कहा कि यह बेहद महत्वपूर्ण परीक्षा है। इसके बेहतर संचालन एवं कदाचार मुक्त संपन्न कराने के लिए आप सबों को बेहतर समन्वय स्थापित करते हुए काम करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि निष्पक्ष और कदाचार मुक्त परीक्षा कराना हम सब की बड़ी जिम्मेदारी है। झारखंड लोकसेवा आयोग द्वारा परीक्षा संचालन को लेकर जारी मार्ग- निर्देशिका का अक्षरश-अनुपालन सुनिश्चित करेंगे। उपायुक्त ने सभी पर्यवेक्षक सह दंडाधिकारी को निर्देश दिया कि वे परीक्षा तिथि को निर्धारित समय से न्यूनतम दो घंटे पहले परीक्षा केंद्र पर पहुंचकर परीक्षा को कदाचार मुक्त

और सुगमता पूर्वक संचालित कराने के लिए सभी तरह के कार्रवाई सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने कहा कि सेंटर सुपरिटेंडेंट यह सुनिश्चित करें कि उनकी ओर से कोई चूक ना हो।उपायुक्त ने कहा कि परीक्षा संचालन में लगे कोई भी गलत आचरण करते पाया गया तो उनके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। 17 मार्च को आयोजित होने वाली झारखंड संयुक्त सेवा प्रारंभिक प्रतियोगिता परीक्षा को लेकर शहर में 16 केन्द्र बनाए गये है जिसमें कुल 5592 अभ्यर्थी शामिल होंगे। परीक्षा दो पालियों में आयोजित की जाएगी पहली पाली में 10 से 12 वहीं दूसरी पाली में 2 से 4 बजे तक परीक्षा का आयोजन होगा। परीक्षा को कदाचार मुक्त कराया जा सकें। इसके लिए सभी केंद्रों पर सीसीटीवी एवं वीडियोग्राफी की भी व्यवस्था की गयी है। इस बैठक में परियोजना निदेशक अरुण कुमार एक्का, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी अजय सिंह बड़ाईक, जिला शिक्षा अधीक्षक नयन कुमार, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी राहुल कुमार, सेंटर सुपरिटेंडेंट, स्टैटिक दंडाधिकारी, उड़नदस्ता टीम के सदस्य एवं एसएमपीओ पवन कुमार समेत अन्य उपस्थित थे।

49 हजार लूट कर भाग रहे दो सड़क लुटेरों को चौपारण पुलिस ने किया गिरफ्तार

लूटकांड का 2 घंटे में पुलिस ने किया उद्भेदन, दो लुटेरों को भेजा जेल

पुलिसिया करवाई से चौपारण वासियो को राहत

प्रतिनिधि,चौपारण। चौपारण(हजारीबाग) नये थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह के पुलिसिया करवाई से प्रखंडवासियों को राहत मिली है। विदित हो कि बैंक ऑफ इंडिया शाखा चौपारण से एक महिला ?49 हजार का निकासी कर अपने घर जा रही थी। जिसे अज्ञात कार सवार व्यक्तियों के द्वारा दिन दहाड़े लूट की घटना को अंजाम दिया गया। घटना को अंजाम देने के बाद अपराधी फरार हो गये। इस घटना से चौपारण बाजार में दहशत का माहौल बन गया। जिसकी सूचना थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह को दी गयी। इस सूचना को वरीय पदाधिकारियों से अवगत कराते हुए थाना प्रभारी दीपक सिंह ने सशस्त्र बल के साथ त्वरित कार्रवाई करते हुए ग्राम विगहा के समीप एक कार वाहन संख्या बीआर 29 एएफ 8125 को घेराबंदी कर पकड़ लिया गया तथा पकड़ाये वाहन का विधिवत तलाशी लेने पर लूट कर भाग रहे ?49000 को बरामद कर लिया गया। साथ ही दोनों लुटेरों के पास से एक स्मार्ट मोबाईल एवं एक किपेड मोबाईल बरामद किया गया। इस संबंध में आवश्यक कार्रवाई करते हुए चौपारण थाना काण्ड संख्या 68/24 धारा 392 भादवि दर्ज कर लूट कांड में संलिप्त राजन साहनी पिता मदन साहनी ग्राम उज्जैना लोहियार, थाना हरसिद्दी, जिला मोतिहारी बिहार एवं हरेन्द्र कुमार पिता फुलेना साह ग्राम समरदाह, थाना बसंतपुर, जिला सिवान बिहार को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत भेज दिया गया। त्वरित करवाई का नेतृत्व थाना प्रभारी सिंह के अलावे टीम में सअनि रामु महतो एवं चौपारण थाना सशस्त्र बल शामिल थे।

कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय,
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, हजारीबाग

ई–अति अल्पकालीन पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना

ई–निविदा सं0 :– 10/RE/2023-24/RWD/EE/HAZARIBAG दिनांक :– 13.03.2024

कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, हजारीबाग द्वारा निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है ।

1.कार्य की विवरणी :–

क्र0 सं0	आईडेन्टी फिकेशन संख्या/पैकेज संख्या	प्रखण्ड	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि (रुपया में) अंक में	अक्षर में	कार्य समाप्ति की अवधि	कॉल
1	RWD/HAZ/DMF T/04/2023-24	बड़कागॉव	ग्राम तलसवार में मुख्य पथ से उपरी तालाब तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण।	2,65,14,200/-	दो करोड़ पैसठ लाख चौदह हजार दो सौ रुपये मात्र	9 (नौ) माह	द्वितीय

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :–18.03.2024 ।
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :–26.03.2024 अपराहन 5.00 बजे तक ।
4. निविदा खोलने की, तिथि, एवं समय–27.03.2024 पूर्वाहन 11.30 बजे।
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पता :–कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, हजारीबाग ।
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0–06546–265286 ।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है ।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण कार्य विभाग,
कार्य प्रमण्डल, हजारीबाग

PR 322914 Rural Work Department(23-24).D

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लातेहार

ई-निविदा आमंत्रण सूचना

संख्या – EE/RDSD/LATEHAR/21/2023-24

1. कार्य की विस्तृत विवरणी :

क्र० सं०	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि	अग्रधन की राशि	परिमाण विपत्र का मूल्य	कार्य पूर्ण करने की अवधि
1	लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड बालुमाथ पंचायत बसिया Building of Pre Fabricated Anganwadi center बहेरा का निर्माण।	2492000	50000	5000	3 माह
2	लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड बरवाडीह पंचायत केड़ Building of Pre Fabricated Anganwadi center केड़ का निर्माण।	2492000	50000	5000	3 माह

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 02.04.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 02.04.2024 से दिनांक 15.04.2024 को अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय –18.04.2024 अपराह्न 2:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 06565796434
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लातेहार

PR 322849 Rural Development (23-24)_D



संपादकीय

सीएए का अतार्किक विरोध

यह तो तय था कि नागरिकता (संशोधन) अधिनियम, यानी सीएए के नियमों को लागू करने संबंधी अधिसूचना जिस किसी दिन भी जारी होगी, इसे लेकर एक बार फिर राजनीतिक मोर्चेबंदी देखने को मिलेगी और सियासी पार्टियां अपने मुफीद मोर्चे पर जा खड़ी होंगी। ऐसे में, पश्चिम बंगाल और केरल के बाद अब तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन का रुख भी अप्रत्याशित नहीं है। सीएए को संविधान की मूल संरचना के विरुद्ध बताते हुए उन्होंने एलान किया है कि वह इसे तमिलनाडु में लागू नहीं होने देंगे। विडंबना यह है कि जिस संविधान की दुहाई देते हुए ये मुख्यमंत्री सीएए कानून को अपने-अपने प्रदेश में लागू न होने देने की बात कह रहे हैं, वही उन्हें ऐसा करने का अधिकार नहीं देता! हमारे संविधान निर्माताओं ने संघीय ढांचे का प्रारूप तय करते समय ऐसे संभावित हालात पर काफी बहस-विमर्श के बाद अधिकारों का स्पष्ट बंटवारा किया था और उनकी तीन विषय-सूची बनाई थी- केंद्रीय सूची, राज्य सूची और समवर्ती सूची। नागरिकता केंद्रीय सूची का विषय है। इससे जुड़े कानून को राज्य सरकारें नकार नहीं सकतीं। अलबत्ता, असहमति की सूरत में वे शीर्ष अदालत का दरवाजा खटखटा सकती हैं। सुप्रीम कोर्ट संविधान का संरक्षक है। ऐसा नहीं है कि ये मुख्यमंत्री इस हकीकत से नावाकिफ हैं या सीएए संबंधी अधिसूचना अचानक उनके सामने आ प्रकट हुई है। गृह मंत्री अमित शाह पूर्व में कई बार कह चुके थे कि आम चुनाव से पहले इसे लागू कर दिया जाएगा। निस्संदेह, इस अधिसूचना के जारी किए जाने के समय के अपने राजनीतिक निहितार्थ हो सकते हैं, मगर इसका मुकाबला भी इन मुख्यमंत्रियों को राजनीतिक रूप से ही करना चाहिए। पर इसके विरोध में यह कहना कि वे इस कानून को अपने यहां लागू नहीं होने देंगे, कहीं न कहीं सांविधानिक शपथ का उल्लंघन है। जब केरल सरकार ने खुद संविधान के अनुच्छेद-131 के तहत इस कानून को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दे रखी है, बल्कि इस संदर्भ में सौ से भी ज्यादा याचिकाएं दायर हैं और केंद्र ने भी अदालत में दायर अपने शपथपत्र में कह रखा है कि यह कानून किसी भी भारतीय नागरिक की नागरिकता को प्रभावित नहीं करता, तो सांविधानिक पद पर बैठे स्टालिन जैसे लोगों को सुप्रीम कोर्ट के ऊपर भरोसा करना चाहिए।

एमएसपी गारंटी देनी है तो पूरा सिस्टम बनाना पड़ेगा

(दिनेश कुलकर्णी)

आजकल देश में ही नहीं बल्कि यूरोप, अमेरिका सहित कई देशों में किसानों के आंदोलन चल रहे हैं। सब जगह समान मुद्दा है कि खेती करना आर्थिक दृष्टि से अब फायदे का सौदा नहीं रह गया है। लागत बढ़ती जा रही है और उपज के दाम में अस्थिरता है।

बाजार भरोसे- भारत के किसानों की मुख्य समस्या उपज की कम कीमत है। कृषि उत्पादों की कीमतें सरकारें अपने हिसाब से शुरू से ही तय करती रही हैं। जब देश में अनाज की कमी थी, तब सरकारें कुछ कीमत तय कर किसानों से जबरदस्ती खरीद कर लेती थीं। वही न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की शुरुआत थी। जब सरकार की जरूरत केवल सार्वजनिक वितरण प्रणाली तक सीमित हो गई, तो उसने उसके लिए अनाज खरीदने की जिम्मेदारी ली और बाकी के लिए किसानों को बाजार भरोसे छोड़ दिया।

सिर्फ गेहूं-धान- सार्वजनिक वितरण प्रणाली के लिए केवल धान-गेहूं पर ही विचार किया गया। फिर उसकी अधिकतर खरीद पंजाब-हरियाणा से होने लगी। इसके परिणाम सामने हैं। पंजाब-हरियाणा में जमीन की उपजाऊ क्षमता काफी घट गई है और फसलों का विविधीकरण खत्म हो गया। इससे किसान को आर्थिक नुकसान भी उठाना पड़ा। वह कर्ज में डूब गया। विडंबना है कि जिस राज्य से ज्यादा खरीद होती थी, वहां का किसान ज्यादा आक्रोशित है।

नहीं मिला लाभ- पिछले 10 वर्षों में सरकार एमएसपी में बढ़ोतरी कर रही है। पंजाब, हरियाणा के साथ ही राजस्थान, मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश में भी सरकारी खरीद बढ़ी है। किंतु देशभर के किसानों को इसका लाभ नहीं मिल रहा। सरकार ने गेहूं-चावल के साथ ही दलहन-तिलहन की भी एमएसपी बढ़ाई है। मगर उसकी खरीद की व्यवस्था न होने के कारण बहुत बार किसान को एमएसपी के नीचे ही उपज बेचनी पड़ती है। इन हालात में एमएसपी में बढ़ोतरी का भी फायदा किसान को नहीं मिलता। कारण, उसकी कोई गारंटी नहीं है।

घाटे की जीएसटी- वहीं खेती में लगने वाली चीजों की कीमत पर सरकार का नियंत्रण नहीं है। इन चीजों और मजदूरी में औसतन दोगुनी बढ़ोतरी हुई है। बीज, उर्वरक, कीटनाशकों के दामों में भी भारी वृद्धि हुई है। उत्पादक होने के बावजूद किसान को इन चीजों पर जीएसटी भी भरनी पड़ती है, जो जीएसटी की मूल अवधारणा के विपरीत है। किसान को यह तस्क्र वापस मिलने की कोई व्यवस्था नहीं है। इसके कारण उसकी जो लागत बढ़ी है, वह न्यूनतम समर्थन मूल्य से ज्यादा ही आती है।

छोटे-मझोले किसान- किसानों की मांग ऐसी स्स्क्र की है, जो लाभकारी हो। अपने यहां छोटे और मझोले किसान सबसे ज्यादा हैं। उसके पास बेचने के लिए एक-दो फसल के अलावा अनाज होता ही नहीं। वे चाहते हैं कि कीमत मिलने का कुछ पक्का बंदोबस्त हो। वही गारंटी उसे चाहिए। सरकार कीमत तो घोषित करती है, पर वही कीमत उसे मिले, इसकी वह जिम्मेदारी नहीं लेती। साथ ही सरकार की आयात-निर्यात नीति भी इस समस्या को बढ़ाती है।

बने सिस्टम- आज अनेक विद्वान इस चिंता में दुबले हो रहे हैं कि समर्थन मूल्य की गारंटी देना संभव नहीं और देश की अर्थव्यवस्था पर इससे बोझ बढ़ेगा। किसान की साधारण, न्यायसंगत अपेक्षा यही है कि उसकी लागत पर लाभ जोड़कर उसे कीमत मिले। और उसे इससे कम कीमत पर उपज न बेचनी पड़े। यह बात नीतिकारों और विद्वानों को समझनी होगी। इस मसले का रास्ता ढूंढना होगा। किसान को कीमत की गारंटी देने के लिए हमें कई तरह के उपाय करने होंगे। सरकारी खरीद के साथ एक पूरा तंत्र विकसित करना होगा।

बढ़ें मंडियां- सरकार को छोटे बाजारों को प्राथमिकता से विकसित करना होगा। चार वर्ष पूर्व 20 हजार छोटी मंडियों को विकसित करने की बात बजट में की गई थी। यह एक अच्छा कदम है, मगर इस पर अमल नहीं हुआ। 2047 तक विकसित भारत का सपना साकार करने के लिए हम कृषि का विचार तो कर ही रहे हैं, किंतु उसे चलाने वाले छोटे व मझोले किसानों के हितों को ध्यान में रखना होगा, तभी सही मायने में भारत विकसित होगा। (लेखक भारतीय किसान संघ के अखिल भारतीय संगठन मंत्री हैं) ऊपर व्यक्त विचार लेखक के अपने हैं।

इंडिया गठबन्धन की उलझनों से चुनावों में भाजपा की राह आसान होती दिख रही है

इंडिया गठबन्धन लगातार कमजोर होता हुआ दिखाई दे रहा है जबकि केंद्र की सत्ता पर काबिज राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन-एनडीए में नये दलों के जुड़ने की खबरों से उसके बड़े लक्ष्य के साथ जीत की राह आसान होती जा रही है। लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने अपने सहयोगी दलों के साथ 400 सीटें जीतने का लक्ष्य निश्चित किया है। भाजपा जहां इस बड़े लक्ष्य तक पहुंचने के लिए पुराने सहयोगियों को फिर से साध रही है तो दूसरे दलों के नेताओं को अपने पाले में करने पर भी पार्टी का जोर है और वह इसमें बड़ी सफलताओं को प्राप्त कर रही है। ओडिशा में बीजेडी और आंध्र में टीडीपी से गठबंधन पक्का माना जा रहा है। त्रिपुरा का मुख्य विपक्षी दल टिपरा मोथा भी अब भाजपा सरकार में शामिल हो गया है। भाजपा पूरब से पश्चिम और उत्तर से दक्षिण तक चुनावी समीकरण सेट करने एवं विभिन्न दलों को एनडीए में शामिल करने की रणनीति में जुटी है। भाजपा ने अभी अनेक प्रांतों में अपने उम्मीदवारों के नामों की घोषणा नहीं की है, ताकि दूसरे दलों के एनडीए में शामिल करने एवं उनसे सीटों के समीकरण को सेट करने के दरवाजे खुले रहे। निश्चित रूप से भाजपा की यह मजबूत होती स्थिति विपक्ष की एकता के लिए अच्छी खबर नहीं कही जा सकती क्योंकि इंडिया गठबन्धन विभिन्न मजबूत क्षेत्रीय दलों का ही गठबन्धन माना जाता है जिसमें कांग्रेस एकमात्र राष्ट्रीय पार्टी है। समाजवादी पार्टी एवं आम आदमी पार्टी के अलावा अन्य क्षेत्रीय दलों में उतना दम नहीं है, या अनेक मजबूत दल एनडीए के साथ जुड़ चुके हैं या उन्होंने स्वतंत्र चुनाव लड़ने की घोषणा करके इंडिया गठबन्धन की सांसें छीन ली है। इन नये गठजोड़ों से बनते राजनीतिक परिदृश्य इंडिया गठबन्धन के लिये चिन्ता का कारण है।

(ललित गर्ग)

वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव ऐतिहासिक होंगे। ऐसी संभावनाएं हैं कि भाजपा शारदार एवं ऐतिहासिक जीत को सुनिश्चित करने के लक्ष्य को लेकर सक्रिय है। नरेन्द्र मोदी चाहते हैं कि इन चुनावों के परिणाम उनके 400 सीटों के लक्ष्य को हासिल करें।

इंडिया गठबन्धन लगातार कमजोर होता हुआ दिखाई दे रहा है जबकि केंद्र की सत्ता पर काबिज राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन-एनडीए में नये दलों के जुड़ने की खबरों से उसके बड़े लक्ष्य के साथ जीत की राह आसान होती जा रही है। लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने अपने सहयोगी दलों के साथ 400 सीटें जीतने का लक्ष्य निश्चित किया है। भाजपा जहां इस बड़े लक्ष्य तक पहुंचने के लिए पुराने सहयोगियों को फिर से साध रही है तो दूसरे दलों के नेताओं को अपने पाले में करने पर भी पार्टी का जोर है और वह इसमें बड़ी सफलताओं को प्राप्त कर रही है। ओडिशा में बीजेडी और आंध्र में टीडीपी से गठबंधन पक्का माना जा रहा है। त्रिपुरा का मुख्य विपक्षी दल टिपरा मोथा भी अब भाजपा सरकार में शामिल हो गया है। भाजपा पूरब से पश्चिम और उत्तर से दक्षिण तक चुनावी समीकरण सेट करने एवं विभिन्न दलों को एनडीए में शामिल करने की रणनीति में जुटी है। भाजपा ने अभी अनेक प्रांतों में अपने उम्मीदवारों के नामों की घोषणा नहीं की है, ताकि दूसरे दलों के एनडीए में शामिल करने एवं उनसे सीटों के समीकरण को सेट करने के दरवाजे खुले रहे। निश्चित रूप से भाजपा की यह मजबूत होती स्थिति विपक्ष की एकता के लिए अच्छी खबर नहीं कही जा सकती क्योंकि इंडिया गठबन्धन विभिन्न मजबूत क्षेत्रीय दलों का ही गठबन्धन माना जाता है जिसमें कांग्रेस एकमात्र राष्ट्रीय पार्टी है। समाजवादी पार्टी एवं आम आदमी पार्टी के अलावा अन्य क्षेत्रीय दलों में उतना दम नहीं है, या अनेक मजबूत दल एनडीए के साथ जुड़ चुके हैं या उन्होंने स्वतंत्र चुनाव लड़ने की घोषणा करके इंडिया गठबन्धन की सांसें छीन ली है। इन नये गठजोड़ों से बनते राजनीतिक परिदृश्य इंडिया गठबन्धन के लिये चिन्ता का कारण है।

वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव ऐतिहासिक होंगे। ऐसी संभावनाएं हैं कि भाजपा शारदार एवं ऐतिहासिक जीत को सुनिश्चित करने के लक्ष्य को लेकर सक्रिय है। नरेन्द्र मोदी चाहते हैं कि इन चुनावों के परिणाम उनके 400 सीटों के लक्ष्य को हासिल करें। इसलिये भाजपा विभिन्न दलों को एनडीए में शामिल करने के जोड़-तोड़ में लगी है। इस चुनाव को लेकर चुनावी गठबंधनों का दौर चल रहा है। राजनीतिक दल चुनावी गठबंधनों और सीटों के बंटवारे पर चर्चा कर रहे हैं। एक तरफ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए गठबंधन में क्षेत्रीय दलों को जोड़ा जा रहा है, तो दूसरी तरफ खड़ा है इंडिया गठबंधन। कांग्रेस के नेतृत्व में इंडिया गठबंधन ने भी कुछ राज्यों में अपने सहयोगी दलों के साथ सीट शेयरिंग पर बात बना ली है। कुछ पर अब भी बात चल रही है। भाजपा ने 2 मार्च को अपने उम्मीदवारों की पहली लिस्ट जारी की। इस लिस्ट में 195 उम्मीदवारों के नाम थे। कुछ ऐसे राज्य बिहार,

महाराष्ट्र, ओडिशा, हरियाणा, पंजाब और कर्नाटक हैं जहां से भाजपा ने एक भी उम्मीदवार की घोषणा नहीं की। इन राज्यों के एक भी सीट पर उम्मीदवार के नाम की घोषणा नहीं करने का कारण है- भाजपा की अन्य पार्टियों के साथ गठबंधन या गठबंधन के दलों के साथ सीट शेयरिंग पर अब भी चल रही बातचीत में संभावनाएं तलाशने की रणनीति।

लोकसभा चुनाव सन्निकट हैं। इंडिया गठबन्धन एवं एनडीए रूठे नेताओं को मनाने, गठबंधन का गणित सेट करने और पुराने सहयोगियों को फिर से साथ लाकर कुनबा बढ़ाने की कोशिशों में जुटे हैं। भाजपा ने इन चुनावों में 'अबकी पार, 400 पार' का नारा दिया है। अब पार्टी इस नारे को चुनाव नतीजे में तब्दील करने के लिए व्यापक स्तर पर गठबंधनों की संभावनाओं को तलाश रही है। ओडिशा में बीजू जनता दल और भाजपा का गठबंधन पक्का माना जा रहा है। अगर ये गठबंधन होता है तो राज्य में दोनों ही दलों को बढ़िया चुनाव परिणाम मिल सकते हैं। कारण कि पिछले लोकसभा चुनाव में यहां कांग्रेस को मात्र 1 सीट पर जीत मिली थी और वर्तमान में यहां की राजनीति पर नवीन पटनायक की मजबूत पकड़ बताई जाती है। लोकसभा और विधानसभा के चुनावों में दोनों पार्टियां 11 सालों तक गठबंधन में रहीं। इस दौरान दोनों दलों का राज्य की राजनीति पर दबदबा बना रहा। पटनायक राजनीति के महारथी हैं, उनको भाजपा के साथ गठबंधन करना ही पार्टी एवं राज्य की जनता के हित में प्रतीत हो रहा है।

बीजू जनता दल की पिछले 25 वर्षों से ओडिशा में सरकार है और इसके मुख्यमन्त्री नवीन पटनायक इस पार्टी के एकछत्र नेता माने जाते हैं और इस दल का 2009 तक भाजपा से सहयोग था और यह एनडीए का हिस्सा था। 1998 में जब एनडीए का गठन हुआ था तो बीजू जनता दल स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में इसमें शामिल हुआ था। मगर 2008 में ओडिशा के कन्धमाल में भीषण साम्प्रदायिक दंगे हुए थे जिनमें भाजपा पर भी गंभीर आरोप लगे थे। उसके बाद 2009 में बीजू जनता दल लोकसभा चुनाव से पहले एनडीए से बाहर आ गया था। अब पुनः 15 वर्ष बाद वर्ष 2024 के आम चुनाव में ही यह पुनः एनडीए में शामिल हो रहा है और मोदी के नेतृत्व में राज्य को विकास की नयी ऊंचाइयां देना चाहते हैं। नवीन बाबू की वरीयता राज्य शासन पर काबिज रहना है और भाजपा का लक्ष्य केन्द्र की सरकार पर आरुढ़ रहना है। दोनों पार्टियां एक-दूसरे के लक्ष्य को पूरा करने में एक-दूसरे की सहायक हो सकती हैं। अतः इससे विपक्ष का यह विमर्श भी निस्तेज पड़ता है कि श्री मोदी के सत्ता में आने के बाद से देश में भाजपा विरोध का समां बंधा है। मोदी के प्रभावी नेतृत्व का ही परिणाम है कि अनेक क्षेत्रीय दल भाजपा का समर्थन करते हुए न केवल अपनी राजनीति को जीवंत रखना चाहते हैं बल्कि नया भारत-सशक्त भारत बनाने में खुद को शामिल करना चाहते हैं।

ओडिशा की ही तर्ज पर बिहार में भी नीतीश को मोदी के नेतृत्व में हित दिखाई दिया है। यही कारण है लोकसभा चुनाव के पहले बिहार में राजनीतिक बदलाव करते हुए नीतीश एनडीए से जुड़ गये। इस बदलाव से राज्य में भाजपा और नीतीश कुमार को इस चुनाव में बड़ा फायदा होने की संभावनाएं है। राज्य में भाजपा के साथ एनडीए गठबंधन में नीतीश कुमार की पार्टी जदयू के अलावा इन दलों का भी साथ है- चिराग पासवान की लोक जनशक्ति पार्टी-रामविलास (लोजपा रामविलास), चिराग के चाचा पशुपति पारस की लोजपा, उपेंद्र कुशवाहा की राष्ट्रीय लोक समता पार्टी (रालोसपा) और जीतन राम मांझी की हिंदुस्तान आवाम मोर्चा। लेकिन इन दलों एवं भाजपा के बीच कई कारणों से पेंच फंसे हुए है, सीटों के बंटवारे को लेकर समझौते के तार उलझे हुए हैं, जो निकट भविष्य में सुलझ जाने की उम्मीद है।

महाराष्ट्र की 48 सीटों में से करीब 32 सीटों पर भाजपा चुनाव लड़ सकती है, वहीं एकनाथ शिंदे की शिवसेना को लगभग 12 सीट और अजित पवार की एनसीपी को लगभग 4 सीटें मिल सकती हैं। राज्य में 2019 के लोकसभा चुनाव में एनडीए में भाजपा के साथ शिव सेना ने चुनाव लड़ा था। भाजपा ने 25 सीटों पर उम्मीदवार उतारे और 23 पर जीत हासिल की थी। वहीं शिवसेना ने 23 सीटों पर चुनाव लड़ा और 18 पर जीत दर्ज की। तब कांग्रेस और एनसीपी गठबंधन में साथ थे। एनसीपी को 4 सीटों पर और कांग्रेस को 1 सीट पर जीत मिली थी। उधर आंध्र प्रदेश में भाजपा और तेलुगु देशम पार्टी का गठबंधन हो सकता है। 7 मार्च को टीडीपी प्रमुख और आंध्र प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की मुलाकात के बाद गठबंधन की अटकलों को बल मिल गया है। राज्य में भाजपा, टीडीपी और जन सेना के बीच गठबंधन को लेकर बातें तय हो चुकी हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार, टीडीपी भाजपा के लिए 6 सीटें छोड़ने पर सहमत हो गई है। विभिन्न गैर भाजपा राज्यों में भाजपा की स्थिति अनुकूल बनती जा रही है, जिससे उसका 400 सीटों के पार का लक्ष्य हासिल होता हुआ दिखाई दे रहा है। जबकि कांग्रेस पार्टी इंडिया गठबन्धन की उलझनों में उलझी हुई है। ये उलझने ही भाजपा की राह को आसान बना रही हैं। (लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं स्तम्भकार हैं)

चंदा और चुनाव सुधार की कवायद

चुनावी बॉन्ड योजना को वर्ष 2017 में वित्त विधेयक के रूप में पेश किया गया था। इसे चुनाव में काला धन के इस्तेमाल से निपटने के एक कारगर तरीके के तौर पर पेश किया गया था, लेकिन इसमें सियासी दलों को मिलने वाला चंदा गुप्त भी था और उसकी कोई सीमा भी तय नहीं की गई थी। इसके तहत 'प्रॉमिसरी नोट्स', यानी वचन-पत्र के रूप में बैंक से बॉन्ड खरीदे जा सकते थे, जिनको अपनी बैलेंस शीट में दिखाना दानकर्ताओं के लिए जरूरी नहीं था। वे अपनी बैलेंस शीट में इसे सरकार को न दिखाने को स्वतंत्र थे। जाहिर है, यह सीधे-सीधे संविधान के अनुच्छेद 14 (समानता का अधिकार) व अनुच्छेद 19 (1) (अ) (सूचना के अधिकार) का उल्लंघन था।

(कमलेश जैन, वरिष्ठ अधिवक्ता, सुप्रीम कोर्ट)

आखिरकार सर्वोच्च न्यायालय ने भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) को सख्त चेतावनी देते हुए कह ही डाला कि वह मंगलवार शाम तक इलेक्टोरल यानी चुनावी बॉन्ड का 'ब्रेक अप' बताए, यानी इस बात का खुलासा करे कि चुनावी बॉन्ड के रूप में किसने, कितने रुपये, किस पार्टी को दिए हैं, अन्यथा 15 मार्च को शीर्ष अदालत खुद एसबीआई पर अवमानना का मुकदमा दायर कर देगी। यह निर्देश सर्वोच्च न्यायालय की पांच सदस्यीय पीठ ने एकमत होकर दिया है।

चुनावी बॉन्ड योजना को वर्ष 2017 में वित्त विधेयक के रूप में पेश किया गया था। इसे चुनाव में काला धन के इस्तेमाल से निपटने के एक कारगर तरीके के तौर पर पेश किया गया था, लेकिन इसमें सियासी दलों को मिलने वाला चंदा गुप्त भी था और उसकी कोई सीमा भी तय नहीं की गई थी। इसके तहत 'प्रॉमिसरी नोट्स', यानी वचन-पत्र के रूप में बैंक से बॉन्ड खरीदे जा सकते थे, जिनको अपनी बैलेंस शीट में दिखाना दानकर्ताओं के लिए जरूरी नहीं था। वे अपनी बैलेंस शीट में इसे सरकार को न दिखाने को स्वतंत्र थे। जाहिर है, यह सीधे-सीधे संविधान के अनुच्छेद 14 (समानता का अधिकार) व अनुच्छेद 19 (1) (अ) (सूचना के अधिकार) का उल्लंघन था।

चुनावी चंदे को लेकर यह कोई नया विवाद नहीं था। भारत में यह लगातार मांग होती रही है कि राजनीतिक दलों को चंदे के रूप में जो रकम मिलती है, उसमें पारदर्शिता होनी चाहिए। मगर एन-केन-प्रकारेण सभी दल इससे बचते रहे। चुनावी बॉन्ड में भी राजनीतिक दलों पर यह दायित्व नहीं था कि वे चंदे की रकम या चंदा देने वाले का नाम जाहिर करें। मतदाताओं के लिए यह रहस्य ही था कि राजनीतिक दलों के पास चुनावी बॉन्ड के रूप में किससे, कितने रुपये आए?

अब जब चुनावी बॉन्ड का अध्याय खत्म होने को है, तब सवाल यह भी है कि राजनीतिक दलों के लिए चंदे की एक आदर्श व्यवस्था क्या हो? देखा जाए, तो यह काम राजनीतिक दलों को अपने तईं करना चाहिए, क्योंकि भारत एक ऐसा जीवंत लोकतंत्र है, जहां किसी भी प्रकार की लुका-छिपी स्वीकार्य नहीं हो सकती। चंदे में पारदर्शिता का न होना लोकतंत्र के लिए एक गंभीर रोग है, जो इसकी जड़ों को खोद सकता है। ऐसे में, सर्वोच्च न्यायालय ने उचित ही लोकतंत्र रूपी वृक्ष को हरा-भरा रखने के लिए चंदे रूपी खाद को पवित्र करने का एक प्रयास किया है।

गौर कीजिए, अदालतें सिर्फ कानून की रक्षा करने के लिए जवाबदेह होती हैं और वे अपनी इसी सीमा में चुनाव सुधार को आगे भी बढ़ा रही हैं। सर्वोच्च न्यायालय ने समय-समय पर देश की चुनाव प्रणाली को स्वच्छ बनाए रखने की कोशिश की है। जैसे, चुनाव में खड़े होने वाले प्रत्याशियों की पृष्ठभूमि से जनता को आगाह करना। इस बार अदालत ने स्पष्ट किया है कि गुमनाम चंदा लोकतंत्र के हृदय को बीमार बनाता है।

इसी तरह, किसी भी विधेयक को वित्त-विधेयक का चोला पहनाकर जो सुरक्षित दरवाजा अपनाया जाता है, उस पर भी निगरानी आवश्यक है। चुनावी बॉन्ड को वित्त विधेयक के रूप में पेश किया गया था, जनता के बीच व्यापक विमर्श के बिना किसी विधेयक को यूं लाया जाना एक गलत नजीर पेश करता है।

अपने पिछले आदेश में सर्वोच्च न्यायालय ने भारतीय स्टेट बैंक से कहा था कि 12 अप्रैल, 2019 से लेकर अब तक खरीदे गए सभी चुनावी बॉन्ड की जानकारी वह चुनाव आयोग को मुहैया कराए। इसके जवाब में ही स्टेट बैंक ने आगामी 30 जून तक यह जानकारी देने का अनुरोध करते हुए याचिका दायर की थी, जिस पर अदालत ने यह सख्ती दिखाई है। सवाल है कि आंकड़े जारी करने में बैंक के अधिकारियों को आखिर दिक्कतें क्या आ रही हैं? उनको यह बताने में इतना संकोच क्यों हो रहा है कि किसने, कितने रुपये, किस राजनीतिक दल को दिए या किसी पार्टी ने कब अपने बॉन्ड भुनाए? चूंकि इन सवालों का स्पष्ट जवाब एसबीआई की ओर से अब तक नहीं आया है, इसलिए यह शंका भी पैदा होती है कि क्या किसी दबाव में वह इन आंकड़ों को जारी करने में कोताही बरत रहा है?

अदालत ने चुनावी बॉन्ड पर रोक लगाने का फैसला सांविधानिक न्यायिक पुनरीक्षण के तहत किया है। यह एक तरह का सांविधानिक स्व-आत्मनियंत्रक न्यायिक पुनरीक्षण सिद्धांत का पालन है, जो सरकार की सभी संस्थाओं पर लागू होता है। यह सिद्धांत एक तरह से इस बात के लिए बाध्य करता है कि जरूरी सूचनाओं की पहुंच सभी लोगों तक हो। यह समझने की बात है कि किसी अधिकार पर विवेकशील रोक लगाना उस अधिकार को खत्म करना नहीं होता। कानून किसी अधिकार पर विवेकशील रोक लगा सकता है, यदि रोक का उद्देश्य कानूनन सही है, लक्ष्य तक पहुंचने में वह सहायक हो, और मौलिक अधिकारों को कम से कम बाधित करे। संविधान के अनुच्छेद 19 (2) के अंदर जो मौलिक अधिकार देश के नागरिकों को दिए गए हैं, उसका यह मतलब नहीं है कि हम काला धन अपने पास रखें।

बहरहाल, सिर्फ कानूनन रोक लगाकर चुनाव में काला धन की आमद को रोकना मुश्किल है। इसके लिए कई अन्य प्रयास भी करने होंगे। मसलन, चुनावी ट्रस्ट बनाना, चुनाव में कॉरपोरेट से फंड लेने पर रोक लगाना आदि। चुनावी बॉन्ड जहां चंदे के लेन-देन को गुप्त रखता है, वहीं मतदाताओं के अधिकार (सूचना के अधिकार) का भी हनन करता है। ऐसे में, बेहतर तरीका तो यही है कि चुनावी प्रणाली में पारदर्शिता को सुनिश्चित करने के लिए चंदे की व्यवस्था पारदर्शी बने, एक-एक पैसे की जानकारी राजनीतिक पार्टियां खुद सार्वजनिक करें और मतदाताओं के अधिकारों का भी हनन न हो।

प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने साफ कहा है कि सन् 1958 में तत्कालीन प्रधान न्यायाधीश एम सी छागला ने चेताया था, 'बिग बिजनेस' और 'मनी बैग्स' वास्तव में लोकतंत्र का गला घोंट देते हैं, यानी बड़े-बड़े औद्योगिक घरानों से राजनीतिक दलों को मिलने वाली थैलियां लोकतंत्र की सेहत के लिए ठीक नहीं। आज के समय में जब चुनाव खर्च काफी ज्यादा बढ़ गया है, छागला की यह टिप्पणी प्रासंगिक जान पड़ती है। ऐसे में, अदालत का दायित्व कहीं ज्यादा बढ़ गया है कि वह किसी अनुचित और भ्रष्ट आचरण को रोके। चुनावी बॉन्ड पर सख्त रुख अपनाकर शीर्ष अदालत ने भारतीय लोकतंत्र का हित ही साधा है। (ये लेखिका के अपने विचार हैं)

1,300 से अधिक कंपनियों और व्यक्तियों ने इलेक्टोरल बांड के रूप में दान दिया, जिसमें 2019 के बाद से भाजपा को 6,000 करोड़ से अधिक का दान शामिल : राजेश ठाकुर

विशेष संवाददाता

रांची। कांग्रेस भवन में आयोजित संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि भाजपा नेताओं ने गैंग बनाकर इलैक्ट्रॉल बॉण्ड के जरिए रकम की वसूली की है। इस अवसर पर प्रदेश महासचिव सह मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा, संगठन महासचिव अमुल्य नीरज खलखो, मीडिया चेयरमैन सतीश पॉल मुंजनी, प्रवक्ता जगदीश साहु उपस्थित थे।

संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि 15 फ़रवरी 2024 को इलेक्टोरल बांड को असंवैधानिक घोषित करने वाले सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद से मोदी सरकार एसबीआई के माध्यम से - लगातार इस बात को सामने आने से रोकने या देरी करने की कोशिश कर रही थी, क्योंकि इलेक्ट्रॉल बॉण्ड के घोटाले सामने आने से प्रधानमंत्री का भ्रष्टाचार के मामले में दोहरी नीति का पर्दाफाश न हों।

उन्होंने कहा आश्चर्य की बात यह है कि 20 फ़रवरी 2024 को ईडी, सीबीआई या आईटी विभाग के छापे या जांच के तुरंत बाद 30 कंपनियों से बीजेपी को 335 करोड़ रुपए तक का चंदा मिलना यह साबित करता है कि भाजपा संवैधानिक संस्थाओं को इस्तेमाल डरा-धमका कर हफ्ता वसूली में लगी है। सेबी ने जिन चार कंपनियों को फर्ज़ी (स्मॉल कंपनीज) बताया है, उनसे भाजपा ने 4.9 करोड़ का चंदा क्यों लिया? इन कंपनियों के माध्यम से भाजपा के पास किसका काला धन आया? कोरोना जैसी बड़ी महामारी में मोदी सरकार ने टीके बनाने का एकमात्र अधिकार सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया को दिया गया सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया ने भी 50 करोड़ का चंदा दिया उससे मन नहीं भरा तो बूस्टर डोज लगवाया जिसका परिणाम यह देखने को मिला रहा है कि युवा और बुजुर्ग को हार्ट अटैक हो रहे हैं मोदी जी को इसका जवाब देना पड़ेगा। 10 वर्ष में एक भी प्रेस वार्ता नहीं किया सिर्फ अपने मन की बात की और अपने मन से मनमानी की

तमाम परंपराओं को दरकिनार करते हुए चुनाव आयोग आनन फानन में आचार-संहिता लागू करने की घोषणा इसलिए कर रही भाजपा के इलेक्ट्रोल बॉन्ड पर भ्रष्टाचार को लेकर जन आंदोलन न हो , ना ही मीडिया में

इस पर कोई बहस हो।

इलेक्टोरल बांड से जुड़ी जानकारी सामने आने के बाद यह पहला विश्लेषण है जिसे एसबीआई ने चुनाव के बाद तक स्थगित करने के कई हफ्तों के प्रयास के बाद कल रात सार्वजनिक किया-1,300 से अधिक कंपनियों और व्यक्तियों ने इलेक्टोरल बांड के रूप में दान दिया है, जिसमें 2019 के बाद से भाजपा को 6,000 करोड़ से अधिक का दान शामिल है।

अब तक, इलेक्टोरल बांड का डेटा भाजपा की कम से कम 4 भ्रष्ट नीति को सामने लाता है:- 1) चंदा दो, धंधा लो

ऐसी कई कंपनियों के मामले हैं जिन्होंने इलेक्टोरल बांड दान किया है और इसके तुरंत बाद सरकार से भारी लाभ प्राप्त किया है:

क. मेघा इंजीनियरिंग एंड इंफ्रा ने 800 करोड़ रुपए से अधिक इलेक्टोरल बॉन्ड में दिए हैं। अप्रैल 2023 में, उन्होंने 140 करोड़ डोनेट किया और ठीक एक महीने बाद, उन्हें 14,400 करोड़ रुपए की ठाणे-बोरीवली ट्विन टनल प्रोजेक्ट मिल गया।

ख. जिंदल स्टील एंड पावर ने 7 अक्टूबर 2022 को इलेक्टोरल बॉन्ड में 25 करोड़ रुपए दिए और सिर्फ़ 3 दिन बाद वह 10 अक्टूबर 2022 को गारे पाल्मा 4/6 कोयला खदान हासिल करने में कामयाब हो गया।

हफ़्ता वसूली: - भाजपा की हफ्ता वसूली नीति बेहद सरल है - ईडी/सीबीआई/आईटी के माध्यम से किसी कंपनी पर छापा मारो और फ़िर कंपनी की सुरक्षा के लिए हफ़्ता (÷दान÷) मांगो। शीर्ष 30 चंदादाताओं में से कम से कम 14 पर छापे मारे गए हैं।

क. इस साल की शुरुआत में एक जांच में पाया गया कि ईडी/सीबीआई/आईटी छापे के बाद, कंपनियों को चुनावी ट्रस्टों के माध्यम से भाजपा को दान देने के लिए मजबूर किया गया था। हेटेरो फार्मा और यशोदा अस्पताल जैसी कई कंपनियों ने इलेक्टोरल बॉन्ड के माध्यम से चंदा दिया है।

ख. इनकम टैक्स विभाग ने दिसंबर 2023 में शिरडी साईं इलेक्ट्रिकल्स पर छापा मारा और जनवरी 2024 में उन्होंने इलेक्टोरल बांड के माध्यम से 40 करोड़ रुपए का दान दिया।

ग. फ्यूचर गेमिंग एंड होटल्स ने 1200 करोड़ रुपए से अधिक का दान दिया है जो इसे अब तक के आंकड़ों में सबसे बड़ा दान देने वाला बनाता है। आप क्रोनोलॉजी समझिए:

2 अप्रैल 2022: ईडी ने फ्यूचर पर छापा मारा, और 5 दिन बाद (7 अप्रैल) को उन्होंने इलेक्टोरल बॉन्ड में 100 करोड़ रुपए का दान दिया।

अक्टूबर 2023: आईटी विभाग ने फ्यूचर पर छापा मारा, और उसी महीने उन्होंने इलेक्टोरल बॉन्ड में 65 करोड़ रुपए का दान दिया।

3)रिश्वत लेने का नया तरीक़ा

आंकड़ों से एक पैटर्न उभरता है, जिसमें केंद्र सरकार से कुछ मदद मिलने के तुरंत बाद कंपनियों ने चुनावी बांड के माध्यम से एहसान चुकाया है।

क. वेदांता को 3 मार्च 2021 को राधिकापुर पश्चिम प्राइवेट कोयला खदान मिला, और फिर अप्रैल 2021 में उन्होंने चुनावी बांड में 25 करोड़ रुपए का दान दिया।

ख. मेघा इंजीनियरिंग एंड इंफ्रा को अगस्त 2020 में 4,500 करोड़ का जोजिला सुरंग प्रोजेक्ट मिला, फिर अक्टूबर 2020 में उन्होंने इलेक्टोरल बॉन्ड बांड में 20 करोड़ रुपए का दान दिया।

ग. मेघा को दिसंबर 2022 में बीकेसी बुलेट ट्रेन स्टेशन का कॉन्ट्रैक्ट मिला, और उन्होंने उसी महीने 56 करोड़ रुपए का दान दिया।

4) शेल कंपनियों के माध्यम से मनी लॉन्ड्रिंग

इलेक्टोरल बांड योजना के मामले में एक बड़ा मुद्दा यह है कि इसने यह प्रतिबंध हटा दिया कि किसी कंपनी के मुनाफे का केवल एक छोटा प्रतिशत ही दान किया जा सकता है, जिससे शेल कंपनियों के लिए काला धन डोनेट करने का रास्ता साफ़ हो गया। ऐसे कई संदिग्ध मामले हैं, जैसे 410 करोड़ रुपए का दान क्विक सप्लाई चेन लिमिटेड द्वारा दिया गया है, यह एक ऐसी कंपनी है जिसकी पूरी शेयर पूंजी डवब। फाइलिंग के अनुसार सिर्फ 130 करोड़ रुपए है।

एक अन्य प्रमुख मुद्दा डेटा का नहीं होना है- एसबीआई द्वारा प्रदान किया गया डेटा अप्रैल 2019 से शुरू होता है, लेकिन एसबीआई ने मार्च 2018 में बांड की पहली किश्त बेची। इससे 2,500 करोड़ रुपए के बॉन्ड का डेटा गायब है। मार्च 2018 से अप्रैल 2019 तक इन गायब बांड्स का डेटा कहां है? उदाहरण के लिए, बांड की पहली किश्त में, भाजपा को 95 प्रतिशत धनराशि मिली। भाजपा किसे बचाने की कोशिश कर रही है?जैसे-जैसे इलेक्टोरल बांड डेटा का विश्लेषण आगे बढ़ेगा, भाजपा के भ्रष्टाचार के ऐसे कई मामले स्पष्ट होते जाएंगे। हम यूनिक (विशिष्ट) बांड आईडी नंबरों की भी मांग करते रहेंगे, ताकि हम दाताओं का प्राप्तकर्ताओं से सटीक मिलान कर सकें।

लघु उद्योग भारती झारखंड प्रदेश का सेमिनार आयोजित

वरीय संवाददाता रांची। लघु उद्योग भारती झारखंड प्रदेश के तत्वावधान में चैंबर भवन के सभागार में सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार का विषय ÷सरकारी एवं सार्वजनिक इकाइयों द्वारा विपत्रों के विलंबित भुगतान के कारण राष्ट्र के आर्थिक विकास में बाधा÷ था। सेमिनार के मुख्य अतिथि पूर्व सांसद महेश पोद्दार ने कहा कि एमएसएमई एक्ट 2006 में सरकारी प्रतिष्ठानों को अधिकतम 45 दिनों के अंदर विपत्रों का भुगतान नहीं करने पर भुगतान होने के दिन तक बैंक ब्याज के तीन गुणा तक भुगतान करने का प्रावधान है। इसमें न्यायपालिका ने भी समय समय पर कई निर्णय उद्यमियों के पक्ष में दिया है। विशिष्ठ अतिथि एमएसएमई के संयुक्त निदेशक इंद्रजीत यादव ने केंद्र सरकार द्वारा चलाये जा रहे विभिन्न प्रावधानों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार समय पर विपत्रों का भुगतान हो, इसका प्रयास कर रही है। झारखंड चैंबर के अध्यक्ष किशोर मंत्री ने भी विलंबित भुगतान पर चिंता जाहिर की।

विपत्रों का भुगतान समय पर हो: विजय छापड़िया- स्वागत भाषण देते हुए लघु उद्योग भारती के प्रदेश अध्यक्ष विजय छापड़िया ने विषय प्रवेश कराया। उन्होंने कहा कि राज्य की बहुत सारी औद्योगिक इकाइयां सरकार द्वारा लंबे समय से अपने विपत्रों का भुगतान नहीं करने के कारण बंद होने के कगार पर है। लघु भारती का मानना है कि समय पर विपत्रों का भुगतान होगा, तो राज्य का विकास चार गुणा बढ़ जायेगा। रोजगार का भी सृजन होगा।

एमएसएमई एक्ट 2006 में उद्यमियों के पक्ष में भुगतान संबंधी वैद्यानिक प्रक्रिया के संदर्भ में एके सिंह ने विस्तृत जानकारी दी। मंच का संचालन लघु उद्योग भारती के प्रदेश उपाध्यक्ष ललित केडिया और धन्यवाद ज्ञापन रांची महानगर के अध्यक्ष सुनील गुप्ता ने दिया। इस अवसर पर ओम प्रकाश अग्रवाल, सत्यप्रकाश पांडेय, प्रकाश हेमतसरिया, केएन सिंह, अखिलेश सिंह, अनिल गोयल, लाल बाबू सिंह, अजय कुमार दधीच, अरविंद नाथ, सरिता पांडेय, सुमित्रा, आशा सिन्हा, अंजली गुप्ता, भावना प्रिया समेत अन्य मौजूद थे।

35वीं राष्ट्रीय सीनियर महिला/पुरुष कॉर्फबॉल प्रतियोगिता में भाग लेने झारखंड टीम आगरा रवाना

वरीय संवाददाता रांची। 35 वीं राष्ट्रीय सीनियर महिला/पुरुष कॉर्फबॉल प्रतियोगिता का आयोजन 17 से 20 मार्च तक शारदा यूनिवर्सिटी, आगरा, उत्तर प्रदेश में आयोजित होगी। जिसमें भाग लेने के लिए झारखंड कोर्फबाल टीम रांची रेलवे स्टेशन स्वर्ण जयंती एक्सप्रेस से आगरा उत्तर प्रदेश के लिए प्रस्थान किया।

झारखंड कोर्फबाल टीम में शामिल खिलाड़ी इस प्रकार हैं

महिला टीम- रेशमा टोप्पो (कप्तान), तृषा राज चौधरी, प्रिया पलक, जोयसी ग्रेसी तिर्की, प्रीति कुजूर, नेहा मुंडा, रितिका खालखो, पल्लवी कुमारी, के एम शिल्पी, नीति कोंगारी, कोच नितेश कुमार शामिल हैं

पुरुष टीम- आशीष मिंज (कप्तान) पंकज जोसेफ बिन्हा, राहुल राज उरांव, मिहीर गुड़िया, असीम अनुराग मिंज, विवेक सरदार, अगस्टिन एलेन तिग्गा, निशांत कुमार, समीर सिंह मुंडा, रितेश तिग्गा, आशीष कुमार लकड़ा, शुभम पुजहर,उत्तम प्रसाद कोच मनसुख तिर्की शामिल हैं।

राज्यसभा सांसद डॉ महुआ माजी ने पथ निर्माण कार्य का किया शिलान्यास

वरीय संवाददाता रांची। राज्यसभा सांसद डॉ महुआ माजी ने सांसद निधि से रांची शहरी क्षेत्र अंतर्गत कटहल टोली कोनका मौजा में मुख्य पथ से जीसी मिंज (गली नं 4) के घर तक पीसीसी पथ, कटहल टोली कोनका मौजा में मुख्य पथ से सुरेश खलखो के घर तक पीसीसी पथ, एवं चुटिया चुनवा टोली में मुख्य पथ से मारियानुस लकड़ा के घर तक पीसीसी पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास किया । शिलान्यास के अवसर पर मोहल्ले वासियों को संबोधित करते हुए सांसद ने कहा कि उनकी जरूरतों में वे सामर्थ्य अनुसार अवश्य ही उनका साथ देंगी।

झारखंड कौशल प्रतियोगिता 2023-2024 का समापन

विजेता प्रतिभागी इंडिया स्किल्स-2023-2024 प्रतिस्पर्द्धा में लेंगे भाग

● बदलते वक्त के साथ हुनर विकसित करना जरूरी : मुकेश कुमार

विशेष संवाददाता

रांची। झारखंड कौशल विकास मिशन सोसाईटी एवं श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग द्वारा आयोजित झारखंड कौशल प्रतियोगिता 2023-2024 के पुरस्कार वितरण सह समापन समारोह में श्रम सचिव मुकेश कुमार ने विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया। उन्होंने विजेताओं को राष्टीय स्तर पर 'इंडिया स्किल्स 2023-2024' प्रतिस्पर्धा के लिए शुभकामनाएं दीं।

श्री मुकेश ने कहा कि कौशल, किसी भी शिक्षा पद्धति में वैल्यू एडिशन करता है। बदलते वक्त के साथ हमें स्किल्स की जरूरत को समझने की आवश्यकता है,

क्योंकि स्किल हमें समय के साथ चलने में मदद करता है। हम सबको पारंपरिक कौशल के अलावा भी नए क्षेत्रों को आजमाने की जरूरत है और इस क्षेत्र में हमें सामूहिक प्रयास करना होगा। उन्होंने स्किल क्षेत्र में भविष्य की संभावनाओं के बारे में बताते हुए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, साइबर सिक्यूरिटी, कोडिंग, ब्लॉक चेन टेक्नोलॉजी और जीनोम मैपिंग के बारे में भी जानकारी दी ।

बता दें कि गत 11 मार्च 2024 से शुरू पांच दिवसीय प्रशिक्षण सह प्रतियोगिता में राज्य भर से चयनित कुल 237 प्रतिभागियों ने 14 ट्रेड में भाग लेकर अपना हुनर दिखाया। प्रतियोगिता के विजेताओं को प्रथम पुरस्कार स्वरूप 21हजार रुपए, द्वितीय पुरस्कार स्वरूप 11हजार रुपए एवं तृतीय पुरस्कार स्वरूप 6 हजार रुपए की राशि प्रदान की जानी है। वहीं प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागी राष्ट्रीय स्तर पर 'इंडिया स्किल्स 2023-2024'में भाग लेंगे, जहां देश भर के अलग अलग राज्यों के चयनित प्रतिभागी प्रतिस्पर्धा में भाग लेंगे। राष्ट्रीय स्तर पर विजेता प्रतिभागियों को इस साल फ्रांस के ल्योन शहर में आयोजित होने वाले 'वर्ल्ड स्किल्स 2023-2024' में भारत का प्रतिनिधित्व करने का मौका मिलेगा।

इस अवसर पर संजीव कुमार बेसरा, श्रम आयुक्त सह मिशन निदेशक, झारखंड कौशल विकास मिशन सोसाईटी ने विजेताओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा हमारे युवा सिर्फ राज्य में ही नहीं, बल्कि राष्ट्रीय और अंतराष्ट्रीय स्तर पर भी अपना कौशल और हुनर दिखायें। बीके सिंघा, क्षेत्रीय निदेशक, आरडीएसडीई ने विजेताओं को शुभकामना देते हुए कहा कि वर्ल्ड स्किल्स में जाने के लिए हमें जमीनी स्तर से शुरुआत और मेहनत करने की जरूरत है। मैं आशा करता हूं कि हमारे विजेता जो राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचे हैं, वो अंतराष्ट्रीय स्तर पर जाकर हमारे राज्य का नाम रौशन करें।

भुपेश कुमार, प्राचार्य आईएचएम ने प्रतिभागियों का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि मैंने प्रतियोगिता के दौरान हर प्रतिभागी को पूरी लगन और मेहनत से भाग लेते हुए देखा है। प्रतिभागियों ने उम्मीद से बढ़कर प्रतिभा का प्रदर्शन किया। हर प्रतिभागी विजेता है।

विधायक की अनुशंसा पर बड़कागांव एवं केरेडारी को लगभग 25 करोड़ की योजनाओं की सौगात

प्रतिनिधि, बड़कागांव। विधायक अंबा प्रसाद की अनुशंसा पर बड़कागांव प्रखंड क्षेत्र के सांढ़ पंचायत अंतर्गत दुफेड़वा आम बैजनाथ महतो के घर से धर्मेंद्र प्रसाद के घर होते हुए शमशान घाट तक एवं चैता महतो के घर से उत्क्रमित मध्य विद्यालय होते हुए मुख्य पथ जोधी महतो के घर तक पीसीसी पथ का निर्माण लगभग तीन करोड़ की लागत से, गरसुल्ला पंचायत में उत्क्रमित मध्य विद्यालय से ग्राम बिहड़ के आंगनबाड़ी केंद्र तक पीसीसी पथ निर्माण लगभग एक करोड़ की लागत से, केरेडारी प्रखंड क्षेत्र के बेलतू पंचायत अंतर्गत बाजारटांड़ से उर्दू स्कूल तक पीसीसी पथ लगभग 1 करोड़ 82 लाख की लागत से, वही ग्राम पंचायत केरेडारी में कुंजल साव के घर से कुर्मी बांध तक पीसीसी पथ निर्माण एक करोड़ 17 लाख की लागत से व केरेडारी पीडबलुडी रोड से सीएचसी जाने वाले रास्ते में तालाब तक पीसीसी पथ का निर्माण लगभग 34 करोड़ की

लागत से होना है।इसके अलावा बड़कागांव प्रखंड क्षेत्र के सिरमा पंचायत के ग्राम पड़रिया में अजीमुद्दीन के घर से आंगनबाड़ी केंद्र तक गाडवाल का निर्माण लगभग दो करोड़ 34 लाख की लागत से, गरसुल्ला पंचायत में ग्राम चानों से लुरुंगा के बीच धोबनी नदी में पुल का निर्माण में लगभग एक करोड़ व ग्राम पकरीबरवाडीह में पीडब्ल्यूडी रोड से सैंता साव के घर होते हुए कैला साव के घर तक पीसीसी पथ एवं नाली का निर्माण भी होगा।

विधायक अंबा प्रसाद ने अपने वादे को किया पूरा, राम जानकी मंदिर समेत विभिन्न स्थलों पर होगा डीप बोरिंग- विधायक अंबा प्रसाद ने विगत दिनों घोषणा किया था कि बड़कागांव में स्थित राम जानकी मंदिर के समीप डीप बोरिंग करवाया जाएगा जिसके लिए स्वीकृति प्रदान हो गई है। इसके अलावा बड़का गांव काली मंदिर के समीप, कुशवाहा धर्मशाला गुरु चट्टी के सामने, बड़कागांव मुस्लिम मोहल्ला में सामुदायिक भवन के सामने, नयाटांड़ पंचायत के पिपराडीह भुईया टोली में व हरली पंचायत के में मटुकधारी महतो के घर के सामने डीप बोरिंग होगा।

चार बहुउद्देशीय सामुदायिक भवन सह कौशल विकास केंद्र का भी होगा निर्माण- कौशल विकास हेतु कार्यक्रम आयोजित करने, महिला समूह के लिए रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण हेतु विभिन्न सुविधायुक्त बहुउद्देशीय भवन सह कौशल विकास केंद्र का भी निर्माण विधायक अंबा प्रसाद के अनुसार पर होना है जहां ग्राम वासी विभिन्न कार्यक्रम कर सकेंगे। बड़कागांव प्रखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत बादम, बड़कागांव पूर्वी पंचायत के ग्राम पकरी बरवाडीह, केरेडारी प्रखंड क्षेत्र के ग्राम पहरा एवं ग्राम पंचायत केरेडारी में भी कौशल विकास केंद्र सह बहुउद्देशीय भवन का निर्माण होगा जिसके निर्माण में लगभग प्रति भवन में 99 लाख की लागत आएगी।

अंबा प्रसाद की अनुशंसा पर इन विद्यालयों की होगी चारदिवारी व उन्नयन कार्य- बड़कागांव प्रखंड क्षेत्र के नव प्राथमिक विद्यालय गंगा दोहर की चारदीवारी , नव प्राथमिक विद्यालय नापोखुर्द का उन्नयन कार्य, उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय हेसाबार का चारदीवारी व केरेडारी प्रखंड क्षेत्र के उत्क्रमित मध्य विद्यालय सयाल का उन्नयन कार्य, नव प्राथमिक विद्यालय घोड़चारी की चार दीवारी निर्माण कार्य भी होगी।

गोबरदहा-बलोदर में गोली चलने की सूचना

● पिछले एक माह के अंदर चार जगह पर गोली चलने की घटना से लोग दहशत में

प्रतिनिधि,बड़कागांव । बड़कागांव प्रखंड अंतर्गत महुंगाई कला पंचायत के सुदूर ग्रामीण क्षेत्र बलोदर से गोबरदाहा तक लगभग 4.5 किलोमीटर मुख्यमंत्री सड़क योजना के तहत कालीकरण सड़क का निर्माण लाल कंस्ट्रक्शन के द्वारा कार्य किया जा रहा है। बीती रात को तृतीय प्रस्तुति सम्मेलन कंपनी के द्वारा कार्यस्थल पर पहुंच कर निर्माण कार्य के लगे जेसीबी मशीन को आग के हवाले कर दिया। सूत्रों से पता चला के रात्रि लगभग 1 बजे 15 से 20 की संख्या में लोग आए और नारेबाजी करने लगे। इस बीच दो बार जोरदार धमाका भी हुआ। जेसीबी मशीन को आग के हवाले करने प्रायस के बाद टीएसपीसी संगठन के नाम से एक धमकी भरा पर्चा भी छोड़ा है। पर्चे में लिखा गया है मुंशी से बात किया जा रहा है लेकिन संगठन की बात को अनदेखा किया जा रहा है। संगठन से बात किए बिना कार्य चालू नही किया जाए। अनदेखा करने पर फौजी करवाई की जाएगी। बात नही सुनने पर ठेकेदार और मुंशी का खोपड़ी खोल दिया जाएगा। हमले की जिम्मेवारी धर्मवीर जी के नाम से लिया गया है। वहीं पिछले एक माह के अंदर बड़कागांव प्रखंड अंतर्गत क्षेत्र में चार जगह में गोली चलने से लोग दहशत में है। वहीं इस मामले पर बड़कागांव थाना प्रभारी मुकेश कुमार सिंह से पूछे जाने पर कहा कि लोगों के द्वारा धमाका सुनने की बात कही जा रही है किसी प्रकार का कोई खोखा बरामद नहीं हुआ है। सभी तरह के बिंदुओं पर जांच की जा रही है। जांचोपरांत आगे की कार्रवाई की जाएगी।

आईसेक्ट विश्वविद्यालय में एकदिवसीय सेमिनार का आयोजन

प्रतिनिधि, हजारीबाग। आईसेक्ट विश्वविद्यालय, हजारीबाग के तरबा-खरबा स्थित मुख्य कैंपस सभागार में विश्वविद्यालय के सीएस एंड आईटी विभाग एवं स्कूल ऑफ डिजिटल लर्निंग के संयुक्त तत्वावधान में आईक्यूएसी के सहयोग से एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया, जिसमें बतौर मुख्य वक्ता कृष्ण कुमार शामिल हुए। इससे पूर्व विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ पीके नायक, कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद, डीन एडमिन डॉ एसआर रथ, डीन एकेडमिक डॉ एमके मिश्रा, सीएस एंड आईटी डीन उदय रंजन, एचओडी तारा प्रसाद, निदेशक स्कूल ऑफ डिजिटल लर्निंग रविकांत कुमार समेत अन्य के हाथों दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई। मौके पर डीन उदय रंजन व निदेशक स्कूल ऑफ डिजिटल लर्निंग रविकांत कुमार ने मुख्य वक्ता कृष्ण कुमार, कुलपति डॉ पीके नायक एवं कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद को बुके भेंट कर स्वागत किया।बड़ी

संख्या में विद्यार्थियों की मौजूदगी में बोल रहे मुख्य वक्ता कृष्ण कुमार ने आईटी विभाग से जुड़ी कई महत्वपूर्ण तकनीकों की बारीकियां बताई और कहा कि वर्तमान समय में इंटरनेट का प्रयोग तो बड़े पैमाने पर हो रहा है लेकिन इसे अपडेट करने की दिशा में काम नहीं हो पा रहा है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में इंटरनेट का प्रयोग करने के लिए विभिन्न ऐपों और वेबसाइट का सहारा लेना पड़ता है और सबसे मजेदार बात है कि अलग अलग कॉन्टेंट के लिए अलग-अलग ऐप्स का सहारा लेकर इंटरनेट प्रयोग में लाया जा रहा है, जिसे अपडेट कर केवल एक ऐप का प्रयोग कर सभी सामग्रियों के लिए प्रयोग में लाया जा सकता है। इस तथ्य के अन्य महत्वपूर्ण पहलुओं से विद्यार्थियों को अवगत कराया गया। वहीं विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ पीके ने कहा कि आईटी का क्षेत्र क्रिएटिविटी से भरा क्षेत्र है, विद्यार्थियों को इस ओर विशेष ध्यान दिए जाने की आवश्यकता है। इससे तकनीकों के अपडेट में मदद मिलेगी। वहीं विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद ने कहा कि दुनिया डिजिटल की ओर तेजी से बढ़ रहा है और इसमें आईटी क्षेत्र की भूमिका अहम है। उन्होंने बताया कि विद्यार्थियों में कुछ नया करने की उत्सुकता जगे, इसे लेकर ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन समय समय पर कराया जाता है। डीन एकेडमिक डॉ एमके मिश्रा, डीन उदय रंजन, स्कूल ऑफ डिजिटल लर्निंग के निदेशक रविकांत कुमार सहित अन्य ने भी अपने अपने मंतव्य रखे। मंच संचालन तारा प्रसाद ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में उदय रंजन, रविकांत कुमार के अलावा विजय लाल, प्रभात कुमार, राहुल कुमार, तारा प्रसाद, अमित कुमार सहित अन्य का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

जगन्नाथपुर, चक्रधरपुर व चाईबासा में खुला भाजपा का चुनाव कार्यालय

सिंहभूम लोकसभा सीट विजय की रणनीति पर काम कर रही भाजपा

जगन्नाथपुर भाजपा चुनाव कार्यालय का हुआ उद्घाटन

पूसू प्रतिनिधि, जगन्नाथपुर। जगन्नाथपुर अनुमंडल मुख्यालय में विशाल टोला स्थित आगमी लोकसभा चुनाव हेतु भारतीय जनता पार्टी का कार्यालय उद्घाटन भाजपा प्रदेश उपाध्य सह पूर्व मंत्री बडकुंवर गागराई, पश्चिमी सिंहभूम के जिला अध्यक्ष संजू पांडे, पश्चिमी सिंहभूम के जिला संयोजक गीता बालमुचु, चक्रधपुर पूर्व विधायक शशिभूषण सामड के संयुक्त तत्वाधान से कार्यालय का फिता काट कर गया।

इस मौके पर भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष बड़कुंवर गागराई ने कहा कि इस बार कार्यकर्ता पूरा जोर-जोर से लग जाए और गांव गांव बूथ में जाकर प्रधानमंत्री की जनकल्याण योजना के बारे में लोगों को बताए और इस बार भारतीय जनता पार्टी प्रत्याशी को जीतकर प्रदेश में नरेंद्र मोदी की सरकार को एक बार पून: बहुमत के साथ जीतना है।

वही जिलाध्यक्ष संजू पांडे ने कार्यालय उद्घाटन में कहा कि चुनाव आने वाला है। नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पार्टी के कार्यकर्ता बूथ और गांव-गांव में जाकर प्रधानमंत्री के जनकल्याण योजना के बारे में लोगों को बताएं और महिला प्रत्याशी को जीताकर एक बार फिर मोदी सरकार को लाना है। उन्होंने महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि हमारे प्रत्याशी नारी शक्ति है इसलिए आप लोग महिलाएं गांव-गांव में जाकर भाजपा के केंद्र सरकार की योजना के बारे में बताएं।

मौके पर चुनाव प्रभारी शुरू नंदी, जिला चुनाव प्रचारक अमित जायसवाल, विभानसभा संयोजक शम्भु हजरा, विधानसभा सह संयोजक धीरज सिंह, लोकसभा कोर सदस्य विपिन पूर्ती, विधानसभा कोर कमिटी सदस्य जितेंद्र गुप्ता, विधानसभा सह सयोजक साहू पूर्ती, कोर कमिटी सदस्य अशोक पान, कोर कमिटी सदस्य संजय बारिक, जगन्नाथपुर विधानसभा सदस्य पुतुल पूर्ती, रानी तिरिया, पमेश्वर महतो, चर्चिल केराई,अमोद साव ,गोपल निषाद, मोनु घटवारी, एसटी मोर्चा के जिला अध्यक्ष मंजीत कोड़ा, नोवामुंडी मंडल अध्यक्ष चंद्रमोहन गोप, जगन्नाथपुर मंडल अध्यक्ष राईभूमिज, सरंडा मंडल अध्यक्ष केलास दास, रवि दास, हरिचरण संडिल, विष्णु गुप्ता, रतन निषाद, शलेंद्र गुप्ता,मधु महतो, विस्तारक बासुदेव तिर्की, महावीर अग्रवाल, रंजीत नायक, सुबोल सिंह, श्रवण शर्मा, हरिश तांती, अश्वनी चातार, अर्जुन भैसा, संतोष पान, मधुसुदन तुबिड़, राजेश सिंकु, चेतन सहित अन्य शामिल थे।

चक्रधरपुर में भाजपाइयों को दिये गए चुनाव जीतने के टिप्स

पूसू प्रतिनिधि, चक्रधरपुर। सिंहभूम सीट पर भारतीय जनता पार्टी को भरी से भरी मतों पर विजय बनाने की मंथन हुई। चुनाव के रणनीति का नियमित रूप से कार्य करने की बात कही गई। अल्पसंख्या आयोग के पूर्व उपाध्यक्ष आशोक षाड़ंगी ने कहा कि चुनाव समिति के सदस्य अपना क्षेत्र में टोली बनाकर कार्य करे और बूथ विजय का मंत्र दिये, विधानसभा संयोजक सुरेश साव और अनुसूचित जनजाति मोर्चा प्रदेश महामंत्री विजय कुमार मेलगन्डी ने कहां की भारतीय जनता पार्टी 400 पर की आंकड़ें को हमें बहुमत हासिल करना है और भारतीय जनता पार्टी की सरकार को पुन: मोदी को देश में प्रधानमंत्री बनाना है। प्रदेश महिला मोर्चा कार्य समिति सदस्य मालती गिलुवा, सभी बूथ अध्यक्ष को कहां की बूथ जीतो चुनाव जीतो का मंत्र दिया गया।

इस कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष ललित मोहन गिलुवा, पूर्व जिला उपाध्यक्ष शेषनारायण लाल, जिला कार्य समिति सदस्य संजय पासवान, शिवलाल रवानी,मदन विश्वकर्मा, विधानसभा विस्तारक उत्तम शर्मा, नगर उपाध्यक्ष राजेश कुमार राय , रोहित गुप्ता, छोटेलाल माझी, नगर महामंत्री गौतम रवानी, बजरंग महानंद, नगर मंत्री मोहन यादव, अभय कुमार साव, राजेश पासवान, सरस्वती आशा बारला, सरस्वती हैसा, नगर संयोजक राजू कसेरा, सहसंयोजक आश्वनी प्रमाणिक, नगर सोशल मीडिया प्रभारी दारा महतो, इंद्रजीत रवानी, वरिष्ठ कार्यकर्ता आ,एन,पांडे, शेखर प्रसाद रवानी, शिवपूजन सिंह, संजय मिश्रा, कृष्ण राव शिंदे, दुर्गाराम, राकेश रंजन, अनुसूचित जनजाति मोर्चा नगर अध्यक्ष रवि बकिरा, महिला मोर्चा नगर अध्यक्ष विमला प्रसाद, अनुसूचित जनजाति मोर्चा नगर अध्यक्ष गोपाल राम, किसान मोर्चा नगर अध्यक्ष जितेंद्र महतो, दीपक प्रधान, अनीता गुप्ता, अनुपमा देवी, बबीता साव, सभ्या सोई, संजू देवी,सरिता एंथोनी, छाया देवी, रितु देवी, बूड़ा पानी, तुषारकांत नंदा, दीप नारायण यादव, अनूप दुबे, अमर कुमार शर्मा, महेंद्र पासवान, परविंदर चौहान, अभिजीत भट्टाचार्य, अनूप शर्मा, समीर मिस्त्री, अजीत सारंगी, मनोज साहू, प्रदीप साव, सुदीप कुमार पात्र, रविंद्र यादव, संजीत राम, कमलेश महतो, कैलाश महतो, अशोक नयर, धर्म सिंह महतो, प्रमोद रवानी, मुकेश कुमार साव, नंदू साव, के लालूदा, बुलटन रवानी, सोनू रजक आदि भाजपा के कार्यकर्ता गण उपस्थित थे।

टोन्टो में भाजपा की बैठक में जनसंपर्क अभियान तेज करने का निर्णय

पूसू प्रतिनिधि, चाईबासा। भारतीय जनता पार्टी मंडल टोन्टो की बैठक मंडल अध्यक्ष की अध्यक्षता में संपन्न हुई, जिसमें प्रभारी बाबुराम लागुरी उपस्थित हुए। मुख्य अतिथि के रूप में जिला महामंत्री प्रताप कटियार महतो एवं संजय पति भी उपस्थित रहे। बैठक में लाभार्थी संपर्क अभियान की समीक्षा की गई एवं बृहद रूप से संपर्क अभियान को चलाने की रूपरेखा तैयार की गई भूत स्तर पर बूथ अध्यक्ष के नेतृत्व में संपर्क अभियान चलाया जाएगा और लाभार्थियों से संपर्क कर प्रधानमंत्री मोदी का प्रणाम बोलते हुए मोदी को समर्थन के लिए भाजपा के पक्ष में मतदान के लिए अपील किया जाएगा। उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं के द्वारा नमो एप्स अपलोड करते हुए नमो एप्स के माध्यम से माइक्रो डोनेशन भी किया गया। उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं के द्वारा आगामी चुनाव में हम कैसे कार्य करें कि हमारा सांसद यहां से जीते इसके लिए सभी कार्यकर्ताओं से सुझाव लिया गया।

बैठक में विकसित भारत संकल्प मोदी गारंटी के तहत सभी से सुझाव लिए गए। सभी सुझावों को 16 मार्च को रांची भेज दिया जाएगा। मौके पर भाजपा पूर्व प्रत्याशी मनोज लेयांगी, जिला उपाध्यक्ष राकेश बबलू शर्मा, सुरा लागुरी, त्रिसानु राय, प्रदीप हेस्सा, सुखदेव पान, अर्जुन दास, अनिल दास, रमुनि कुन्टिया, कमला देवी, सतरी खाण्डाईत, मनमोहन सुंडी, पांडु खेतवार, बिहार सुंडी, बहादुला हेस्सा, नरेंद्र नायक, सुदमा लागुरी, प्रताप हेस्सा समेत कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

ब्रहामण समाज की महिलाओं ने होली मिलन समारोह का आयोजन किया

पूसू प्रतिनिधि, जमशेदपुर । श्री परशुराम जन्मोत्सव ब्रहामण नारी सभा के द्वारा टीआरएफ शिव मंदिर उत्सव हॉल बर्मामाइंस में भव्य होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन सभा के ऑर्गेनाइजर ब्यूटी तिवारी के नेतृत्व में किया गया। इस मौके पर बतौर मुख्य अतिथि प्रोफेसर त्रिपुरा सरण एवम विशिष्ठ अतिथियों में मुख्य रूप से डालसा के मिडिएटर रजनी मिश्रा, अरुणा मिश्रा, तरुणा मिश्रा, रेणु तिवारी, विनीत मिश्रा, शालिनी पांडे, किरण ठाकुर , मीरा तिवारी, जानवी देवी , रीमा दुबे, त्रिपुरा झा, संगीता झा , श्रद्धा सारंगी , नीलम चौबे, प्रतिभा पांडेय , बंदना सुमन, श्वेता तिवारी, नीतू दुबे आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम में महिलाओं ने होली मिलन के दौरान खूब मस्ती की और अबीर गुलाल लगाकर एक दूसरे को होली पर्व की शुभकामनाए दी। कार्यक्रम में ब्रहामण समाज की बच्चियों ने आकर्षक नृत्य कर सबका मन मोह लिया। इससे पूर्व कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों द्वारा दीप प्रज्जवलित कर किया गया।

फेयर प्राईस शॉप डीलर्स एसोसिएशन ने एसओआर का किया अभिनंदन

पूसू प्रतिनिधि, जमशेदपुर। फेयर प्राईस शॉप डीलर्स एसोसिएशन,पूर्वी सिंहभूम जिला कमीटी के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने नवनियुक्त विशिष्ट पदाधिकारी (अनुभाजन) को अंग वस्त्र एवं गुलदस्ता भेट कर स्वागत किया गया। उनकी पदस्थापना के बाद एसोसिएशन की उनसे यह पहली मुलाकात थी। इस दौरान एसओआर ने सहयोग करने का भरोसा दिया। मौके पर एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष मोहन साव 'पारस', महासचिव प्रमोद गुप्ता, कोषाध्यक्ष नागेश जायसवाल, वरीय उपाध्यक्ष कैलाश अग्रवाल, वरीय जिला सचिव सत्यनारायण रजक ,उपाध्यक्ष ओमप्रकाश गुप्ता, सत्यनारायण अग्रवाल, जिला सचिव उमेश साव, योगिता उपाध्याय (पिंटू),जिला संगठन सचिव अजय कुमार सिंह, रंजीत कुमार, जितेंद्र कुमार मो.तनवीर, कानुनी सलाहकार भोला प्रसाद (अधिवक्ता), जिला प्रवक्ता पप्पू कुमार, कोर कमीटी सदस्य, विनय कुमार, पिंटू कुमार, कृष्णा साव, मो.जमील अकतर, संजय कुमार, भोला साव, रामवृक्ष साव आदि रुप से उपस्थित थे।

बोड़ाम भुला पंचायत में खुलेगा पुस्तकालय, बैठक कर पुस्तकालय प्रबंधन समिति एवं सलाह समिति का हुआ गठन

पूसू प्रतिनिधि, बोड़ाम। बोड़ाम प्रखंड के भुला पंचायत भवन में शुक्रवार को मुखिया मंगल सिंह की अध्यक्षता में पंचायत में पुस्तकालय (ज्ञान केंद्र) खुलने को लेकर एक विशेष ग्राम सभा किया गया, जिसमें पंचायत में पुस्तकालय खोलने को लेकर सभी मुद्दों पर चर्चा हुआ, उसके बाद सभी के सर्वसम्मति से पुस्तकालय प्रबंधन समिति एवं सलाह समिति का गठन किया गया, जिसमें मुखिया मंगल सिंह को अध्यक्ष, लॉटरी के माध्यम चार स्वंय सेवक में से गोपेन महतो को सचिव और पंचायत सचिव

अजीत कुमार, उपमुखिया लक्ष्मी रानी गोराई, वार्ड सदस्य सुमित्रा सिंह, वार्ड सदस्य ज्योत्सना महतो, वार्ड सदस्य बुचीरानी भुईया, वार्ड सदस्य प्रियंका महतो, वार्ड सदस्य दुखुराम मुखर्जी को सदस्य बनाया गया और बैठक में पुस्तकालय के लिए स्टील अलमीरा-04, डेस्क-02, प्लास्टिक कुर्सी-20, कम्प्यूटर टेबल एवं कुर्सी-02, डेस्कटॉप कंप्यूटर एवं यूपीएस-02, प्रिंटर - 02, एलईडी स्क्रीन-02, वाटर प्यूरीफायर-01, सूचना बोर्ड-01, पंखा-02, मैगजीन स्टैंड-01, सोलर लाइट-04 खरीदने के लिए प्रस्ताव पारित किया गया।

विशेष ग्राम सभा में मुखिया मंगल सिंह, उपमुखिया लक्ष्मी रानी गोराई, पंचायत सचिव अजीत कुमार, रोजगार सेवक जगन्नाथ सोट, वार्ड सदस्य सुमित्रा सिंह, ज्योत्सना महतो, बुचीरानी भुईया, प्रियंका महतो, दुखुराम मुखर्जी, गुरुपद सिंह के अलावा शिक्षक सुनिल कुमार सिंह, स्वंय सेवक गोपेन महतो, जगन्नाथ महतो, सुधीर किस्कू, मिनती रानी महतो, संजय गोराई, दीपक महतो, धनंजय सिंह, रोहीन कर्मकार आदि उपस्थित थे।

6 साल के अजहान समीर ने रखा रोजा

पूसू प्रतिनिधि, चक्रधरपुर।

वार्ड संख्या 10 छोटी मस्जिद रोड निवासी समीर आलम के 6 वर्षीय अज़हान समीर ने आज अपना इस वर्ष का पहला रोजा रखा है। मधुसूदन स्कूल के युकेजी छात्र है। अजहान ने बताया कि पिछले साल एक रोज़ा रखा था इस वर्ष कोशिश होगी जितनी स्कूल की छुट्टी होगी उतना रोज़ा रखना है। रोज़ा क्यों रखते हैं तो जवाब मिला की अल्लाह की रज़ा हासिल हो जाए। अजहान के अब्बू का गुदड़ी बाजार में जुता चप्पल की दुकान है मां ग्रहणी है। अज़हान को रोज़ा रखने का शौक अपने मां-बाप को देखकर मिला। पूरे परिवार में खुशी का माहौल है।

डिमना में झामुमो की संकल्प सभा आयोजित

पूसू प्रतिनिधि, जमशेदपुर । झारखंड मुक्ति मोर्चा मानगो नगर समिति के अध्यक्ष फतेह चंद्र टुडू की अध्यक्षता में बाबा तिलका मांझी चौक डिमना मुर्मू कंपलेक्स में संकल्प सभा का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में उपस्थित वक्ताओं ने सभी कार्यकर्ताओं को संकल्प दिलाया कि केन्द्र की भाजपा सरकार के इशारे पर झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन को ईडी के द्वारा गिरफ्तार कर आदिवासी मुलवासियों एवं अल्पसंख्यक समुदाय के मान-सम्मान को ठेस पहुंचाई है। पूर्व सीएम हेमन्त सोरेन के रिहाई तक झारखंड की जनता चुप नहीं बैठेगी। गांव से लेकर शहर तक भाजपा एवं केंद्रीय जांच एजेंसी ईडी का

जोरदार विरोध जारी रखने का संकल्प लिया गया। साथ ही आने वाला समय में भाजपा मुक्त झारखंड बनाने का भी का संकल्प लिया गया। इससे पूर्व कार्यक्रम की शुरुआत पार्टी के शहीद नेताओं को श्रद्धा सुमन अर्पित कर किया गया।

इस अवसर पर मुख्य रूप से पूर्व सांसद सुमन महतो, शेख बदरूद्दीन, योगेन्द्र कुमार निराला, बाबर खान, फैयाज खान, रंजीत देव, राजु श्रीवास्तव, होंदा दास, मनु माझी, उज्जवल दास, हैप्पी तनतुबाई, संजू कुटिया, कुसनू सुंडी, धनु टुडू, महेश्वर कालिंदी, सनातन टुडू, नन्दलाल तनतुबाई, प्रधान मुदुया समेत सैकड़ों की संख्या में झामुमो कार्यकर्ता उपस्थित थे।

फूलों की होली के साथ श्रीमद् भागवत कथा का समापन

भगवान श्रीकृष्ण की महारास लीला की कथा सुनकर भक्तिरस में झूमने लगे श्रोता

पूसू प्रतिनिधि, जमशेदपुर। साकची श्री रामलीला मैदान में चल रहे सात दिवसीय भागवत कथा कें अंतिम दिन शुक्रवार को कथावाचक स्वामी सर्वज्ञानन्द जी महाराज ने तुलसी वर्षा, हवन-पूजन, कपिला तर्पण, सहस्त्रधारा, पूजा और विसर्जन कराया। साथ ही भागवत कथा के सारांश, उपसंहार, भगवान श्री कृष्ण की सोलह हजार एक सौ आठ रानियों व इनसे विवाह के पीछे के वास्तविक दर्शन, भगवान कृष्ण के द्वारका में राजपाठ, सुदामा से मित्रता, सुदामा की दरिद्रता के हरण प्रसंगों सहित भगवान श्रीकृष्ण की सबसे मधुर लीला महारास लीला की कथा सुनाकर महोत्सव को विराम दिया गया। श्री श्री रामलीला उत्सव समिति द्धारा आयोजित भागवत कथा के समापन पर शुक्रवार को होली उत्सव मनाया गया। इस दौरान संगीतमयी धुनों पर भक्त खूब झूमे। कथा के अंत में राधे-राधे-राधे बरसाने वाली राधे, गीत के साथ फूलों की होली खेली

गई। राधे-कृष्ण सहित भक्तों को फूलों की वर्षा से नहला दिया गया। इस मौके पर श्रद्धालुओं ने फूलों और गुलाल की होली भी खेली।

इस दौरान उन्होंने कहा कि जो कोई श्रीमद भागवत कथा का श्रवण करे, घर में गाय व तुलसी का महत्व समझे और घर में श्रीमद् भागवत ग्रंथ रखे, उसे दैविक, दैहिक और भौतिक ताप से मुक्ति मिल जाती है। भगवान श्रीकृष्ण की सबसे मधुर लीला महारास लीला का वर्णन किया। कथा वाचक ने सात दिनों तक भागवत के विभिन्न प्रसंगों को संगीतमय प्रकृति से श्रोताओं को मुग्ध कर दिया। कथा स्थल में श्री राधे-राधे की गूंज से वृंदावन धाम का अनुभव होता रहा। उन्होंने कहा कि शुकदेव जी ने परीक्षित को बताया कि भगवान की कथा को श्रद्धा और विश्वास के साथ इस प्रकार से सुनें तो सात दिनों के अंदर श्रोता भगवान को स्वयं प्राप्त कर सकते हैं। कथा सुनकर श्रोतागण भक्तिरस में झूमने लगे। श्रीमद् भागवत कथा समापन के मौके पर हवन का आयोजन किया गया। जिसमें श्रद्धालुओं ने सपत्नी आहुति डालकर मनौतियां मांगीं। इसके बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों की संख्या में उपस्थित श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

इनका रहा योगदान:- कथा के अंतिम दिन शुक्रवार को यजमान क्रमश: शीला-मनोज कुमार मिश्रा, लक्ष्मी-पवन अग्रहरि, गायत्री-ब्रजेश बाजपेयी, विकास सिंह थे। सात दिवसीय कथा को सफल बनाने में प्रमुख रूप से डा. डीपी शुक्ला, रामफल मिश्र, रामगोपाल चौधरी, शंकर सिंघल, गया प्रसाद चौधरी, रामकेवल मिश्र, पवन अग्रहरी, मनोज कुमार मिश्र, अनिल कुमार चौबे, नवल झा, महेश तिवारी, प्रदीप चौधरी, मनीष मिश्रा, द्धारिका प्रसाद, प्रमोद खंडेलवाल, अवधेश मिश्रा, रोहित कुमार मिश्र, संजय सिंह, दिलीप चौधरी, प्रदीप चौधरी, गौरीशंकर, बसंत, अनुज आदि का योगदान रहा।

संक्षिप्त खबरें

टिटिहा के पास अनियंत्रित होकर ट्रेलर खेत में घुसा, कोई हताहत नहीं

पूसू प्रतिनिधि, चाकुलिया। चाकुलिया थाना क्षेत्र के टिटिहा के पास शुक्रवार को एक टेलर संख्या पीबी 29-0811 अनियंत्रित होकर खेत में घुस गया। ट्रेलर को खेत में घुसने से कोई हताहत नहीं हुआ। ट्रेलर खेत में जाकर जस का तस खड़ा हो गया। ट्रेलर का चालक टेलर छोड़कर फरार हो गया है। ग्रामीणों ने खेत में ट्रेलर घुसने की सूचना पुलिस दे दी है। ट्रेलर धालभूमगढ़ की ओर जा रहा था। इस दुर्घटना में किसी के घायल होने की सूचना नहीं है।

चाकुलिया रेलवे स्टेशन के पास मालगाड़ी के डब्बे का कपलिंग टूटा

पूसू प्रतिनिधि, चाकुलिया। चाकुलिया रेलवे स्टेशन के पास शुक्रवार को अप लाइन पर एक मालगाड़ी के डब्बे का कपलिंग टूट गया, जिसे मालगाड़ी दो भाग में बंट गई। मालगाड़ी को दो भागों में बंट जाने से रेल कर्मियों में अफरा तफरी मच गई। मालगाड़ी के डब्बे का कपलिंग टूटने के बाद इंजन के चालक ने मालगाड़ी को रोक दी। इसके बाद रेल कर्मियों द्वारा उसकी मरम्मत की गई। मालगाड़ी लगभग 2 घंटा खड़ी रही। कपलिंग दुरुस्त करने के बाद मालगाड़ी को रवाना किया गया ।

ग्राम प्रधानों की बैठक में बाइक एवं मानदेय सूची भेजने की रखी मांग

पूसू प्रतिनिधि, डुमरिया। डुमरिया प्रखंड सभागार में शुक्रवार को प्रखंड क्षेत्र के ग्राम प्रधानों ने की बैठक अंचल अधिकारी चंचला कुमारी की अध्यक्षता में हुई। बैठक के दौरान ग्राम प्रधानों ने कहा कि कल्याण विभाग की ओर से बाइक एवं मानदेय देने के लिए प्रखंड के ग्राम प्रधानों की सूची मांगी थी। फरवरी माह में इससे संबंधित लेटर अंचल कार्यालय को प्राप्त भी हो चुका है, जिसे ग्राम प्रधानों ने सूची को जल्द सरकार को भेजने की मांग की। जिस पर ग्राम प्रधानों को अंचल कर्मी मंगल हांसदा ने बताया कि इससे संबंधित सूची तैयार कर लिया गया है, जल्द ही सूची भेज दी जाएगी। बैठक में लखन मार्डी, गालु मुर्मू, भागमात टुडू, जासाई मुर्मू, करन हांसदा, लक्ष्मण हांसदा, डुइका मुर्मू, राजु सरदार, ओपेन सोरेन, अर्जुन मुर्मू, राम किस्कू, शुरू मुर्मू, मिर्जा हेंब्रम कई गांव के ग्राम प्रधान शामिल थे।

बाहा पर्व में शामिल हुए मंगल कालिंदी

पूसू प्रतिनिधि, पटमदा। जमशेदपुर प्रखंड के लुआबासा पंचायत अंतर्गत बैजनाथडीह गांव में प्रकृति की उपासना के त्योहार 'बाहा पर्व' के अवसर पर शुक्रवार को विधायक मंगल कालिंदी जाहेरस्थान में पहुंचकर पूजा-अर्चना करते हुए क्षेत्र की खुशहाली के लिए कामना किए। इस दौरान विधायक ने कहा कि बाहा का मतलब फूलों का पर्व। इस पर्व में आदिवासी समुदाय के लोग विधिवत पूजा-अर्चना करते हैं और महिला- पुरूष के साथ साथ बच्चे भी परंपरागत कपड़े पहनकर मांदर के थाप पर खूब झूमते है। उन्होंने कहा कि बाहा पर्व से समृद्धि, सौहार्द और प्राकृतिक संबंधों को मजबूत करता है। होली के पूर्व जाहेरस्थान में आदिवासी समुदाय के लोग हर साल काफी धूमधाम के साथ बाहा पर्व मनाते हैं। इस दौरान नायके हरि मुर्मू, ग्राम प्रधान गोपीनाथ मुर्मू, लालचंद सोरेन, बुद्धेश्वर कर्मकार, सुपाई मुर्मू आदि ग्रामीण मौजूद थे।

बड़ा बाहा बोंगा के उपलक्ष्य में हुआ साड़ी का वितरण

पूसू प्रतिनिधि, पोटका। प्रखंड अंतर्गत बालीडीह रसूनचोपा गांव के महिलाओं के बीच में झारखंड मुक्ति मोर्चा नेता महाबीर मुर्मू के द्वारा आदिवासी संथाल समाज का प्राकृतिक उपासना का सबसे बड़ा बाहा बोंगा (पुजा) के उपलक्ष्य में पारंपरिक साड़ी का वितरण किया गया। महाबीर मुर्मू ने बताया कि आदिवासी संथाल समाज बाहा बोंगा (पुजा) में संथाल समाज के सभी पुरुष एवं महिलाओं को पारंपरिक वस्त्र में ही जाहेरथान में प्रवेश करने की अनुमति एवं पूजा का सखुआ फूल ग्रहण करने दिया जाता है। समाजसेवी सीताराम सोरेन ने गांव के महिलाओं के लिए पारंपरिक साड़ी देने का आग्रह किया ताकि समाज का सामाजिक व्यवस्था बना रहे। इस अवसर पर सीताराम सोरेन सुशीला हांसदा हीरामुनी सोरेन सोनामुनी टुडू बबलू टुडू विक्की कंडीर राजू बोदरा सौरव बिरुआ मनोज गोप, विक्की मार्डी अमरीक सिंह आदि उपस्थित थे।

क्षेत्रीय भाषाओं की प्रारंभिक कक्षा से ही होगी पढ़ाई- सीएम

पोटका व चाकुलिया में डिग्री कॉलेज का मुख्यमंत्री ने किया शिलान्यास

पूसू प्रतिनिधि, जमशेदपुर/पोटका। मुख्यमत्री चंपाई सोरेन ने कहा कि राज्य सरकार प्रारंभिक कक्षा से ही जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषाओं की पढ़ाई शुरु करेगी। जिससे प्रारंभिक कक्षा से ही यहां के बच्चों को जनजातीय भाषाओं का ज्ञान हो। मुख्यमंत्री शुक्रवार को पोटका व चाकुलिया में डिग्री कॉलेज का शिलान्यास करने के बाद उपस्थित जन समूह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मेरी सरकार की प्राथमिकता हर घर शिक्षा का दीया जलाना है। सरकार जनजातीय भाषा सहित क्षेत्रीय भाषाओं में प्राईमरी कक्षा से ही पढ़ाई शुरू करेगी, ताकि लोग स्थानीय भाषा सीख सकें, क्षेत्रीय भाषा लुप्त नहीं हो। उन्होंने कहा कि झारखंड राज्य में अकूत संपदा जैसे यूरेनियम, सोना, लोहा, कोयला से भरे हैं, लेकिन पूर्व की भाजपा सरकार ने राज्य का विकास नहीं कर यहां का खनिज संपदा का दोहन कर दिल्ली, यूपी, राजस्थान, छत्तीसगढ़ को चमकाने का काम किया है। उन्होंने भाजपा को बहुरुपियों दल की संज्ञा दी। कहा कि बहुरुपियां बनकर भाजपा वाले चुनाव में आएंगे, इधर उधर की बात कर वोट मांगेंगे। उन्होंने स्थानीय लोगों से ऐसे बहुरूपिए से सावधान रहने की बात कही। मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा झारखंड की 14 लोकसभा सीट जीतने के दावा कर रही है। उन्होंने लोगों से अपील की कि उक्त पार्टी को एक भी सीट जीतने का मौका नहीं दें। जिस प्रकार विधानसभा चुनाव 2019 में कोल्हान से भाजपा को एक भी सीट नहीं दिया, उसी तरह पुरे राज्य में लोकसभा चुनाव में एक भी सीट नहीं दे। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने झारखंड में प्रधानमंत्री आवास के लिए अपने हिस्से का 80 हजार करोड़ रुपए रोक दिया। इसलिए पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने राज्य के बजट से ही 20 लाख लोगों को तीन कमरों का अबुआ देने का निर्णय लिया। दो लाख लोगों को पहली किश्त दिया गया है। तीन महीने बाद नौ लाख लोगों को अबुआ आवास दिया जाएगा। हमारी सरकार विकास के प्रति वचनबद्ध हैं और विकास काम ही करेगी। उन्होंने छात्र-छात्राओं के लिए छात्रवृत्ति राशि तीन गुणा वृद्धि करने की बात भी कही। उन्होंने कहा सरकार 125 यूनिट तक मुफ्त बिजली दे रही है।

उपभोक्ताओं के घरों में लगेंगे नि:शुल्क बिजली मीटर

जिन उपभोक्ताओं के घरों में बिजली मीटर नहीं लगे हैं, सरकार बिजली मीटर फ्री लगाने का काम करेगी। उन्होंने यह भी कहा कि बिजली बिल की विसंगतियों को भी दूर किया जाएगा। इस अवसर पर सुनील महतो, चंद्रावती महतो, पार्षद सोनमनी सरदार, मुखिया कार्तिक मुर्मू, मुखिया सावित्री हांसदा, बबलू चौधरी, बीडीओ अभय द्विवेदी, सीओ निकिता बाला, डूमरिया बीडीओ चंचला कुमारी, सुधीर सोरेन, पंसस सीताराम हांसदा, पूर्व मुखिया भागीरथी हांसदा सहित हजारों की संख्या में महिला पुरुष व छात्र छात्राएं उपस्थित थी।

पोटका में डिग्री कालेज इतिहास रचने जैसी सफलता है : संजीव

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि पोटका विधायक संजीव सरदार ने कहा कि पोटका में डिग्री कालेज का शिलान्यास इतिहास रचने जैसी सफलता है। इसके लिए मुख्यमंत्री चंपई सोरेन व पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पुरा श्रेय जाता है। उन्होंने कहा आजादी के 70 वर्ष तथा झारखंड बने 24 वर्ष में यहां शिक्षा के लिए कोई पहल नहीं हो सका। पिछली सरकारों ने यहां के लोगों को सिर्फ ठगने का काम किया। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की सरकार बनते ही दो वर्ष कोविड में व्यर्थ चले गए। इसके बाद तत्कालीन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने विकास का गंगा बहाने का काम किया। यह भाजपा के नेताओं को अच्छा नहीं लगा और साजिश कर हेमंत सोरेन को जेल भेज दिया। लोकसभा चुनाव में झारखंडी जनता भाजपा को सबक सिखाएगी।

कुलूडीह जाहेरथान में की पूजा अर्चना

मुख्यमत्री चम्पाई सोरेन शुक्रवार की सुबह सरायकेला-खरसावां जिले के गम्हरिया प्रखंड स्थित अपने पैतृक गाँव जिलिंगगोड़ा पहुंचे। मुख्यमंत्री ने प्रकृति उपासना का महापर्व %बाहा पर्व% के अवसर पर सरायकेला-खरसावां जिला के जिलिंगगोड़ा स्थित सरना पूजा स्थल जाहेरथान में पारंपरिक विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर राज्यवासियों की सुख, समृद्धि, उन्नति और कल्याण की कामना की। मुख्यमंत्री ने सरायकेला-खरसावां जिला अंतर्गत कुल्लुडीह जाहेरथान का विधिवत उद्घाटन भी किया। मौके पर मुख्यमंत्री ने उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा कि राज्य के सभी पूजा स्थलों का संरक्षण, जीर्णोद्धार एवं विकास का कार्य उनकी सरकार कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस क्षेत्र में मौजूद अनेकों सरना स्थल, जाहेरथान के सौंदर्यीकरण का कार्य प्रगति पर है। आज कुल्लुडीह जाहेरथान बनकर तैयार है। जनजातीय संस्कृति से जुड़े रीति-रिवाजों को अक्षुण्ण रखा जा सके एवं इन स्थलों को जनजातीय संस्कृति के रूप में विकसित किया जा सके इस निमित्त उनकी सरकार निरंतर कार्य कर रही है।

संक्षिप्त खबरें

मुख्यमंत्री आज चाईबासा में, देंगे कई योजनाओं की सौगात

पूसू प्रतिनिधि, चाईबासा। मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन शनिवार को चाईबासा आएंगे। चाईबासा के टाटा कॉलेज मैदान में आयोजित कार्यक्रम में कोल्हान विश्व विद्यालय चाईबासा अंतर्गत पश्चिमी सिंहभूम जिले के हाटगम्हरिया एवं बदगांव में डिग्री कॉलेज तथा अन्य सरकारी जनकल्याणकारी योजना का शिलान्यास, उद्घाटन एंव परिसंपत्ति का करेंगे वितरण। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में केंद्रीय जनजातिया कार्य एवं कृषि मंत्री अर्जुन मुंडा के अलावे झारखंड सरकार के मंत्रियों में आलमगीर आलम, सत्यानंद भोक्ता, दीपक बिरुआ और सिंहभूम सांसद श्रीमती गीता कोड़ा, मनोहरपुर विधायक जोबा मांझी, मझगांव विधायक निरल पूर्ति, जगन्नाथपुर विधायक सोनाराम सिंकु खरसंवा विधायक दशरथ गगराई, चक्रधरपुर विधायक सुखराम और जिला परिषद अध्यक्ष लक्ष्मी सुरेंन होंगे शामिल।

सांसद के समर्थन में महतो जाति के पोस्टर पर कुड़मी नेता ने जताया ऐतराज

पूसू प्रतिनिधि, जमशेदपुर। सामाजिक राजनैतिक कार्यकर्त्ता दीपक रंजीत ने एक प्रेस रिलीज जारी कर कहा कि हमलोग भी चाहते है कि भाजपा जमशेदपुर से जीत की हेट्रिक न करें। लेकिन शहर में कुछ जगहों पर उनके समर्थन में महतो समाज लिखा पोस्टर देखकर यह लगता है कि उक्त पोस्टर महतो (कुड़मी) की बजाय किसी गैर महतो ने तैयार किया है। जिसमें उसे जाति की जानकारी नहीं है। क्योंकि महतो कोई जाति नहीं है। जाति है कुड़मी, और कोई भी कुड़मी जिसमे थोड़ा सा भी सामाजिक राजनैतिक समझ है वह कभी 'महतो समाज' नहीं लिखेगा। वह लिखेगा 'कुड़मी समाज'. दीपक रंजीत ने कहा जमशेदपुर स्टील सीटी के फेसबुक पेज में देखा. इसलिए शहर के लोगों से आग्रह होगा कि यह पोस्टर किसने लगाया है? कहाँ लगाया है इसका विवरण देने का कष्ट करें। यह बात सही है कि कुड़मी समाज बिद्युत महतो से नाराज है। और कुड़मी समाज के लोग इसका विरोध खुले मंच से भी करते है। पिछले दिनों हूल हुली टांड पुरुलिया से लाखों के भीड़ में भी यह आवाज आया था।

विशेष मध्यस्थता अभियान में 5 मामलों का हुआ निष्पादन

पूसू प्रतिनिधि, चाईबासा। झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार रांची के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार पश्चिमी सिंहभूम चाईबासा के तत्वाधान में कुटुंब न्यायालय से संबंधित विशेष मध्यस्थता अभियान 11 से 15 मार्च तक चला। जिसके तहत कुटुंब न्यायालय से संबंधित मामलों का त्वरित निष्पादन मध्यस्थता के माध्यम से किया गया, इसी क्रम में शुक्रवार को अभियान के अन्तिम दिन तक नौ मामलों में सुनवाई करते हुए मध्यस्थता के द्वारा पांच मामलों का सफल निष्पादन किया गया। उपरोक्त जानकारी प्राधिकार के सचिव राजीव कुमार सिंह ने दी।

विश्व उपभोक्ता दिवस पर 'जागो ग्राहक जागो' नुक्कड़ नाटक का मंचन

पूसू प्रतिनिधि, जमशेदपुर। भारतीय मानक ब्यूरो जमशेदपुर शाखा द्वारा विश्व उपभोक्ता दिवस के अवसर पर चाईबासा सदर बाज़ार में गीता थिएटर के युवा कलाकारों द्वारा 'जागो ग्राहक जागो' नामक नुक्कड़ नाटक का मंचन किया गया। नाटक में दिखाया गया कि कैसे विक्रेता अपने ग्राहकों को खराब सामान ज्यादा मूल्य में देकर उसे ठगता है। उसी ठगी से बचने के लिए कलाकार लोगों को आईएसआई मार्क और सीएमएल नम्बर की जानकारी देते हुए और इस मार्क की असली पहचान करने के लिए भारतीय मानक ब्यूरो द्वारा जारी किए गए ऐप पर जाकर सीएमएल नंबर डायल करने की जानकारी दी गई। इस दौरान सोना (गोल्ड) की खरीदारी के समय होल मार्क का ध्यान रखने बात कही गई। नाटक में दिव्या, अनंत सरदार, विवेक प्रसाद, श्यामली धीबर,गौतम धीबर, गीता कुमारी, प्रेम दीक्षित ने अभिनय किया।

महाकुड़िया में महिला समूह के सदस्यों के बीच वॉटर जार एवं साड़ी मुहैया कराया गया

पूसू प्रतिनिधि, बहरागोड़ा। बहरागोड़ा प्रखंड क्षेत्र के महाकुड़िया में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के तहत एक कार्यक्रम का आयोजन शुक्रवार को भाजपा नेता देवी शंकर दत्ता उर्फ काबु दत्ता ने महिला समूह के सदस्यों वॉटर जार एवं ड्रेस कोड के लिए साड़ी मुहैया करवाया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा के जिलाध्यक्ष चंडी चरण साव मौजूद थे। उन्होंने ने महिला समूह के सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा कि हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सोच है कि देश की महिलाओं को सम्मान मिले और इसी के तहत अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस को लेकर कई तरह के कार्यक्रम आयोजित किया जा रहे हैं। वहीं देवी शंकर दत्ता उर्फ काबू दत्ता ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संकल्प एवं सोच से प्रेरित होकर लोगों के सहायता के लिए वे हमेशा खड़े हैं। हर घर से महिला एवं बच्चे शिक्षित होंगे तो देश आगे बढ़ेगा। मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष चंडी चरण साव, महिला मोर्चा जिला, महिला मोर्चा जिला महामंत्री कृष्णा पाल, हीरा सिंह, मनोज सरकार, रोहित कुइला समेत कई भाजपा कार्यकर्ता एवं महिला समूह के सदस्य मौजूद थी।

बार एसोसिएशन चुनाव: सुधीर कुमार पप्पू ने उपाध्यक्ष पद पर दाखिला किया नामांकन

पूसू प्रतिनिधि, जमशेदपुर। बार एसोसिएशन के वरीय सदस्य अधिवक्ता सुधीर कुमार पप्पू ने चुनाव 2024 के उपाध्यक्ष पद के लिए शुक्रवार को नामांकन प्रपत्र दाखिल किया। चुनाव कमेटी के अधिवक्ता अर्जुन सिंह, अधिवक्ता एनवी सिंह देव और बीरेंद्र शर्मा को प्रपत्र दिया। उनके प्रस्तावक बार एसोसिएशन के वरीय सदस्य एवं पूर्व लोक अभियोजक अधिवक्ता पीएन गोप और बबीता जैन भी साथ में थे। पूर्व लोक अभियोजन पदाधिकारी एवं अधिवक्ता जगत विजय सिंह, पूर्व जिला लोक अभियोजक ललित जायसवाल, बार एसोसिएशन के पूर्व जिला सह सचिव मोहम्मद कासिम, अधिवक्ता मूर्ति, अधिवक्ता बाबू नंदी, अधिवक्ता सलीम, अधिवक्ता विक्रम सिंह, अधिवक्ता राहुल कुमार, अधिवक्ता कुलविंदर सिंह आदि साथ में थे। इससे पहले उन्होंने दोनों बार भवन में जाकर कई वकीलों से इस बारे में सलाह मशविरा किया और उनकी ओर से सहमति मिलने पर ही नामांकन प्रपत्र दाखिल किया।

मानगो में चोरी की बैटरी बरामद, बैटरी मिलते ही रो पड़े टेंपो चालक नंदकिशोर पांडे

वरीय पुलिस अधीक्षक के प्रयास से टेंपो चालक को दोबारा मिला रोजगार- विकास सिंह

पूसू प्रतिनिधि, जमशेदपुर। सप्ताह भर पूर्व मानगो उलीडीह थाना क्षेत्र अंतर्गत सुभाष कॉलोनी के जयप्रकाश नगर से रात लगभग 2: 00 बजे खड़ी टेम्पो बैटरी की चोरी हो गई थी। पूरा मामला सीसीटीवी में कैद था। टेम्पो के मालिक नंदकिशोर पांडे टेम्पो की बैटरी की चोरी की घटना की लिखित शिकायत सीसीटीवी कैमरे के रिकॉर्डिंग के साथ उलीडीह थाना में करने गए थे। मौके में मौजूद उलीडीह थाना के दरोगा ने टेम्पो चालक नंदकिशोर पांडे को फटकार लगाते हुए कहा था की सीसीटीवी फुटेज केवल दिखावे के लिए होता है इसका कोई महत्व नहीं है इससे किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं होगी। शिकायत के पूरे एक दिन बीत जाने के बाद भी किसी प्रकार की प्रशासनिक कार्रवाई नहीं होने से चिंतित टेम्पो चालक नंदकिशोर पांडे ने मामले की जानकारी भाजपा

नेता विकास सिंह को दिया था सूचना मिलते ही मौके में पहुंचे भाजपा नेता विकास सिंह ने पुलिस के रवैया से नाराजगी जताते हुए मामले की जानकारी वरीय पुलिस अधीक्षक को देते हुए सीसीटीवी फुटेज उपलब्ध कराकर चोरों पर कार्रवाई करते हुए बैटरी बरामद करवाने की बात कही थी। टेम्पो की बैटरी चोरी हो जाने के बाद टेम्पो चालक नंदकिशोर पांडे पूरी तरह बेरोजगार हो गए थे नई बैटरी खरीदने के पैसे उनके पास नहीं थे जिसके कारण वह टेम्पो नहीं चला पा रहा था। भाजपा नेता विकास सिंह को जिले के वरिय पुलिस अधीक्षक एवं उलीडीह थाना प्रभारी ने भरोसा दिलाया था कि हर हाल में चोर की गिरफ्तारी और बैटरी को बरामद किया जायेगा। एक सप्ताह बीतने के बाद उलीडीह थाना प्रभारी के प्रयास से चोर पकड़ा गया। चोर ने बताया कि उसने बैटरी को तोड़कर बैट्री निकले सामग्री को बेच दिया है। मौके में मौजूद चोर के परिजनों ने टेम्पो चालक नंदकिशोर पांडे को नया बैटरी दिया। बैटरी मिलते ही टेम्पो चालक नंदकिशोर पांडे भावुक हो गए। उन्होंने रोते हुए कहा कि सप्ताह भर से बैटरी के अभाव में टेम्पो नहीं चला पा रहे हैं जिसके कारण उनके पास आर्थिक परेशानी खड़ी हो गई थी। बैटरी चोरी करने वाला चोर को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। टेम्पो चालक नंदकिशोर पांडे ने भाजपा नेता विकास सिंह, उलीडीह थाना प्रभारी अमित कुमार एवं जिले के वरीय पुलिस अधीक्षक कौशल किशोर को धन्यवाद दिया। बैटरी लेने थाना में मुख्य रूप से टेम्पो चालक नंदकिशोर पांडे के साथ भाजपा नेता विकास सिंह, गंगा सिंह गौतम, दुर्गा चरण दत्त, राम सिंह कुशवाहा, दिलीप जायसवाल मुख्य रूप से मौजूद थे।

बागबेड़ा हाउसिंग कॉलोनी जलापूर्ति योजना में नहीं पारित हो सका आदेश

पूसू प्रतिनिधि, जमशेदपुर। उपायुक्त अनन्य मित्तल की प्रशासनिक व्यस्तता की वजह से उनकी कोर्ट नहीं बैठ सकी। जिसके कारण बागबेड़ा कालोनी जलापूर्ति योजना की सुनवाई नहीं हो सकी। जिसके कारण अदालत की ओर से कोई आदेश पारित नहीं हुआ। उक्त जानकारी महानगर विकास समिति के अध्यक्ष सह झारखंड हाई कोर्ट में जनहित याचिका दायर करने लाले सुबोध झा ने दी। उन्होंने कहा कि उपायुक्त के न्यायालय में मिस केस नंबर 21/2022- 23 की 15 मार्च को सुनवाई होनी थी। लेकिन उपायुक्त की व्यस्तता की वजह से कोर्ट नहीं बैठ सकी। सुनवाई के दौरान सुबोध झा (अध्यक्ष बागबेड़ा महानगर विकास समिति) विनय सिंह (संयोजक बागबेड़ा महानगर विकास समिति) न्यायालय में उपस्थित हुए। सुबोध झा ने कहा कार्यपालक अभियंता के द्वारा सौपी गई, शपथ पत्र रिपोर्ट झारखंड हाई कोर्ट में एवं उपायुक्त के न्यायालय में की 27 अप्रैल 2023 से काम को चालू कर दिया गया है। 15 महीने में काम को पूरा कर दिया जाएगा।

नामदाबस्ती गुरुद्वारा चुनाव 2024 : जत्थेदार दलजीत सिंह समेत सात ने खरीदा प्रधान पद का नामांकन फार्म, कई रेस में

पूसू प्रतिनिधि, जमशेदपुर। नामदाबस्ती गुरुद्वारा में प्रधान पद के 2024 से 2027 तक के कार्यकाल के लिए होने वाले चुनाव को लेकर स्थानीय संगत में जहां उत्साह बना हुआ है। वहीं, दोनों गुटों में गहमा गहमी का माहौल भी बरकरार है। इलाके में चुनाव की सरगर्मी सर चढ़ कर बोल रही है। इसी बीच जारी चुनाव की प्रक्रिया के बीच 13 मार्च से शनिवार 15 मार्च तक प्रधान पद के लिए पक्ष के चार और विपक्षी खेमे के तीन लोगों ने नामांकन पत्र खरीदा है. 16 मार्च को नामांकन खरीदने की अंतिम तिथि है। इसके बाद आगामी 17 से 19 मार्च तक सुबह 11 बजे से दोपहर एक बजे तक गुरुद्वारा में नाम वापसी की तारीख है। आगे की प्रक्रिया बाद में घोषित की जाएगी।

इन्होंने खरीदा नामांकन फार्म

13 मार्च से जारी नामांकन फार्म बिक्री की प्रक्रिया के दौरान शनिवार को पक्ष की ओर से जत्थेदार दलजीत सिंह ने जहां नामांकन फार्म खरीदा. वहीं, विपक्ष के तीन लोगों क्रमशः गुलशन सिंह, हरदीप सिंह और अवतार सिंह ने नामांकन पत्र लिया था. इसके पूर्व 14 मार्च को पक्ष खेमे से सुखविंदर सिंह बिल्ला व रंजीत सिंह अटवाल ने नामांकन लिया था. पहले दिन 13 मार्च को इसी खेमे के सुखविंदर सिंह गिल ने नामांकन पत्र लिया था।

लगभग 500 मतदाता करेंगे मतदान

प्रधान पद के लिए होने वाले चुनाव की तिथि अभी घोषित नहीं की गई है. प्रधान महेंद्र सिंह ने कहा है कि नामांकन वापसी के बाद वह अगली प्रक्रिया के बारे तिथि तय करेंगे. अगर सब कुछ ठीक ठाक रहा तो 31 मार्च या 7 अप्रैल को चुनाव कराया जा सकता है.

एमजीएम लड बैंक ने रक्तदान करने वाले समाजसेवी संगठनों को किया समानित

पूसू प्रतिनिधि, जमशेदपुर। जमशेदपुर एमजीएम अस्पताल के सभागार में एमजीएम ब्लड बैंक में वर्ष 2022-23 रक्तदान शिविर आयोजित करने वाले समाजसेवी संगठनों के लिए समान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि द्वारा दीप प्रज्वलित करके की गयी।

कार्यक्रम में एमजीएम अस्पताल के डॉ के एन सिंह प्रिंसिपल, डॉ रवीन्द्र कुमार अधीक्षक, डॉ एन पी चौधरी डीएस, डॉ नारायण ओरावन, डॉ वी बी के चौधरी एचओडी ब्लड बैंक, डॉ नतासा देवगम, डॉ ई ए सोरेंग, डॉ श्वेता सहाय की उपस्थिति में शनि देव भक्त मंडली, यात्रा नए जीवन की शुरुआत रीना सिंह आनंद मार्ग से सुनील आंनद, डालसा के पीएलवी नागेन्द्र कुमार, ओबीसी कांग्रेस से सुरेंद्र शर्मा, प्रयास एक कदम से रेनू शर्मा, बजरंग दल से पूनम रेड्डी, अंतर्राष्ट्रीय मानवता अधिकार एवं मीडिया संगठन के जिला अध्यक्ष एसआरके कमलेश समेत अन्य रक्तदान करने वाले समाजसेवी संगठनों को स्मृति चिन्ह एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इससे पूर्व कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों द्वारा दीप प्रज्जवलित कर किया गया। मौके पर जमशेदपुर एमजीएम ब्लड बैंक से राघव कुमार, प्रभात गुप्ता ,संजय कुमार, रोशनी कुमारी, करिश्मा कुमारी, राजेश बहादुर इत्यादि शामिल थे।

अनीष वर्मा की स्मृति में 165 यूनिट रक्त का हुआ संग्रह

पूसू प्रतिनिधि, जमशेदपुर। सांसद बिद्युत बरण महतो ने शुक्रवार को स्वर्गीय अनीश वर्मा की पुण्यतिथि पर अर्जुन स्पोर्टिंग क्लब द्वारा आयोजित प्रथम रक्तदान शिविर में शामिल हुए। इस शिविर में 165 यूनिट रक्तदान हुआ। सांसद श्री महतो ने अनीश वर्मा को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित किया एवं क्लब के सदस्यों का इस सराहनीय प्रयास के उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर मुख्य रूप में मनोज सिंह, विजय सिंह, किशोर यादव,जितेंद्र यादव, हरीश कुमार, अर्जुन स्पोर्टिंग क्लब के सदस्य, विकी यादव, सोनू यादव, राम यादव, गोलू यादव, आकाश कुमार, मनीष कुमार, टिल्लू कुमार, दीपू,बंटी शाह, राज वर्मा, अमन कुमार, जय यादव, सोनू कुमार, राहुल कसेरा, अंकित कुमार, रोहित कुमार, राजा कुमार, पंकज सिन्हा, भोलू, रजनीश कसेरा, पप्पू कसेरा आदि उपस्थित थे।

जमशेदपुर पूर्वी विस में लगेगी 400 स्ट्रीट लाईट

पूसू प्रतिनिधि, जमशेदपुर। जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय के निर्देश पर ज्रेडा के माध्यम से पूर्वी विधानसभा क्षेत्र में और 400 अदद सोलर स्ट्रीट लाइटें लगाई जाएंगी। लाइट लगाने का कार्य दिनांक 16 मार्च, 2024 से प्रारंभ हो जाएगा। विधायक सरयू राय ने बताया है कि उन्होंने पूर्व में अपने विधायक निधि से लाभुक अंशदान की राशि का भुगतान कर 2 चरणों में कुल 3063 स्थलों पर सोलर स्ट्रीट लाइट और इएसएल के माध्यम से 2600 स्थानों पर स्ट्रीट लाइट का अधिष्ठापन करने का कार्य सम्पन्न किया है। शेष स्थलों एवं पूर्वी विधानसभा क्षेत्र के नागरिकों की माँग पर अतिरिक्त 400 सोलर स्ट्रीट लाइट लगवाने का अनुरोध ज्रेडा से किया था। इसकी स्वीकृति दे दी गयी है और इस संबंध में ज्रेडा की ओर से संवेदक को स्ट्रीट लाइट लगवाने का कार्य प्रारंभ करने का निर्देश जारी कर दिया गया है।

दिव्या ने हीरो हीरोइन से की तेलुगु फिल्मों में वापसी

टॉयलेट: एक प्रेम कथा, पैडमैन, परमाणु: द स्टोरी ऑफ पोखरण और रुस्तम जैसी प्रभावशाली फिल्में बनाने वाली प्रोड्यूसर प्रेरणा अरोड़ा एक फिल्म का निर्माण कर एक फिल्ममेकर के रूप में अपनी उपलब्धि में एक और उपलब्धि जोड़ रही हैं। बाइलिंगुअल हिंदी-तेलुगु फिल्म, जिसका नाम हीरो हीरोइन है।

फिल्म में दिव्या खोसला कुमार मुख्य भूमिका में होंगी और यह फ्लोर पर जाने के लिए पूरी तरह तैयार है। प्रोजेक्ट के बारे में बात करते हुए, दिव्या ने कहा, जरा कल्पना करें, मैंने अंग्रेजी सबटाइटल वाली कई तेलुगु फिल्मों का आनंद लिया है। उनके बेहतरीन विषय, शानदार प्रदर्शन और तकनीकी कुशलता की सराहना की है। अब, अचानक, मैं खुद को एक तेलुगु फिल्म में कास्ट पाती हूं। लेकिन इस बार कोई सबटाइटल पर निभर नहीं रह सकती, मुझे खुद यह भाषा बोलनी होगी। यह एक बिल्कुल नई दुनिया है।

कार्तिक ने खरीदी लग्जरी रेंज रोवर कार

कार्तिक आर्यन की लग्जरी गाड़ियों की लिस्ट में एक और कार शामिल हो गई है। बड़ी और महंगी गाड़ियों के शौकीन कार्तित ने अपने लिए रेंज रोवर कार खरीदी है। एक्टर ने इसकी एक खूबसूरत झलक दिखाई है जिसमें वह अपने डॉग कटोरी के साथ कार की डिक्की में आराम फरमाते नजर आ रहे हैं। भूल भुलैया 3 को लेकर इन दिनों खबरों में छाए कार्तिक आर्यन की लग्जरी गाड़ियों की लिस्ट में एक और कार शामिल हो गई है। कार्तिक ने फिर एक नई एसयूवी कार खरीद डाली है जिसकी कुछ झलकियां सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रही हैं।

बता दें कि कार्तिक को लग्जरी और उम्दा गाड़ियों को जबरदस्त शौक है और इस बार उन्होंने अपनी ड्रीम कार खरीद ली है। उनकी इस नई एसयूवी कार रेंज रोवर के साथ कुछ वीडियो सामने आए हैं। इन झलकियों में कार्तिक अपनी नई कार के सामने नारियल फोड़ते नजर आ रहे हैं। वहीं कार्तिक ने ये खुशखबरी फैन्स से खुद सोशल मीडिया पर शेयर की है। कार्तिक ने जो तस्वीर शेयर की है उसमें वह अपनी इस नई कार की डिक्की में अपने प्यारे कटोरी के साथ आराम फरमाते दिख रहे हैं।

ईद पर टकराएंगे सलमान खान और यश!

बॉक्स ऑफिस पर इन फिल्मों का होगा क्लैश

बॉलीवुड के भाईजान सलमान खान अपने अपकमिंग प्रोजेक्ट्स को लेकर चर्चा में हैं. बीता साल उनके लिए कुछ खास नहीं रहा था. दो फिल्में आईं थी. पहली- किसी का भाई किसी की जान. जो बॉक्स ऑफिस पर कोई कमाल नहीं दिखा सकी. दूसरी है 'टाइगर 3'. इसने ठीक-ठाक कमाई कर ली. लेकिन वो उम्मीदों से बेहद कम थी. अब अपनी अपकमिंग फिल्मों को लेकर काफी सोच-समझकर चुन रहे हैं. नाम तो सलमान खान का 8-10 फिल्मों से जुड़ रहा है. लेकिन अब तक एक का ही ऐलान किया है. फिल्म को मुरुगाडॉस डायरेक्ट कर रहे हैं, जबकि साजिद नाडियाडवाला इसे प्रोड्यूस कर रहे हैं. 'टाइगर 3' के बाद से ही सबको उनके अगले प्रोजेक्ट का इंतजार था. जो पता भी लग गया है. एक्टर ने बीते दिनों ही इसका ऑफिशियल ऐलान भी किया था. हालांकि, टाइटल अबतक फाइनल नहीं हुआ है. ऐसा कहा जा रहा है कि इसे इसी साल ईद पर बता दिया जाएगा. इसके अलावा एक पोस्टर भी जारी होगा.

सलमान खान की पिक्चर का यश से क्लैश होगा!

सलमान खान भी अपने अपकमिंग प्रोजेक्ट को लेकर काफी एक्साइटेड नजर आ रहे हैं. फिल्म को ए.आर. मुरुगादास डायरेक्ट करने वाले हैं. वहीं साजिद नाडियाडवाला के कंधे पर इसे प्रोड्यूस करने की जिम्मेदारी है. ऐसा पता लगा है कि, इसे अगले साल यानी साल 2025 ईद पर रिलीज किया जाएगा. इसी बीच एक रिपोर्ट सामने आई है. जिसके मुताबिक, रॉकिंग स्टार यश भी अपनी 'टॉक्सिक' को ईद पर ही रिलीज करने वाले हैं. यानी सलमान खान की पिक्चर को खतर हो सकता है. रिपोर्ट से पता लगा कि, यश की 'टॉक्सिक' 10 अप्रैल 2025 में सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली है.

राजनीति में उतरे राम गोपाल वर्मा

आंध्र प्रदेश के पीथापुरम सीट से लड़ेंगे लोकसभा चुनाव

फिल्ममेकर राम गोपाल वर्मा ने एक बड़ा ऐलान किया है, जिसने सबको हैरान कर दिया है। RGV ने ट्विटर पर ऐलान किया है कि वह लोकसभा चुनाव लड़ने वाले हैं। उन्होंने ये भी बताया कि ये फैसला उन्होंने अचानक लिया है। फिल्ममेकर ने ट्विटर पर ऐलान करते हुए लिखा,अचानक लिया गया फैसला। मुझे बताते हुए बहुत खुशी हो रही है कि मैं पीथापुरम से चुनाव लड़ रहा हूं।

राम गोपाल वर्मा ने बताया है कि वह आंध्र प्रदेश की पीथापुरम सीट से लोकसभा चुनाव लड़ने वाले हैं। राम गोपाल ने ये ऐलान तेलुगु देशम पार्टी-भारतीय जनता पार्टी-जन सेना पार्टी (जेएसपी) के गठबंधन के टॉलीवुड अभिनेता और जेएसपी प्रमुख पवन कल्याण को पीथापुरम सीट से मैदान में उतारने की घोषणा के बाद किया। बता दें कि पिछले साल राम गोपाल वर्मा ने आंध्र प्रदेश की राजनीति पर आधारित फिल्म 'व्यूहम' बनाई थी। जिसके बाद कई स्थानीय नेताओं ने फिल्म निर्माता को राज्य से निष्कासित करने की मांग की थी।

इस एक्टर ने भी दिया सरप्राइज

राम गोपाल वर्मा से पहले भोजपुरी स्टार पवन सिंह ने भी चुनाव लड़ने का ऐलान किया। बुधवार को पवन सिंह ने सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर कर बताया कि वह 2024 लोकसभा चुनाव लड़ेंगे। पोस्ट में उन्होंने लिखा,मैं अपने समाज जनता जनार्दन और मां से किया हुआ वादा पूरा करने के लिए चुनाव लडूंगा।

आप सभी का आशीर्वाद एवं सहयोग अपेक्षित है। जय माता दी। पवन सिंह के चुनाव लड़ने को लेकर कहा जा रहा था कि वह पश्चिम बंगाल की आसनसोल सीट से मैदान में उतरेंगे। लेकिन एक्टर ने इससे इनकार कर दिया।

टप्पू नहीं, इस एक्टर के प्यार में दीवानी थीं बबीता जी! रिश्ता टूटने पर करना चाहती थीं आत्महत्या?

एक वक्त था जब मुनमुन दत्ता और अरमान कोहली के अफेयर के चर्चे हुआ करते थे। हालांकि एक्ट्रेस ने इससे इनकार कर दिया था। इतना ही नहीं उन्होंने दोनों को लेकर खबर फैलाने वालों के खिलाफ एक्शन लेने की भी बात कही थी।

टीवी के लोकप्रिय शो 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' फेम मुनमुन दत्ता उर्फ बबीता जी इस वक्त को-एक्टर राज अनादकट उर्फ टप्पू के साथ सगाई की खबरों को लेकर चर्चा में हैं। बुधवार को खबर आई थी कि दोनों ने सगाई कर ली है। अब मुनमुन दत्ता ने इसपर नाराजगी जताते हुए इस खबर को सिरे से नकार दिया है। उनका कहना है कि इस खबर में 1% भी सच्चाई नहीं है और वह इस तरह की खबरों पर अपनी एनर्जी और अटेंशन वेस्ट नहीं करना चाहतीं।

बता दें कि ये पहली बार नहीं है जब मुनमुन दत्ता का नाम किसी के साथ जोड़ा गया हो। उनकी पर्सनल लाइफ को लेकर हमेशा कोई न कोई खबर सामने आती रही है। दावा किया जाता है कि मुनमुन, एक्टर अरमान कोहली के साथ सीरियस रिलेशनशिप में थीं और दोनों के बीच काफी झगड़े हुआ करते थे। इतना ही नहीं अरमान उनके साथ मारपीट भी करते थे, जिसके चलते एक बार मुनमुन के मन में आत्महत्या का ख्याल भी आया था। ये सारे दावे एक्ट्रेस डॉली बिंद्रा ने किए थे। उन्होंने बताया था कि दोनों के बीच झगड़े हुआ करते थे और जब बात बढ़ जाती थी तो अरमान,मुनमुन पर हाथ उठा देते थे। हालांकि मुनमुन या अरमान की ओर से इस रिश्ते की खबर पर कभी मुहर नहीं लगी। बल्कि मुनमुन ने एक बार सोशल मीडिया पर लंबा चौड़ा पोस्ट शेयर कर अरमान संग उनका नाम जोड़े जाने पर गुस्सा जाहिर किया था।

एक्ट्रेस ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर लिखा था

अरमान कोहली संग मेरे रिश्तों को लेकर फेक न्यूज फैलाना बंद करो। मैं पिछले कुछ सालों से इस खबर पर किसी तरह का रिएक्ट नहीं कर रही थी क्योंकि मुझे लगा कि ये बकवास अपने आप खत्म हो जाएगी लेकिन ऐसा नहीं हुआ अभी भी कोई न कोई इस तरह की खबर को चलाता रहता है। ऐसी फेक न्यूज को छापना बंद करें नहीं तो मैं कोर्ट का सहारा लूंगी। फिलहाल मुनमुन दत्ता का नाम राज अनादकट के साथ जोड़ा जा रहा है। जो उनसे 9 साल छोटे हैं। इस वक्त दोनों की सगाई की खबर चल रही है। जिसपर दोनों एक्टर्स ने गुस्सा जाहिर किया। मुनमुन दत्ता के साथ-साथ अनादकत ने भी इसपर रिएक्शन दिया। उन्होंने सोशल मीडिया पर स्टोरी डालते हुए इस खबर को अफवाह बताया है।

डॉक्टर ने सामंथा पर गुमराह करने का आरोप

तेलुगू एक्ट्रेस सामंथा रुथ प्रभु ने हाल ही में एक वीडियो शेयर किया जिसमें वह किसी हेल्थ एक्सपर्ट के साथ लिवर डिटॉक्स पर विस्तार से चर्चा कर रही हैं। अब खुद को लिवर एक्सपर्ट बताने वाले एक डॉक्टर ने उनकी धज्जियां उड़ा दी है और कहा है कि वह अपने करोड़ो फैन्स को गुमराह कर रही हैं।

तेलुगू एक्ट्रेस और सुपरस्टार सामंथा रुथ प्रभु ने अपने पॉडकास्ट का एक वीडियो सोशल मीडिया शेयर किया है, जिसके बाद उनपर अपने 33.2 मिलियन यूजर्स को मिसलीड करने का आरोप लगा है। इस वीडियो में एक्ट्रेस किसी मेडिकल एक्सपर्ट के साथ लिवर डिटॉक्स के बारे में जानकारी शेयर कर रही हैं। अब इसी वीडियो में दी गई जानकारियों को लेकर एक लिवर डॉक्टर ने सोशल मीडिया पर उनकी धज्जियां उड़ा दी हैं और कहा है कि सामंथा अपने 33 करोड़ यूजर्स को गुमराह कर रही हैं।

सामंथा ने जो वीडियो सोशल मीडिया पर पोस्ट किया है उसमें एक्ट्रेस लिवर डिटॉक्स करने के लिए डेंडिलियन रूट्स से बनी चाय का इस्तेमाल करने को कह रही हैं। अब इसी वीडियो पर एक मेडिकल एक्सपर्ट ने सवाल उठाया है और रिसर्च के आधार पर इसे गलत बताया है।

सामंथा पर अपने फॉलोअर्स को गुमराह करने के लगे आरोप

अपने यूट्यूब चैनल के लिए बनाए इस वीडियो में सामंथा एक मेडिकल एक्सपर्ट अलकेश के साथ हेल्थ और डिटॉक्स के तरीकों को लेकर काफी सारी बातें कर रही हैं। एक्ट्रेस उनसे डीटॉक्स के लिए इस्तेमाल होनेवाले हर्ब्स के बारे में बातें करती दिख रही हैं और एक्सपर्ट बता रहे हैं कि लिवर डीटॉक्स के लिए डेंडिलियन रूट्स कितना सही है।

राखी सावंत 'किसी को खुशी नहीं दे सकती': आदिल दुर्रानी

राखी सावंत के पूर्व पति आदिल दुर्रानी ने 3 मार्च को 'बिग बॉस 12' की कंटेस्टेंट सोमी खान के साथ निकाह किया था। जिसके बाद राखी सावंत का इसपर रिएक्शन आया था। उन्होंने कहा था कि पूनम पांडे की डेथ की खबर की तरह ये भी कोई पब्लिसिटी स्टंट है। पहले सोमी खान ने आदिल और राखी के रिश्ते पर कहा था कि उन्हें अपने पति के पास्ट से कोई मतलब नहीं है और अब आदिल दुर्रानी ने इसके बारे में बात की है। आदिल की मानें तो उन्होंने निकाह के बारे में किसी को इसलिए नहीं बताया था क्योंकि वह नहीं चाहते थे कि किसी तरह की नेगेटिविटी आए।

सोमी के साथ निकाह करके वह खुश हैं। उनका कहना है कि राखी सावंत के साथ उनकी शादी कभी हुई ही नहीं थी क्योंकि उस वक्त राखी पहले से ही रितेश के साथ शादीशुदा थीं। बातचीत में आदिल ने कहा कि राखी सावंत उनके खिलाफ नेगेटिविटी फैला रही हैं। आदिल ने कहा कि अगर राखी सावंत के साथ उनकी शादी की बात करें तो वह पूरी तरह से अमान्य थी क्योंकि जब उन दोनों ने शादी की थी, उस वक्त राखी पहले से शादीशुदा थीं। इस मुद्दे को लेकर कोर्ट में केस भी चल रहा है।

राखी किसी को खुशी नहीं दे सकती

राखी सावंत को लेकर आदिल ने कहा कि वह जो भी बोल रही हैं या कर रही हैं मैं सब जानता हूं। आदिल ने कहा कि राखी ने उनके साथ बहुत बुरा किया है और अब उन्हें हक है कि वह अच्छी जिंदगी जिएं। आदिल ने कहा,मैं एक अच्छी जिंदगी जी रहा हूं, मेरी लाइफ कमाल की है। मुझे नहीं पता था कि बुरे पास्ट के बाद मुझे इतनी जल्दी अच्छा साथी मिलेगा। आदिल ने आगे कहा कि राखी जितना नेगेटिव करना चाहती हैं करें, उन्होंने हमेशा नेगेटिविटी फैलाई है और वह कभी किसी को खुशी नहीं दे सकतीं। आदिल ने कहा कि राखी किसी के जीवन में खुशी नहीं ला सकतीं।

सोमी के साथ शादी करने पर आदिल को ट्रोल भी किया जा रहा है। इसपर उनका कहना है, कई लोगों के मन में ये सवाल था कि मैंने दूसरी शादी कैसे कर ली? मुझे दोबारा शादी करने का पूरा अधिकार है क्योंकि मैं एक मुस्लिम हूं और शादी कर सकता हूं। मैंने अपने परिवार की मौजूदगी में बाकायदा निकाह किया।

पत्नी को नेगेटिविटी से दूर रखना चाहते हैं आदिल

3 मार्च को निकाह करने के कुछ दिन बाद आदिल ने सोशल मीडिया पर इसकी जानकारी दी। इसके बारे में बात करते हुए आदिल ने कहा कि उन्होंने और सोमी ने तय किया था जब तक शादी नहीं हो जाती, वह इसके बारे में किसी को नहीं बताएंगे। उन्होंने कहा,बहुत नेगेटिविटी थ, हम नहीं चाहते थे कि शादी में कोई रुकावट आए।

एक्टिंग ही नहीं बिजनेस में भी है माहिर, ये अभिनेत्रियां

बॉलीवुड की अभिनेत्रियां सिर्फ एक्टिंग में ही नहीं, बल्कि बिजनेस में भी हाथ जमा चुकी है हर क्षेत्र में एक्ट्रेस का जवाब नहीं है। कई बार मौका मिलने पर इन्होंने अपना ब्रांड लॉन्च किया है तो कहीं अपना स्टार्टअप शुरू किया है। इस कड़ी में आलिया भट्ट से लेकर दीपिका पादुकोण जैसी हीरोइनों के नाम शामिल है। उन्होंने एक्टिंग की दुनिया से अलग बिजनेस में भी नाम कमाया है सबसे बड़ी बात तो यह है कि इनका हुनर सिर्फ प्रोडक्शन हाउस खोलने तक में ही नहीं बल्कि इसे हटकर कई ब्रांड में इन्वेस्ट करना भी है।

सारा अली खान

सारा अली खान की बात करें तो एक्टिंग की दुनिया में एक्ट्रेस का जवाब नहीं है सुपरहिट फिल्मों के जरिए सारा अली खान ने फिल्मों की दुनिया में अपनी पहचान बना ली है और इसमें वह कामयाब भी रही है। इसके अलावा बिजनेस की बात की जाए, तो सारा अली खान अपनी सूझबूझ और समझदारी मेहनत के बल पर बिजनेस में भी खुद को साबित कर चुकी है। सारा अली खान ने कपड़ों के एक स्टार्टअप में निवेश किया है इसके अलावा लाइफस्टाइल ब्रांड में उन्होंने पैसा लगाया है।

आलिया भट्ट

बॉलीवुड की खूबसूरत अभिनेत्री आलिया भट्ट हिंदी सिनेमा में कमाल दिखाती है। वही, इन्होंने अपने हुनर की पहचान बिजनेस में भी दी है। बॉलीवुड की टॉप हसीनो में शुमार आलिया भट्ट ने खुद का क्लॉथिंग लाइन लॉन्च किया है जिसका नाम एडए मामा है।

दीपिका पादुकोण

दीपिका पादुकोण बॉलीवुड की सबसे खूबसूरत और हुनर वाली अभिनेत्री है। दीपिका पादुकोण एक्टिंग के साथ-साथ बिजनेस में भी बेहतरीन काम करती हैं। उनके कपड़ों का लेबल और ब्रांड में काफी नाम कमाया है। उनके ब्रांड का नाम लीव, लव, लाइफ है इसके अलावा दीपिका ने अपना स्टार्टअप भी शुरू किया है।

मुधमक्खियों के हमले के कारण

अल्काराज-ज्वेरेव का मैच सस्पेंड, कोर्ट से भागते नजर आए टेनिस खिलाड़ी

इंडियन वेल्स, एजेंसी। अल्काराज को चेयर अंपायर के पास जाते देखा गया। रास्ते में ही उन पर मधुमक्खियों ने हमला कर दिया और वह भागकर छुप गए। इंडियन वेल्स ओपन के डिफेंडिंग चैंपियन स्पेन के कार्लोस अल्काराज और जर्मनी के एलेक्जेंडर ज्वेरेव के बीच क्वार्टर फाइनल मुकाबला मधुमक्खियों के हमले के बाद रद्द कर दिया गया। इस घटना का वीडियो भी वायरल हो गया है। अल्काराज को कोर्ट से बाहर भागते हुए देखा जा सकता है। इससे पहले 18 मिनट का मुकाबला हो चुका था और स्कोर 1-1 से बराबर था। तभी अल्काराज को चेयर अंपायर के पास जाते देखा गया। रास्ते में ही उन पर मधुमक्खियों ने हमला कर दिया और वह भागकर छुप गए। वहीं, महिला एकल में एमा नवारावो ने दूसरी वरीयता की आर्यना सबालेंका को बीएनपी परिबास ओपन के चौथे दौर में 6-3, 3-6, 6-2 से हरा दिया। यह युवा अमेरिकी खिलाड़ी के कॅरिअर की अब तक की सबसे बड़ी जीत है। वर्जीनिया की 22 साल की खिलाड़ी इस साल चौथी बार क्वार्टर फाइनल में पहुंची हैं।

कोहली IPL 2024 में 6 रन रन बनाते ही रच देंगे इतिहास

नईदिल्ली, एजेंसी। आरसीबी के स्टार बल्लेबाज व पूर्व कप्तान विराट कोहली के पास आईपीएल 2024 में एक बड़ा रिकॉर्ड अपने नाम करने का बड़ा मौका है। आईपीएल के 17वें सीजन की शुरुआत 22 मार्च से होगी और पहले ही मुकाबले में आरसीबी का सामना डिफेंडिंग चैंपियन सीएसके के साथ होगा।

इस मैच में विराट कोहली 6 रन बनाते ही इतिहास रच देंगे। कोहली इस लीग के एकमात्र ऐसे खिलाड़ी हैं जो पिछले 16 सीजन से सिर्फ आरसीबी के लिए खेल रहे हैं। उनके नाम पर इस लीग में सबसे ज्यादा रन बनाने का साथ ही सबसे ज्यादा शतक लगाने का रिकॉर्ड भी दर्ज है।

यही नहीं उनके नाम पर एक सीजन में सबसे ज्यादा रन बनाने का कीर्तिमान भी दर्ज है और साल 2016 में 973 रन बनाकर उन्होंने यह उपलब्धि अपने नाम दर्ज की ली थी, लेकिन अब टी20 प्रारूप में वह भारत की तरफ से 12,000 रन बनाने वाले पहले खिलाड़ी बनने के बिल्कुल पास हैं।

कोहली को 12,000 रन बनाने के लिए 6 रन की जरूरत

आईपीएल 2024 में 6 रन बनाते ही विराट कोहली टी20 क्रिकेट में अपने 12,000 रन पूरे कर लेंगे और वह क्रिकेट के इस प्रारूप में रन के इस आंकड़े को छूने वाले पहले खिलाड़ी बन जाएंगे।

विराट कोहली ने टी20 में अब तक कुल 11994 रन बनाए हैं। विराट कोहली ने टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट में 4037 रन बनाए हैं तो वहीं आईपीएल में 7263 रन उनके नाम पर दर्ज है।

भारत की तरफ से इस वक्त विराट कोहली टी20 में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज हों तो वहीं रोहित शर्मा उनके बाद यानी दूसरे स्थान पर हैं।

गेल, मलिक, पोलार्ड और वॉर्नर की लिस्ट में शामिल होंगे कोहली

विराट कोहली टी20 क्रिकेट में 6 रन बनाते ही 12,000 रन पूरे करने वाले पहले भारतीय जरूर बन जाएंगे, लेकिन ओवरऑल वह टी20 में 12,000 रन बनाने वाले दुनिया के छठे बल्लेबाज बन जाएंगे।

टी20 में कोहली के पहले 12,000 या उससे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज क्रिस गेल, शोएब मलिक, किरोन पोलार्ड, एलेक्स हेल्स और डेविड वॉर्नर हैं। अब विराट कोहली इन खिलाड़ियों की इस खास लिस्ट में शामिल हो जाएंगे।

टी20 में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले टॉप 6 बल्लेबाज

क्रिस गेल- 14,562 रन
शोएब मलिक- 13,360 रन
किरोन पोलार्ड- 12,900 रन
एलेक्स हेल्स- 12,225 रन
डेविड वॉर्नर- 12,065 रन
विराट कोहली- 11,1194 रन

टी20 में भारत की तरफ से सबसे ज्यादा रन बनाने वाले टॉप 5 बल्लेबाज

कोहली- 11,1194 रन
रोहित शर्मा- 11,156 रन
शिखर धवन- 9,465 रन
सुरेश रैना- 8654 रन
केएल राहुल- 7066 रन

IPL में बतौर कप्तान सबसे ज्यादा मैच जीतने का रिकॉर्ड धोनी के नाम

नईदिल्ली, एजेंसी। आईपीएल में अगर सबसे सफल कप्तानों की बात अपनी टीम को चैंपियन बनाने के मामले में की जाए तो इसमें एमएस धोनी और रोहित शर्मा बराबरी पर हैं।

दोनों की कप्तानी में उनकी-उनकी टीमें 5-5 बार चैंपियन बन चुकी है, लेकिन आईपीएल 2024 में रोहित शर्मा अब मैदान पर कप्तान के रूप में नजर नहीं आएंगे क्योंकि उनसे मुंबई इंडियंस की कप्तानी ले ली गई थी और उनकी जगह टीम का कप्तान हार्दिक पांड्या को बना दिया गया। वहीं इस लीग में अगर बात बतौर कप्तान सबसे ज्यादा मैच जीतने वाले खिलाड़ी की बात की जाए तो इस मामले में एमएस धोनी पहले नंबर पर हैं जबकि रोहित शर्मा दूसरे नंबर पर हैं तो वहीं आरसीबी के पूर्व कप्तान विराट कोहली इस लिस्ट में चौथे नंबर पर हैं।

आईपीएल में साल 2008 से लेकर 2023 तक अगर बात बतौर कप्तान सबसे ज्यादा मैच जीतने वाले खिलाड़ी की हो तो इसमें अव्वल नंबर पर सीएसके टीम के मौजूदा कप्तान एमएस धोनी मौजूद हैं।

एमएस धोनी ने आईपीएल में अब तक कुल 226 मैचो में कप्तानी की है जिसमें उन्हें 133 मैचों में जीत मिली है और वह इस लीग में 100 या उससे ज्यादा मैच जीतने वाले इकलौते कप्तान हैं। इस लीग में कप्तान के रूप में सबसे ज्यादा मैच जीतने वाले खिलाड़ी की लिस्ट में दूसरे नंबर पर मुंबई इंडियंस के पूर्व कप्तान रोहित शर्मा हैं। रोहित शर्मा ने इस लीग में कुल 158 मैचों में कप्तानी की थी जिसमें से उन्हें 87 मैचों में जीत मिली थी।

आईपीएल में बतौर कप्तान सबसे ज्यादा मैच जीतने वाले प्लेयर्स की लिस्ट में तीसरे नंबर पर गौतम गंभीर हैं। गंभीर ने इस लीग में कई टीमों के लिए कप्तानी की थी और कप्तान के रूप में कुल 129 मैच खेले थे जिसमें से उन्हें 71 मुकाबलों में जीत मिली थी।

इस लिस्ट में चौथे स्थान पर विराट कोहली हैं जिन्होंने 143 मैचों में कप्तानी करते हुए 66 मैचों में जीत दर्ज की थी। वहीं इस लिस्ट में पांचवें स्थान पर डेविड वॉर्नर हैं जिन्होंने आईपीएल में 83 मैचों में कप्तानी की और 40 मैचों में जीत दर्ज की थी।

आईपीएल में सबसे ज्यादा मैच जीतने वाले टॉप 5 कप्तान

एमएस धोनी- 133 जीत (226 मैच)
रोहित शर्मा- 87 जीत (158 मैच)
गौतम गंभीर- 71 जीत (129 मैच)
विराट कोहली- 66 जीत (143 मैच)
डेविड वॉर्नर- 40 मैच (83 मैच)

रिकी पोंटिंग को टी20 वर्ल्ड कप 2024 में इंडिया वर्सेस पाकिस्तान मुकाबले का बेसब्री से इंतजार

नईदिल्ली, एजेंसी। टी20 वर्ल्ड कप 2024 का आगाज होने में अब महज कुछ ही महीनों का समय रह गया है। हर बार की तरह इस टूर्नामेंट में भी हर किसी को इंडिया वर्सेस पाकिस्तान मुकाबले का इंतजार है। पिछली बार टी20 वर्ल्ड कप में ये दोनों टीमें भिड़ी थी तो विराट कोहली की हैरतअंगेज पारी के दम पर भारत ने हारी हुई बाजी जीती थी। इस बार भारत बनाम पाकिस्तान मुकाबला अमेरिका के न्यूयॉर्क शहर में खेला जाना है और इस मुकाबले का पूर्व ऑस्ट्रेलियाई कप्तान रिकी पोंटिंग भी बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। उनका मानना है कि यह टूर्नामेंट आने वाले वर्षों में संयुक्त राज्य अमेरिका में क्रिकेट को पनपने में मदद करेगा और अमेरिका में भी मेलबर्न जैसा नजारा देखने को मिलेगा।पोंटिंग ने द आईसीसी रिव्यू के हालिया एपिसोड में होस्ट संजना गणेशन के साथ न्यूयॉर्क में होने वाले आगामी मैच के बारे में बात की और ऑस्ट्रेलियाई दिग्गज को उम्मीद है कि जून में भी ऐसे ही दृश्य देखने को मिलेंगे जैसा कि उन्होंने लगभग दो साल पहले मेलबर्न में देखा था। रिकी पोंटिंग ने कहा, मैंने इसे पहली बार यहां ऑस्ट्रेलिया में, मेलबर्न में पिछली बार देखा था, जहां स्टेडियम में 95,000 लोग थे और स्टेडियम के बाहर 50,000 लोग थे। आप कल्पना कर सकते हैं कि न्यूयॉर्क में क्या होने वाला है। तो, विश्व खेल के लिए यह वास्तव में रोमांचक समय है।

पिछले टी20 वर्ल्ड कप में जब इन दोनों टीमों की भिड़त हुई थी तो पाकिस्तान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 159 रन बोर्ड पर लगाए थे।

इस स्कोर का पीछा करते हुए भारत ने महज 31 रन पर अपने 4 विकेट खो दिए थे। उस समय पूरी दुनिया में किसी को उम्मीद नहीं थी कि भारत मैच जीत सकता है। मगर विराट कोहली और हार्दिक पांड्या की साझेदारी ने टीम इंडिया को जीत की राह दिखाई, वहीं किंग कोहली ने नाबाद रहते हुए मैच का अंत किया।

कोहली 53 गेंदों पर 82 रन बनाकर नाबाद रहे थे, वह खुद इस पारी को अपने टी20 करियर की सर्वश्रेष्ठ पारी मानते हैं।

डब्ल्यूडब्ल्यूई स्टार को खतरनाक बीमारी, कभी रिंग में खौफ खाती थी विपक्षी पहलवान

नई दिल्ली, एजेंसी। WWE की रेसलर रकेल रोड्रिगेज कुछ महीनों से मास्ट सेल एक्टिवेशन सिंड्रोम नामक बीमारी की वजह से रिंग से बाहर थीं। पिछले महीने रॉ में उनकी वापसी हुई और उन्होंने एलिमिनेशन चैंबर में भी भाग लिया। लेकिन फिर इस महीने वह रिंग नजर नहीं आईं। अब उन्होंने बताया है कि वह ठीक होने में मदद के लिए हाइपरबैरिक ऑक्सीजन थेरेपी ले रही हैं। 33 साल की विक्टोरिया गोंजालेज का रिंग नाम रकेल रोड्रिगेज है।

पिछले महीने आखिरी बार रॉ में दिखीं

इससे पहले रोड्रिगेज ने बताया था कि उन्हें मास्ट सेल एक्टिवेशन सिंड्रोम हुआ है। एलिमिनेशन चैंबर प्रीमियम लाइव इवेंट में रकेल रोड्रिगेज ने महिलाओं के एलिमिनेशन चैंबर मैच में भाग लिया था। रोड्रिगेज ने एलिमिनेशन चैंबर के अंदर अपनी ताकत दिखाई और इसका इस्तेमाल वहां मौजूद अन्य रेसलर्स पर दबाव बनाने के लिए किया। इसके बाद उन्होंने 26 फरवरी के रॉ में भाग लिया और तब से वह नजर नहीं आईं।

रकेल ने दिया हेल्थ अपडेट

रोड्रिगेज ने इंस्टाग्राम पर खुद की एक तस्वीर पोस्ट की जिसमें वह ऑक्सीजन मास्क पहने हुए हैं। उन्होंने बताया कि वह ठीक होने में मदद के लिए हाइपरबैरिक ऑक्सीजन थेरेपी ले रही हैं। रकेल ने लिखा- उस चैम्बर जीवन के लिए जी रहे हैं!

मैं मेरी ठीक होने की यात्रा पर हूं और अंततः हाइपरबेरिक ऑक्सीजन थेरेपी का टेस्ट करने का मौका मिला। आप सब क्या सोचते हैं? मैं उन सभी नई तकनीकों को शेयर करने की योजना बना रही हूं जिनके बारे में मैं सीख रही हूं ताकि खुद को ठीक करने में मदद मिल सके और उम्मीद है कि दूसरों को भी मदद मिलेगी।

MINOR IRRIGATION DIVISION, RANCHI

e-Tender e-Procurement Notice

e-Tender Reference No. WRD/MID/RANCHI F_2 - 11/2023-24

1.	Name of the work	**Construction of Single Checkdam on Ghutiya Nala, Block:- Namkum, Dist- Ranchi.**
2.	Estimated Cost	**Rs. 91.755 Lacs**
3.	Time of Completion	(11 months)
4.	Date of Publication of E - Tender on website	19.03.2024 at 2.00 pm
5.	Last date/Time for submission of E-Tender BID's	08.04.2024 up to 5:00 pm
6.	Last Date for online Submission of tender fee and EMD	e-Procurement Portal **(jharkhandtenders.gov.in)** 08.04.2024 up to 5:00 pm
7.	Date of Opening Tender	10.04.2024 at 2:00 pm
8.	Name & address of office Inviting tender	Executive Engineer, M.I. Division, Ranchi, Room No. 302, Abhiyantran Bhawan, Kutchery Chowak, Ranchi
a.	Contact no. of e-Procurement officer	9431190681
b.	Helpline number of e-Procurement cell	0651-3512781/Email ID- eemidran-cemr-jhr@nic.in

Note :- (1) Only e-Tenders will be accepted.
(2) Published Estimated Cost may be Increase or Decrease
Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in

PR 322841 Minor Irrigation(23-24).D

Executive Engineer, Minor Irrigation Division, Ranchi.

OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER
MINOR IRRIGATION DIVISION, HAZARIBAG

e-Procurement Tender Notice

Tender Reference No. :- WRD/MID/HAZARIBAG/F2-34/2023-24

Letter no - 365 **Date:- 15.03.2024**

1.	Name of the work	Renovation of Daihar Patti Ahar M.I. Scheme Block- Chouparan, District- Hazaribag
2.	Estimated Cost (Rs.)	**Rs.- 92,24,600.00**
3.	Time of Completion	11 Months
4.	Date of Publication of e-Tender on website	20.03.2024 at 3:00 P.M **(e-Procurement Portal- http://jharkhandtenders.gov.in)**
5.	Last date/Time for Submission of e-Tender bids Online	13.04.2024 up to 5:00 P.M
6.	Last Date for Online Submission of Tender Fee and EMD	13.04.2024 up to 5:00 P.M
7.	Date of opening of e-Tender	15.04.2024 at 03:00 P.M
8.	Name & address of office Inviting tender	Executive Engineer, Minor Irrigation Division, Hazaribag
9.	Contact no. of e-Procurement officer	06546-270485
10.	E-mail of e- Procurement officer	eemidhbg-cemr-jhr@nic.in

Note:- 1). Published Estimated Cost May be Increased or Decreased.
2). Mode of Submission of Online Tender/Tender Fee/EMD Through http://jharkhandtenders.gov.in

PR 322923 Minor Irrigation (23-24)_D

Executive Engineer, Minor Irrigation Division Hazaribag

शतरंज महासंघ के सबसे युवा अध्यक्ष बनें नितिन, भारत के दूसरे ग्रैंड मास्टर दिब्येंदु बरुआ बने उपाध्यक्ष

नई दिल्ली, एजेंसी। उत्तर प्रदेश के अनिल कुमार रायजादा को भी उपाध्यक्ष चुना गया है। नितिन नारंग हरियाणा राज्य से एआईसीएफ के अध्यक्ष बनने वाले पहले व्यक्ति हैं। हरियाणा शतरंज संघ के उपाध्यक्ष नितिन नारंग को अखिल भारतीय शतरंज महासंघ (एआईसीएफ) का अध्यक्ष चुना गया है। वह एआईसीएफ के अब तक के सबसे युवा अध्यक्ष हैं। खेल संहिता के आधार पर एआईसीएफ के चुनाव में करनाल के 36 वर्षीय व्यवसायी नितिन को निर्विरोध चुना गया। उन्होंने कानपुर के संजय कपूर का स्थान लिया है। गुजरात के देव पटेल को महासचिव और बिहार के धर्मेंद्र कुमार को कोषाध्यक्ष चुना गया है। वहीं विश्वनाथन आनंद के बाद देश के दूसरे ग्रैंड मास्टर पश्चिम बंगाल के दिब्येंदु बरुआ को उपाध्यक्ष चुना गया है।

उत्तर प्रदेश के अनिल कुमार रायजादा को भी उपाध्यक्ष चुना गया है। नितिन नारंग हरियाणा राज्य से एआईसीएफ के अध्यक्ष बनने वाले पहले व्यक्ति हैं। छह उपाध्यक्षों में छत्तीसगढ़ के राघवेंद्र सिंघानिया, कर्नाटक के डीपी अनंत, राजस्थान के महावीर, अरुणाचल प्रदेश के रेपो रोन्या शामिल हैं। हिमाचल प्रदेश के संजीव ठाकुर संयुक्त सचिव बने हैं। संजय कपूर के कार्यकाल की सबसे बड़ी उपलब्धि चेन्नई में चेस ओलंपियाड की मेजबानी रही।

संक्षिप्त समाचार

यूपी के प्रेमी ने की थी पुलिसकर्मी की पत्नी की हत्या

रायपुर, एजेंसी। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के विधानसभा थाने में दर्ज पुलिसकर्मी की पत्नी की हत्या के मामले की गुत्थी को पुलिस सुलझाने में सफल हो गई है। पुलिस ने इस मामले में जांच करते हुए उत्तर प्रदेश से एक आरोपी को गिरफ्तार कर रायपुर ले आई है। सोशल मीडिया चैट से पता चला है कि आरोपी मृतक महिला का आशिक है। बता दे कि बीते दिनों रायपुर में महिला की अंधे कत्ल के मामले में पुलिस लगातार जांच में जुटी हुई थी। महिला के सोशल मीडिया अकाउंट को लगातार पुलिस के द्वारा चेक किया जा रहा था। जांच में यह पता चला कि उत्तर प्रदेश में रहने वाले जय सिंह नाम के व्यक्ति के साथ महिला की बातचीत होती थी। पुलिस ने जांच में पाया कि जय सिंह ने ही महिला की हत्या की है। बताया जा रहा है कि महिला और जय सिंह के बीच प्रेम संबंध गहरे हो गए थे। जिसके बाद मृतक महिला आरोपी को शादी करने का दबाव बना रही थी, जिसके चलते उसने हत्या कर दी है। आपको बतादें कि महिला पहले से शादीशुदा थी। उसका विवाह शिवपाल सिंह के साथ हुआ था। शिवपाल सिंह जोकि सुकमा में पुलिस विभाग में पदस्थ है। दोनों पति-पत्नी के बीच आपसी अनबन होने के कारण दोनों साथ नहीं रहते थे। पति शिवपाल सिंह सुकमा में रहता था, तो पत्नी रायपुर में रहा करती थी।

गेहूं की फसल के बीच 104 किलो से ज्यादा अफीम के पौधे किए जब्त

ऊधमसिंह नगर, एजेंसी। उत्तराखंड के ऊधमसिंह नगर में पुलिस ने गेहूं की फसल के बीच से 104 किलो से अधिक के अफीम के हरे-भरे पौधे जब्त किए हैं। साथ ही एक तस्कर को भी हिरासत में लिया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया। पुलिस के मुताबिक, मुखबिर की सूचना पर पुलिस जनपद उधम सिहं नगर गंगापुर थाना केलाखेडा में दलजीत सिंह (उम्र 60 वर्ष) के घर के पास वाले खेत में पहुंची तो पाया कि गेहूं के पौधों के बीच अफीम के हरे पौधे और डोडा फल उगाए गए थे। पुलिस ने लगभग 104.205 किलोग्राम अफीम और डोडा फल जब्त कर दलजीत के ख्लिाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया।

पंजाब में गैंगस्टर के दो सहयोगी गिरफ्तार

चंडीगढ़, एजेंसी। पंजाब पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने गुरप्रीत लेहंबर और जस्सा नूरवाला गैंग के दो सहयोगियों को गिरफ्तार करने का दावा किया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान जगदीप सिंह उर्फ रिंकू और बलविंदर सिंह उर्फ बब्बू के रूप में हुई है। यह गिरोह कई जघन्य अपराधों में संलिप्त रहा है, जिसमें हत्या, हत्या की कोशिश, अपहरण और वसूली शामिल है। पुलिस के मुताबिक, यह गिरोह लुधियाना, जगराओ, मोगा, बठिंडा और संगरूर जिलों में सक्रिय रहा है। बता दें कि आरोपी रिंकू के खिलाफ मोगा में हत्या की कोशिश के मामले में केस दर्ज कराया जा चुका है।

छत्तीसगढ़ में कांग्रेस नेता की ट्रैक्टर से कुचलकर हत्या

बलौदा बाजार, एजेंसी। छत्तीसगढ़ के बलौदा बाजार में गुरुवार की सुबह एक कांग्रेसी नेता की हत्या कर दी गई है। कांग्रेस नेता को बार-बार ट्रैक्टर से कुचलकर मौत के घाट उतारा गया है। कांग्रेस नेता दयाराम जायसवाल सुबह मॉर्निंग वॉक पर निकले हुए थे। उस दौरान दयाराम को अकेला पाकर पहले ट्रैक्टर से ठोकर मारी गई फिर बार-बार टायर से कुचला गया है। क्या पूरा मामला कसडोल विधानसभा क्षेत्र के ग्राम असनींद का बताया जा रहा है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार दयाराम जायसवाल की लाश को सड़क किनारे देखा गया था। बताया जा रहा है कि घटनास्थल पर ही कांग्रेस नेता की मौत हो चुकी थी। वही जब पुलिस को इस पूरे मामले की जानकारी मिली तो पुलिस ने पूछताछ करते हुए आरोपी ट्रैक्टर चालक को गिरफ्तार कर लिया है। शुरुआती पूछताछ में यह पता चला है कि यह पूरी हत्या की वजह जमीन और खेती के विवाद की बताई जा रही है। पुलिस ने मामले की जानकारी और आरोपी से पूछताछ के बाद बताया कि आरोपी ने अपना जुर्म कबूल कर लिया है।

पार्किंग से उठी चिंगारी ने तबाह किया परिवार, शास्त्री नगर की चार मंजिला इमारत में लगी भीषण आग; 4 की मौत

नईदिल्ली, एजेंसी।
दिल्ली के शास्त्री नगर के सरोजनी पार्क स्थित चार मंजिला इमारत में गुरुवार सुबह आग लगने से चार लोगों की मौत हो गई। हादसे में पूरा परिवार तबाह हो गया। शाहदरा जिला पुलिस उपायुक्त सुरेंद्र चौधरी ने बताया कि गीता कॉलोनी थाने में तड़के करीब साढ़े पांच बजे एक घर में आग की पीसीआर कॉल मिली थी। कॉलर ने बताया कि शास्त्री नगर के सरोजनी पार्क इलाके में आग लगी है। सूचना पर मौके पर अग्निशमन की चार गाड़ियां, एंबुलेंस, स्थानीय पुलिस और तीन पीसीआर वैन पहुंची। चार मंजिला रिह्यशी इमारत के भूतल पर पार्किंग और एक अन्य फ्लैट है। आग पार्किंग में शॉर्ट सर्किट के चलते लगी थी और धीरे-धीरे पूरी इमारत को अपनी चपेट में ले लिया।

आग के बाद इमारत में मच गई अफरातफरी

पूरी इमारत में धुंआ भर गया, जिसके चलते लोगों में अफरा-तफरी मच गई। इमारत के अन्य तलों पर रहने वाले लोग छत की ओर भागे और अपनी जान बचाई। इसके चलते उनको मामूली चोटें आईं और इलाज के बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। वहीं, मनोज का परिवार भूतल पर यानि सबसे नीचे था और आग भी वहीं से शुरू हुई थी। इसके चलते उन्हें संभलने का मौका नहीं मिल पाया और धुएं और आग की चपेट मे आने के चलते पहले परिवार के लोगों का दम घुटने के चलते उनकी मौत हो गई। इस दौरान आग ने भी काफी विकराल रूप ले लिया।

पहले भी कई घटनाएं हो चुकीं

वजीराबाद पुलिस ट्रेनिंग स्कूल स्थित मालखाने की पार्किंग में 29 जनवरी को भयंकर आग लग गई। आग की चपेट में आने के चलते यहां खड़ी 250 से ज्यादा कारें जल गईं थी।

फंस गए थे 35 लोग

पूर्वी दिल्ली के गौतमपुरी में बीते साल 27 दिसंबर को चार मंजिला मकान की पार्किंग में आग लगी थी। मकान में मौजूद 35 लोग यहां फंस गए। इलाके की गली संकरी थी। लकड़ी की सीढ़ी के जरिये पड़ोसियों ने घर में लोगों की जान बचाई थी

मेट्रो स्टेशन के पास घटना

दक्षिणी दिल्ली के जामिया नगर मेट्रो स्टेशन के पास 8 जून 2022 को एक इलेक्ट्रिक व्हीकल पार्किंग में आग लगने से करीब 100 गाड़ियां जल गई थीं। हालांकि, अग्निशमन विभाग ने आग पर समय रहते काबू पा लिया था और कोई मानवीय क्षति नहीं हुई थी

ऊपरी तलों तक नहीं पहुंच पाई आग: सुभाष नगर स्थित दिल्ली नगर निगम की पार्किंग में 26 दिसंबर 2022 को भीषण आग लग गई थी। इससे पार्किंग के बेसमेंट में खड़ी लगभग 25 कारें जल गई थीं। हालांकि, आग ऊपर के तलों तक नहीं पहुंच पाई थीं

कर्नाटक भाजपा में बगावत! येदियुरप्पा के बेटे के खिलाफ लड़ेंगे वरिष्ठ नेता ईश्वरप्पा

बेंगलुरु, एजेंसी। लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा उम्मीदवारों की दूसरी सूची जारी होने के कर्टनाक में विरोध के स्वर फूटने लगे हैं। हिंदूवादी मुद्दों के लिए मुखर रहने वाले पूर्व उपमुख्यमंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता केएस ईश्वरप्पा ने बड़ा ऐलान कर दिया है। केएस ईश्वरप्पा के बेटे कांतेश को भाजपा ने टिकट नहीं दिया है। ऐसे में ईश्वरप्पा ने पूर्व मुख्यमंत्री बीएस येदियुरप्पा के खिलाफ खुद लोकसभा चुनाव लड़ने का ऐलान कर दिया है। उन्होंने कहा, बीवाई राघवेंद्र के खिलाफ चुनाव लड़ने के लिए मुझपर बहुत दबाव है। भारतीय जनता पार्टी मेरे लिए मां की तरह है लेकिन मैं समर्थकों की मांग को भी नजरअंदाज नहीं कर सकता। भाजपा को भी गला घोंटा जा रहा है और हमें किसी तरह से उसे बचाना है।

बता दें कि ईश्वरप्पा को उम्मीद थी कि उनके बेटे कांतेश को अगर विधानसभा चुनाव में टिकट नहीं दिया गया है तो लोकसभा में जरूर दिया जाएगा। हालांकि लिस्ट में 20 उम्मीदवारों में उनका नाम नहीं शामिल किया गया है। ईश्वरप्पा ने कहा कि बीएस येदियुरप्पा ने खुद वादा किया था कि कांतेश को पार्टी का टिकट मिलेगा। उन्होंने कांतेश के लिए प्रचार करने का भी वादा किया था। हालांकि हावेरी लोकसभा सीट से पूर्व सीएम बासवराज बोम्मई को उतार दिया गया। उन्होंने यह भी कहा कि 15 मार्च को वह अपने समर्थकों के साथ बैठक करेंगे और उसके बाद ही फाइनल फैसला लिया जाएगा। वह अपने बेटे कांतेश को भी निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर उतारने का प्लान बना रहे हैं। केएस ईश्वरप्पा में कर्नाटक में भाजपा को बनाने वालों में से एक हैं। उन्हें बीएस येदियुरप्पा के बराबर ही माना जाता है।

राजस्थान में पेट्रोल-डीजल के रेट में डबल कटौती, 7 रुपए तक हुआ सस्ता

जयपुर, एजेंसी।
होली से पहले राजस्थान के लोगों को महंगाई के मोर्चे पर बड़ी खुशखबरी मिली है। लंबे इंतजार के बाद पेट्रोल-डीजल की कीमत में कमी की गई है। एक ही दिन में राज्य और केंद्र सरकार की ओर से की गई कटौती की वजह से राजस्थान में कीमतें सबसे ज्यादा कम हुई हैं। गंगानगर में तो पेट्रोल 7.13 रुपए लीटर सस्ता हो गया है। केंद्र सरकार ने जहां पेट्रोल और डीजल की कीमत में 2 रुपए प्रति लीटर की कमी की है तो भजनलाल सरकार ने 2 पर्सेंट वैट घटा दिया है। राजस्थान में डीजल पर वैट पर 19.30 फीसदी से घटकर 17.30 फीसदी रह गया है तो पेट्रोल पर अब 29.04 फीसदी वैट लगेगा जो पहले 31.04 फीसदी था। वैट के दरों में कटौती की वजह से अलग-अलग शहरों में पेट्रोल 1.40 रुपए 5.30 रुपए प्रति लीटर तक सस्ता होगा तो डीजल 1.34 रुपए से 4.85 रुपए सस्ता हुआ है। नई दरें शुक्रवार सुबह 6 बजे से प्रभावी हो गई हैं। गौरतलब है कि विधानसभा चुनाव के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राजस्थान की जनता से वादा किया था कि यदि राज्य में भाजपा की सरकार बनी तो पेट्रोल-डीजल की कीमतों की समीक्षा की जाएगी। उन्होंने चुनावी रैलियों में भाजपा शासित पड़ोसी राज्यों से राजस्थान में पेट्रोल-डीजल की कीमतों की तुलना की थी। लोकसभा चुनाव से पहले राजस्थान और केंद्र सरकार ने कटौती करके राज्य के करोड़ों उपभोक्ताओं को बड़ी राहत दी है। डबल कटौती के बाद जयपुर में पेट्रोल 3.60 रुपए लीटर हो गया है तो डीजल पर प्रति लीटर आपको 3.40 रुपए कम खर्च करने पड़ेंगे। जयपुर में गुरुवार को पेट्रोल की कीमत 108.48 रुपए प्रति लीटर थी जो अब घटकर 104.88 रुपए हो गई है। वहीं, डीजल की कीमत 93.72 रुपए प्रति लीटर से घटकर 90.32 रुपए लीटर रह गई है।

पालतू कुत्तों के स्वभाव का पता लगाएं, मांगी स्टेटस रिपोर्ट; दिल्ली हाईकोर्ट ने पुलिस को क्यों दिया आदेश

नईदिल्ली, एजेंसी।
उच्च न्यायालय ने गुरुवार को दिल्ली पुलिस को तुगलक लेन क्षेत्र के धोबी घाट क्षेत्र में पालतू जानवरों की प्रकृति की जांच करने का निर्देश दिया। यहां पिछले महीने डेढ़ साल की एक बच्ची को कथित तौर पर कुत्तों के एक झुंड ने मार डाला था।

न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम प्रसाद की पीठ ने पुलिस को विवरण देते हुए 19 मार्च से पहले एक स्थिति रिपोर्ट दाखिल करने को कहा है। पीठ शिशु के पिता की याचिका पर सुनवाई कर रही है, जिसमें बच्चे की मौत पर 50 लाख रुपये का मुआवजा मांगा गया है। पीठ ने कहा कि पुलिस क्षेत्र में रखे गए पालतू जानवरों की प्रकृति के संबंध में जांच करे। यह भी कहा गया कि क्षेत्र में एक पिटबुल भी है, उसकी भी जांच करें। स्थिति रिपोर्ट मंगलवार तक दाखिल की जाए। पीठ ने पुलिस से यह भी पता लगाने को कहा कि जहां घटना हुई,

वहां आसपास के घरों में कोई पालतू कुत्ता था या नहीं। पीठ ने कहा कि वह सिर्फ पास के घर में रखे गए एक खूंखार कुत्ते की आशंका को खारिज करने के लिए जानकारी मांग रहे हैं, जो बच्चे पर हमला कर सकता था। इस मामले में पक्षकार बनने की मांग कर रहे एक एनजीओ का प्रतिनिधित्व करने वाले वकील में से एक ने दावा किया कि इलाके में एक पिटबुल है। पीठ ने कहा कि अगर किसी बच्चे पर हमला हुआ तो सवाल यह है कि दिन के समय भी किसी ने ध्यान नहीं दिया। कोर्ट ने नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी), शहर सरकार और पुलिस को नोटिस जारी किया था। इन लोगों से उठाए गए कदमों के संबंध में स्थिति रिपोर्ट मांगी थी कि ऐसी घटनाएं दोबारा न हों। दावा है कि बच्ची घर के बाहर बैठी थी। इसी दौरान चार से पांच कुत्तों ने उस पर हमला किया और उसे कई मीटर तक घसीटा। इसके बाद नोचकर मार डाला था। दिल्ली के उप राज्यपाल और मेयर से आवारा कुत्तों पर लगाम लगाने की मांग की गई है। कांग्रेस नेता हरी किशन जिंदल ने बताया कि सड़कों और गलियों में आवारा घूम रहे कुत्तों के काटे जाने से जान का खतरा बना रहता है। इनके आतंक से लोग गली-मोहल्ले में निकलने से भी घबराने लगे हैं। ऐसे में आवारा कुत्तों के लिए बाड़ा बनाया जाना चाहिए, ताकि इनके खतरे से लोगों को बचाया जा सके।

रूसी राष्ट्रपति के लिए केरल में हुआ मतदान, लोगों ने जमकर डाला वोट

तिरुअनंतपुरम, एजेंसी।
रूस में इस समय राष्ट्रपति चुनाव के लिए मतदान हो रहा है। देश और दुनिया भर में रूसी लोग अपने मतदान का इस्तेमाल कर रहे हैं। भारत में भी रूसी इलेक्शन के लिए मतदान हो रहा है। भारत के केरल में भी रूसी इल्केशन के लिए मतदान हुआ। बताया जा रहा है कि इन चुनावों में व्लादिमीर पुतिन का जीतना लगभग तय है।

केरल में रहने वाले रूसी नागरिकों ने रूसी राष्ट्रपति चुनाव के लिए तिरुवनंतपुरम में मतदान किया। उन्होंने यहां रशियन हाउस में स्थित रूसी संघ के मानद वाणिज्य दूतावास में विशेष रूप से व्यवस्थित बूथ पर अपना वोट डाला। रूस के मानद वाणिज्य दूत और तिरुवनंतपुरम में रूसी हाउस के निदेशक रथीश नायर ने कहा कि उन्होंने तीसरी बार रूसी राष्ट्रपति चुनाव के लिए मतदान की व्यवस्था की है। उन्होंने केरल में मतदान प्रक्रिया में सहयोग के लिए रूसी नागरिकों का आभार व्यक्त किया।

एएनआई के साथ एक इंटरव्यू में, रथीश नायर ने कहा, यह तीसरी बार है जब रूसी संघ का वाणिज्य दूतावास रूसी राष्ट्रपति चुनावों के लिए मतदान की मेजबानी कर रहा है। यह यहां रहने वाले रूसी लोगों और पर्यटकों के लिए है। हमें रूसी संघ के केंद्रीय चुनाव आयोग के साथ जुड़कर खुशी हो रही है। मैं अपने नए राष्ट्रपति के चुनाव की प्रक्रिया में वोट डालने के लिए उनके सहयोग और उत्साह के लिए केरल में रूसी नागरिकों का बहुत आभारी हूं।

चेन्नई में वरिष्ठ महावाणिज्य दूत सर्गेई अजुरोव ने कहा, हम राष्ट्रपति चुनाव के प्रारंभिक मतदान का आयोजन कर रहे हैं। हम यहां भारत में रहने वाले रूसी संघ के नागरिकों के लिए एक अवसर प्रदान करने के लिए हैं। रूसी नागरिक उलिया ने कहा कि वह राष्ट्रपति चुनाव में वोट डालने का अवसर प्रदान करने के लिए रूसी सदन और भारत में महावाणिज्य दूतावास के आभारी हैं।

बता दें कि रूसी लोग 15-17 मार्च, 2024 के बीच राष्ट्रपति चुनाव में मतदान करेंगे, और व्लादिमीर पुतिन को एक आरामदायक जीत दिलाने की पूरी गारंटी है, जिससे उनके लिए कम से कम 2030 तक सत्ता में बने रहने का मार्ग प्रशस्त होगा। पुतिन (71) निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ रहे हैं, लेकिन रूस की राजनीतिक व्यवस्था पर उनका पूरा नियंत्रण है, जिसे उन्होंने 24 साल की अपनी सत्ता में स्थापित किया है। पुतिन को चुनौती दे सकने वाले उनके प्रमुख आलोचक या तो जेल में हैं या विदेश में रह रहे हैं। देश में स्वतंत्र मीडिया पर मुख्य रूप से प्रतिबंध है। ऐसे में 15 मार्च से 17 मार्च के बीच होने वाले चुनाव में पुतिन की जीत निश्चित लग रही है।

पुतिन ने 2012 में 'यूनाइटेड रशिया' पार्टी के उम्मीदवार के तौर पर चुनाव लड़ा था लेकिन 2018 में वे निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर चुनावी मैदान में उतरे थे। पुतिन की लोकप्रियता की रेटिंग लगभग 80 प्रतिशत है और वह 'यूनाइटेड रशिया' की तुलना में कहीं अधिक लोकप्रिय हैं। केंद्रीय निर्वाचन आयोग ने रूस के सभी 89 क्षेत्रों से पुतिन के अभियान द्वारा एकत्र किए गए 3,15,000 हस्ताक्षरों की समीक्षा के बाद राष्ट्रपति को उम्मीदवार के तौर पर औपचारिक मान्यता दे दी। रूसी चुनाव कानून के अनुसार, कम से कम 300,000 हस्ताक्षर के बाद ही स्वतंत्र उम्मीदवारों का नाम मतपत्र पर आ सकता है।

छत्तीसगढ़ में सिर्फ भाजपा नेताओं को स्पेशल सुरक्षा क्यों- दीपक बैज

रायपुर, एजेंसी। छत्तीसगढ़ में लोकसभा चुनाव से ठीक पहले नक्सल प्रभावित इलाका बस्तर संभाग के भारतीय जनता पार्टी के नेताओं को प्रदेश सरकार ने विशेष सुरक्षा प्रदान की है। भाजपा नेताओं को प्रदेश सरकार के द्वारा दी गई सुरक्षा को लेकर अब कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने इस पर सवाल खड़ा किया है। प्रदेश अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से सवाल करते हुए यह कहा है कि क्या छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित इलाकों में सिर्फ भारतीय जनता पार्टी के नेता सुरक्षित नहीं है। उन्होंने कहा कि हमारे कांग्रेस पार्टी के नेता भी नक्सलियों के टारगेट में है, ऐसे में उन्हें अब तक क्यों सुरक्षा नहीं दी गई है।

कांग्रेस पार्टी ने भारतीय जनता पार्टी पर दोहरी राजनीति करने का आरोप लगाते हुए कांग्रेस पार्टी के नेताओं की सुरक्षा में लगे जवानों को वापस लेने का आरोप लगाया है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि छत्तीसगढ़ में क्या कांग्रेस पार्टी के नेता नक्सलियों के टारगेट में नहीं है। झीरमघाटी हत्याकांड का उदाहरण देते हुए दीपक बैज ने कहा कि यह पूरा देश जानता है कि कांग्रेस पार्टी के कई दिग्गज नेताओं समेत 32 लोगों की हत्या की गई थी। उसके बाद भी अब तक भारतीय जनता पार्टी सबक नहीं सीख पाई है। सिर्फ भाजपा नेताओं को सुरक्षा देना और कांग्रेस नेताओं की सुरक्षा को छीनना प्रदेश सरकार की मानसिकता को साफ दिखता है। दीपक बैज ने कहा कि अगर प्रदेश में कांग्रेस पार्टी के नेताओं को कुछ भी हुआ तो उसकी जिम्मेदार सिर्फ भारतीय जनता पार्टी और उनकी सरकार होगी।

यूपी में का बा गाने वाली नेहा सिंह राठौर को टिकट देगी कांग्रेस! दिल्ली में मनोज तिवारी से मुकाबला; लग रहीं अटकलें

नईदिल्ली, एजेंसी। दिल्ली की सात लोकसभा सीटों पर भारतीय जनता पार्टी ने अपने प्रत्याशियों का ऐलान कर दिया है। पिछले लोकसभा चुनावों में बीजेपी ने सातों सीटों पर जीत दर्ज की थी। आगामी लोकसभा चुनावों के लिए बीजेपी ने 7 में से 6 सांसदों के टिकट काट दिए हैं। बीजेपी ने सिर्फ मनोज तिवारी को रिपीट किया है। भाजपा ने उनपर तीसरी बार भरोसा जताया है। अब ऐसी अटकलें लगाई जा रही हैं कि कांग्रेस मनोज तिवारी के खिलाफ यूपी में का बा गाने वाली युवा लोकगायिका नेहा सिंह राठौर को उत्तर-पूर्वी दिल्ली से टिकट दे सकती है।

दिल्ली की नॉर्थ-ईस्ट लोकसभा सीट पर भाजपा ने मनोज तिवारी को लोकसभा प्रत्याशी बनाया है। कांग्रेस ने आम आदमी पार्टी के साथ गठबंधन बनाया है। दोनों पार्टियों ने दिल्ली में 4:3 के फॉर्मूले पर सीट शेयरिंग की है। ऐसे में नॉर्थ-ईस्ट दिल्ली लोकसभा सीट भी कांग्रेस के हिस्से में आई है। अब ऐसी अटकलें लगाई जा रही हैं कि कांग्रेस इस सीट से युवा लोकगायिका नेहा सिंह राठौर को प्रत्याशी बना सकती है। यदि कांग्रेस इस सीट से नेहा सिंह राठौर को प्रत्याशी बनाती है तो मुकाबला गायक बनाम गायक हो जाएगा। हालांकि, अभी तक कांग्रेस ने इन तीनों ही सीटों पर अपना प्रत्याशी घोषित नहीं किया है।

नेहा सिंह राठौर लोकगायिका हैं। वो जनता के मुद्दों पर गीत लिखती और गाती हैं। इस दौरान वो अपने गीतों के माध्यम से कई बार केंद्र सरकार और राज्य सरकारों को घेरती हुई दिखाई देती हैं। नेहा भोजपुरी में गीत लिखकर लोगों का मनोरंजन करती हैं।

पश्चिमी यूपी में मुस्लिम बहुल सीटों पर भाजपा को मात देने को विपक्ष बन रहा प्लान

मुजफ्फरनगर, एजेंसी।
पश्चिमी उत्तर प्रदेश में ज्यादातर मुस्लिम बाहुल्य लोकसभा सीटों पर एक बार फिर जीत का परचम लहराने को तैयार भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) को मात देने के लिए इंडिया गठबंधन और बहुजन समाज पार्टी (बसपा) रणनीति तैयार करने में जुट गए हैं। यह परंपरा चला आ रही है कि जहां-जहां मुस्लिम वोट 30 से 50 फीसद तक हैं वहां हिंदू मतदाताओं में जबरदस्त ध्रुवीकरण होने के कारण भाजपा मैदान मारती रही है। पिछले चुनावों पर नजर डालते हैं तो पता चलता है कि कभी पश्चिमी उत्तर प्रदेश में मुस्लिम-दलित और कभी मुस्लिम-जाट समीकरण फायदेमंद रहे हैं।

2013 में मुजफ्फरनगर के जाट-मुस्लिम समीकरणों के ध्वस्त होने का फायदा 2014 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने भरपूर उठाया था। लेकिन 2019 के लोकसभा चुनाव में सपा-बसपा गठबंधन ने पश्चिमी उत्तर प्रदेश की मुस्लिम बहुल सीटों पर दलित-मुस्लिम समीकरण भाजपा की हिंदुत्व लहर पर भारी पड़े और भाजपा को आश्चर्यजनक रूप से लोकसभा की 10 सीटों पर हार का मुंह देखना पड़ा। इनमें 39 फीसद मुस्लिम मतदाताओं वाली सहारनपुर लोकसभा सीट पर बसपा उम्मीदवार फजर्लुरहमान कुरैशी ने भाजपा के राघव लखनपाल शर्मा को 20 हजार से ज्यादा मतों से मात दी थी। पश्चिमी उत्तर प्रदेश की बिजनौर, नगीना सुरक्षित, मुरादाबाद, रामपुर स्टेट और संभल जहां 41 से 50 फीसद मुस्लिम वोटर हैं। ये सीटें भी भाजपा 2019 के लोकसभा चुनाव में सपा-बसपा गठबंधन से हार गई थी। बाद में उपचुनाव में भाजपा रामपुर सीट जीत गई थी।

पश्चिमी उत्तर प्रदेश की सहारनपुर, कैराना, मुजफ्फरनगर, अमरोहा, मेरठ, आंवला बरेली सीटों पर 31 से 40 फीसद मुस्लिम वोटर हैं।

11 मार्च को लिखा नोट, 14 को पत्नी-बेटी की हत्या करके सुसाइड किया; कारोबारी ने बताई खौफनाक कदम की वजह

नईदिल्ली, एजेंसी।
गाजियाबाद के महेंद्रा एन्क्लेव में दंपति ने पेपर कटर से इकलौते बेटे की हत्या कर दी। इसके बाद पति ने पत्नी का गला काटा और फिर अपनी गर्दन भी रेत डाली। घटना में पत्नी और बेटे की मौत हो गई, जबकि कारोबारी की हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस को मौके से सुसाइड नोट मिला, जिसमें कर्ज से परेशान होकर घटना को अंजाम देने की बात लिखी है। पुलिस के मुताबिक अमरदीप हिमाचल के कांगड़ा में पर्स और गिफ्ट आदि सामान का स्टोर चलाते हैं। अमरदीप उर्फ अप्पू ने परिवार के खात्मे की योजना कुछ दिन पहले ही बना ली थी। 11 मार्च को डायरी में लिखा गया सुसाइड नोट इसका प्रमाण है। कारोबारी ने सुसाइड नोट में लिखा कि वह नहीं चाहता कि पत्नी और बेटा दर-दर की ठोकरें खाएं, इसलिए उन्हें साथ लिए जा रहा हूं। सुसाइड नोट में अमरदीप ने भगवान ने कामना की थी कि पत्नी और बेटे को मुक्ति दें और उसकी आत्मा पृथ्वी पर भटकती रहे। उसने ढाई पन्ने के सुसाइड नोट में लिखा कि वह पूरे होश में जीवन समाप्त करने जा रहा है। उसकी मौत के बाद पत्नी और बेटे का

कोई सहारा नहीं है। वह दर-दर की ठोकरें न खाएं, इसलिए उन्हें साथ लेकर जा रहा हूं। इसके लिए कोई जिम्मेदार नहीं है। वह नहीं चाहता कि भविष्य में उसकी वजह से किसी को नुकसान हो। वह भाई-बहनों में सबसे बड़ा है, लेकिन आज तक बड़े होने का फर्ज नहीं निभा सका। मां-बाप को बर्बादी के सिवा कुछ नहीं दिया। उनके जाने के बाद अब भाई-बहनों को परेशान कर रहा हूं। कारोबारी ने लिखा कि उसके ऊपर इतना कर्जा हो चुका है कि उसे उतारने में पूरा जीवन कम पड़ जाएगा। अमरदीप ने सुसाइड नोट में लिखा कि उसने मकान पर लोन के लिए आवेदन किया। लोन स्वीकृत हो गया और भाई-बहन से पूछे बिना दस्तावेज दे दिए। उम्मीद थी कि भाई-बहन मान जाएंगे, लेकिन उन्होंने मना कर दिया तो हिम्मत टूट गई। कारोबारी ने भाई को लिखा कि सिरोही जी से बात करके मकान के कागज वापस ले लेना। अमरदीप ने सुसाइड नोट में लिखा कि आज तक उसने रायता ही फैलाया।

आरएनआई रजिस्ट्रेशन : जेएचएएचआईएन/2007/24306, समाचार पत्र के स्वामी,प्रकाशक,मुद्रक सुमन कुमार द्वारा शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड,काठीटांड़,नियर टैंडर बगीचा,रातू,रांची(झारखंड)-835222 से मुद्रित एवं एच. आई.- 67,हरमू हाउसिंग कॉलोनी रांची (झारखंड)- 834002 से प्रकाशित,संपादकः सुमन कुमार। संपर्क नं. 9470578773,संपर्क नं. (का.) 0651-7960613,फैक्स नं. 0651- 7960613, ईमेलः purvanchalsurya@yahoo.co.in / purvanchalsurya0@gmail.com लेखकों द्वारा व्यक्त किए गए विचारों से संपादक की सहमति अनिवार्य नहीं है। न्यायालय से संबंधित सभी मामले रांची से ही निबटाये जाएंगे। (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार)